

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorcha.com | लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित | जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 अंक : 63 | बुधवार 15 अप्रैल 2026 | बैशाख कृष्ण त्रयोदशी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया


# पाकिस्तान में वार्ता विफल के बाद ट्रंप ने पीएम मोदी से फोन पर की बात

**एजेंसी समाचार**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के बीच 40 मिनट तक फोन पर बातचीत हुई। इस साल उनकी तीसरी कॉल थी। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग और वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा की। आइए, विस्तार से जानते हैं कि पीएम मोदी और ट्रंप के बीच किन-किन मुद्दों पर चर्चा हुई।

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच 40 मिनट तक फोन पर बातचीत हुई। इस साल दोनों नेताओं के बीच यह तीसरी फोन कॉल थी। इससे पहले मार्च के अंत में पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत हुई थी। दोनों नेताओं ने होर्मुज के बंद होने पर चिंता जताई थी। इस वार्ता के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा था कि मुझे राष्ट्रपति ट्रंप का फोन आया और पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा हुई। भारत तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन करता है। होर्मुज का खुला, सुरक्षित और सुलभ रहना पूरी दुनिया के लिए आवश्यक है। हमने शांति और स्थिरता के प्रयासों के संबंध में संपर्क में रहने पर सहमति जताई।



पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मुझे मेरे मित्र अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का फोन आया। हमने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग में हुई महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा की। हम सभी क्षेत्रों में अपनी व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा की और होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला और सुरक्षित बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया।

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने पीएम मोदी के एक्स वाले पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अंग्रेजी में लिखा कि यह बातचीत बहुत ही सकारात्मक और सार्थक रही।

बता दें, हाल ही में ईरान-यूएस के बीच इस्लामाबाद में स्थाई शांति को लेकर की चर्चा बेनतीजा रही थी। इसके बाद से ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने होर्मुज स्ट्रेट में नाकेबंदी की बात कही। होर्मुज पर ईरान की दावेदारी और अमेरिकी की कथित नाकेबंदी के बीच दुनिया इस मुद्दे को लेकर गंभीर है।

वहीं, आज फ्रांस-यूके ने जल्द ऑनलाइन बैठक का आयोजन करने की भी घोषणा की थी। इस बैठक में होर्मुज का रास्ता सुगम बनाने को लेकर मंत्रणा होगी। वर्चुअल बैठक इस महीने की शुरूआत में यूनाइटेड किंगडम की अगुवाई में 40 से अधिक देशों के मंत्रियों की हुई बैठक का अगला चरण मानी जा रही है। उस बैठक में उस अहम समुद्री चोकपॉइंट पर चर्चा हुई थी, जहां हजारों जहाज और उनके चालक दल फंसे हुए हैं।

# बंगाल में नहीं बनने देंगे बाबरी मस्जिद

## अमित शाह की दो टूक; कबीर और ममता पर साधा निशाना

**एजेंसी समाचार**

**मुंबई।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक बार फिर धार्मिक मुद्दे ने जोर पकड़ लिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मालदा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए बाबरी मस्जिद जैसे ढांचे के प्रस्ताव पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने साफ कहा कि बंगाल में ऐसी किसी भी संरचना को बनने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने नवगठित आम जनता उन्नयन पार्टी के प्रमुख हुमायूं कबीर को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का एजेंट करार दिया।

अमित शाह ने सीधे तौर पर हुमायूं कबीर और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह भारत है और यहां कोई भी व्यक्ति बाबरी मस्जिद जैसा ढांचा नहीं बना सकता। उन्होंने यह भी दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनावों के बाद राज्य में सत्ता परिवर्तन होगा और भाजपा ऐसी योजनाओं पर रोक लगाएगी। अमित शाह ने आरोप लगाया कि कबीर, ममता बनर्जी के इशारे पर काम कर रहे हैं और दोनों की सोच एक जैसी है। उन्होंने यह भी कहा कि ममता बनर्जी और उनके सहयोगियों का यह सपना चुनाव परिणाम आने के



बाद टूट जाएगा।

गजोले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा 'ममता दीदी और हुमायूं कबीर मुझे ध्यान से सुनें। यह भारत है और यहां कोई भी सलीकेदार आदमी बाबरी मस्जिद नहीं बना सकता।' उन्होंने आगे कहा हुमायूं कबीर अपने कान खोलकर सुनें जब मैं कहता हूं कि भाजपा मस्जिद के निर्माण की अनुमति नहीं देगी। ममता बनर्जी और उनके भतीजे को भी पता होना चाहिए कि 5 मई को मस्जिद बनाने के उनके सपने चकनाचूर हो जाएंगे।

दरअसल, हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा क्षेत्र में बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक मस्जिद बनाने का प्रस्ताव रखा था। यह मुद्दा तब और विवादित हो गया जब 6 दिसंबर को, बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी पर, इस परियोजना की नींव रखी गई। बताया जा रहा है कि यह मस्जिद करीब 8 एकड़ निजी जमीन पर 86 करोड़ रुपये की लागत से बनाई जा रही है।

वहीं, इस मुद्दे को लेकर सियासी आरोप-प्रत्यारोप भी तेज हो गए हैं। एक वायरल वीडियो के जरिए टीएमसी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए, जिसमें कथित तौर पर कबीर और भाजपा नेताओं के बीच समझौते की बात कही गई। हालांकि, इस वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं हो सकी है। अमित शाह ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि भाजपा किसी भी हालत में हुमायूं कबीर के साथ नहीं जाएगी, भले ही उसे लंबे समय तक विपक्ष में बैठना पड़े।

### बिहार में भाजपा राज

# सम्राट चौधरी होंगे नए मुख्यमंत्री, चुने गए बीजेपी विधायक दल के नेता

**एजेंसी न्यूज**

**पटना।** बिहार में मंगलवार को सम्राट चौधरी को सर्वसम्मति से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक दल का नेता चुना गया। इसके साथ ही स्पष्ट हो गया है कि बिहार में बनने वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की नयी सरकार में सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री के रूप में कमान संभालेंगे।



पटना स्थित भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित बैठक के समापन के बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि निवर्तमान उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सम्राट चौधरी के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन निवर्तमान मंत्री दिलीप जायसवाल और मंगल पांडेय ने किया।

विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त चौहान ने बताया कि इसके बाद उपस्थित सभी विधायकों ने सर्वसम्मति से चौधरी को अपना नेता चुन लिया। अब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन विधायक दल की बैठक होगी जिसमें चौधरी के नाम पर औपचारिक मुहर लगेगी। तारापुर से भारतीय जनता पार्टी के विधायक चौधरी ने नेता चुने जाने पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय लोक मोर्चा (फ्छट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के लिए ट्वीट कर लिखा नयी जवाबदेही के लिए श्री सम्राट चौधरी जी को बहुत-बहुत बधाई और ढ़ेरों शुभकामनाएं।

# लखीमपुर खीरी में आंबेडकर जयंती पर बवाल

## उग्र भीड़ ने पलटी मजिस्ट्रेट की गाड़ी, पथराव में कई पुलिसकर्मी व ग्रामीण घायल, गांव में भारी फोर्स तैनात

**एजेंसी न्यूज**

**बांकेगंज (लखीमपुर खीरी)।** थाना मैलानी क्षेत्र के मोतीपुर गांव में विवादित जमीन पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर मंगलवार शाम बड़ा बवाल हो गया। देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप ले लिया और पुलिस पर पथराव, वाहनों में तोड़फोड़ व आगजनी की घटनाएं सामने आईं। हालात बिगड़ने पर पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा, इस दौरान 20 पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। डीएम-एसी ने मौके पर पहुंचकर हालातों का जायजा लिया।

गांव मोतीपुर में गुरुद्वारे के सामने स्थित ग्राम पंचायत की खाद गड्ढा भूमि को लेकर पहले से विवाद चल रहा है, जो न्यायालय में विचाराधीन है। इसी बीच अंबेडकर जयंती के अवसर पर कुछ लोगों ने उक्त जमीन पर प्रतिमा स्थापित करने का प्रयास किया, जिससे तनाव बढ़ गया। मौके पर पहुंचे बांकेगंज चौकी प्रभारी संतोष तिवारी ने प्रतिमा हटवाने की कोशिश की, जिस पर कुछ लोग उग्र हो गए और धक्का-



मुक्की शुरू कर दी। इस दौरान चौकी प्रभारी का बिल्ला भी फट गया।

सूचना पर क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी और अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) भी पहुंचे, लेकिन भीड़ शांत नहीं हुई। आक्रोशित भीड़ ने पुलिस पर हमला कर दिया और हाथापाई करते हुए पथराव करने लगी। मजिस्ट्रेट की गाड़ी समेत कई वाहनों को पलट दिया। एक कार को आग के हवाले कर दिया गया, जबकि कई अन्य वाहनों में तोड़फोड़ की गई। हालात नियंत्रण से बाहर होते देख पुलिस को पीछे हटना पड़ा। हालात बेहद खराब होने पर बड़ी संख्या में पुलिस और पीएसी को मौके पर भेजा गया।

पीएसी ने लाठीचार्ज कर किसी तरह से उपद्रवियों को खदेड़ कर हालातों को नियंत्रित किया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने मौके पर पहुंचकर हालातों का जायजा लिया। पुलिस कस्बे में पैदल मार्च कर रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने प्रतिमा हटाकर आस्था को ठेस पहुंचाई, जबकि पुलिस का कहना है कि जमीन विवादित होने के कारण यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश थे।

इसी को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। हंगामे के दौरान करीब सात चौपहिया वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया और एक दुकान में भी तोड़फोड़ की गई। घटना में 20 पुलिसकर्मी और कई ग्रामीण घायल हुए हैं। सूचना पर एसडीएम प्रतिभा त्रिपाठी और तहसीलदार भीमचंद मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

### सूरज दिखाने लगा तेवर

# राजधानी में मंगलवार रहा सीजन का सबसे गर्म दिन

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आने वाले दिनों में गर्मी का असर लगातार बढ़ता नजर आएगा। मौसम विभाग के अनुसार, 15 अप्रैल को



अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री और न्यूनतम 19 से 21 डिग्री के बीच रहने की संभावना है, जबकि आसमान ज्यादातर साफ रहेगा।

दिल्ली में खुशनुमा मौसम का दौर अब खत्म हो गया है। ऐसे में हाल ही के दिनों में सूरज अपने तेवर दिखा रहा है। इसके चलते मौजूदा समय में लोग पसीने से तरबतर दिखाई देने लगे है। इसी बीच मंगलवार का दिन इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। हालांकि, फरवरी और मार्च के महीनों में दिन का तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के पास जरूर पहुंचा था।

मंगलवार को दिनभर तेज धूप के चलते लोगों को गर्मी का अहसास हुआ। इस दौरान लोग पसीने से तरबतर दिखाई दिए। सुबह से ही निकल रही तेज धूप ने लोगों को खासा परेशान किया हुआ था। इस दौरान अधिकतम तापमान 38.2 और न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री दर्ज हुआ। दिल्ली में अधिकतम आर्द्रता 73 प्रतिशत और न्यूनतम आर्द्रता 20 प्रतिशत रही।

### इकोनॉमिक कॉरिडोर को मुख्यमंत्री योगी ने बताया "गेमचेंजर", कहा-

# पश्चिम यूपी के विकास को मिलेगी नई फ्तार

**एजेंसी समाचार**

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली-बागपत-सहारनपुर-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए "गेमचेंजर" बताते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में कनेक्टिविटी, उद्योग और रोजगार के नए अवसर तेजी से बढ़ेंगे। उन्होंने इस परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और इसे प्रदेश के विकास का ऐतिहासिक कदम बताया।

सीएम योगी ने कहा कि यह इकोनॉमिक कॉरिडोर पश्चिम यूपी के लिए विकास की रीढ़ साबित होगा। इससे सहारनपुर के वुडवर्क, मेरठ के स्पोर्ट्स गुड्स और किसानों के कृषि उत्पादों को राष्ट्रीय राजधानी के जरिए वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ और बागपत जैसे जिलों के उत्पादों को इस कॉरिडोर से बड़ा बाजार मिलेगा। गन्ना, फल-सब्जी और अन्य कृषि उत्पादों को बेहतर कीमत मिलने के साथ ही क्षेत्र में निवेश और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि "डबल इंजन" सरकार के तहत उत्तर प्रदेश, दिल्ली और उत्तराखंड



में बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। सहारनपुर में विश्वविद्यालय, एयरपोर्ट और जेवर फिल्म सिटी जैसी परियोजनाएं इसका उदाहरण हैं।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय के प्रतीक महापुरुषों के सम्मान में सरकार विशेष कार्य करेगी और जहां आवश्यक होगा वहां मूर्तियों के संरक्षण के लिए धन उपलब्ध कराया जाएगा। योगी ने बिना नाम लिए विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग समाज को बांटने का काम करते हैं, वे विकास नहीं कर सकते।

उन्होंने कहा कि विकास, सुशासन और सेवा के मॉडल पर ही प्रदेश आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहारनपुर, मेरठ और बागपत में इंडस्ट्रियल और हाउसिंग क्लस्टर विकसित किए जाएंगे, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा। साथ ही गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़ाव के जरिए उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

# नोएडा में न्यूनतम वेतन वृद्धि की घोषणा के बाद भी श्रमिकों का प्रदर्शन जारी, अब तक 300 लोग गिरफ्तार

**एजेंसी समाचार**

**नोएडा।** न्यूनतम वेतन बढ़ोतरी की घोषणा के बाद भी नोएडा में श्रमिकों का आंदोलन मंगलवार को भी जारी रहा जहां कुछ इलाकों में पथराव और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आईं, जबकि कई औद्योगिक क्षेत्रों में कारखानों के बाहर धरना-प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इससे पहले, गौतमबुद्ध नगर की पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि श्रमिकों के हिंसक प्रदर्शन के सिलसिले में अब तक 300 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है और सात प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।

तनावपूर्ण माहौल के बीच अधिकांश औद्योगिक इकाइयों में कामकाज ठप रहा और करीब 80 प्रतिशत उद्योगपतियों ने एहतियातन अपनी इकाइयां बंद रखीं। शहर की क्लियो काउंटी सोसाइटी के पास मंगलवार को प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। इस दौरान पुलिस पर भी हमला किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। सेक्टर-



80 में भी प्रदर्शनकारियों का रुख उग्र रहा, हालांकि पुलिस ने हालात पर काबू पा लिया।

अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-70 में उपद्रव के आरोप में 15 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) राजीव नारायण मिश्र ने कहा, "छिटपुट घटनाओं को छोड़कर स्थिति नियंत्रण में है। सरकार द्वारा वेतन वृद्धि और अन्य मांगों पर निर्णय लिए जाने के बाद श्रमिक शांतिपूर्वक काम पर लौट गए हैं।"

पुलिस आयुक्त ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुबह से ही लगातार मार्च निकाले जा रहे हैं। उन्होंने कहा, "सुबह 5:00 बजे से लगातार मार्च निकाले जा रहे हैं। आज सुबह श्रमिक तीन स्थानों पर इकट्ठा हुए; तत्काल संवाद के बाद उन्हें मात्र 15 मिनट के भीतर शांतिपूर्वक तरीके से हटा दिया गया।" पुलिस आयुक्त ने कहा, "पिछले दो दिन में कई व्हॉट्सऐप समूह बनाए गए हैं, जिनके माध्यम से क्यूआर कोड स्कैन करके श्रमिकों को जोड़ा जा रहा है। इससे संकेत मिलता है कि इन गतिविधियों के पीछे एक संगठित और सुनियोजित नेटवर्क सक्रिय है।"

सिंह ने कहा कि अशांति फैलाने में शामिल व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है और कार्रवाई जारी है। उन्होंने कहा, "भीड़ में शामिल ऐसे तत्वों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है; भविष्य में भी गिरफ्तारियां की जाएंगी। उनके वित्तीय स्त्रोतों की भी जांच की जाएगी। यदि यह पाया जाता है कि उन्हें राज्य या देश के बाहर से आर्थिक सहायता मिली है, तो इस संबंध में भी उचित कार्रवाई की जाएगी।"

सिंह ने बताया कि सोमवार को विभिन्न स्थानों से सामने आई घटनाओं के संबंध में सात प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और 300 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा, "आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।" स्थिति को सुलझाने के प्रयासों के संदर्भ में पुलिस आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गठित उच्च-स्तरीय समिति हितधारकों के साथ चर्चा कर रही है।

उन्होंने कहा, "कल से यहां मौजूद उच्च-स्तरीय समिति ने सभी हितधारकों के साथ विस्तृत और लंबी बैठकें की हैं तथा कुछ सिफारिशें की हैं।" सिंह ने कहा कि सरकार श्रमिकों की चिंताओं के प्रति संवेदनशील है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, "उत्तर प्रदेश सरकार श्रमिकों की शिकायतों को समझती है, उनकी स्थिति के प्रति सहानुभूति रखती है और उनके सभी मुद्दों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।"

# हनुमान प्रकटोत्सव पर उमड़ा आस्था का सैलाब, संकट मोचन मंदिर में 30वां भंडारा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** श्री हनुमान प्रकटोत्सव के अवसर पर मंगलवार को शहर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। पटेल चौक स्थित संकट मोचन बूढ़ा महादेव मंदिर में 30वें विशाल भंडारे का आयोजन धूमधाम से किया गया, जहां सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। भंडारे के साथ-साथ मंदिर परिसर में भक्ति कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। भजन-कीर्तन और हनुमान चालीसा के पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ भगवान हनुमान के जयकारे लगाते नजर आए। आयोजन में शामिल संतों और गुरुदेव के सानिध्य ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। आयोजक प्रकाश कुमार ने बताया कि यह भंडारा पिछले 30 वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव शुशांत तोमर के मार्गदर्शन में यह परंपरा आज भी पूरी श्रद्धा और सेवा भाव के साथ निभाई जा रही है। हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और भगवान हनुमान का आशीर्वाद लिया।

दोपहर तक मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। भंडारे में आने वाले सभी लोगों के लिए प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई थी। आयोजन समिति के सदस्यों ने व्यवस्था को सुचारू रूप से संभालते हुए श्रद्धालुओं की सेवा में कोई कमी नहीं आने दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आयोजकों ने सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# होटल-ढाबों में घरेलू गैस का खेल होगा बंद

## कारोबारियों की कुंडली बना रहा पूर्ति विभाग, दर्ज होगी रिपोर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** जिले में रेस्टोरेंट, ढाबा, होटल, मैरिज हॉल और मिठाई की दुकानों में घरेलू एलपीजी सिलिंडर के इस्तेमाल पर अब सख्ती बढ़ा दी गई है। जिला पूर्ति विभाग ने साफ कर दिया है कि नियमों को तोड़ने वालों पर अब सीधे मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। विभाग के इस फैसले से कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान घरेलू गैस सिलिंडरों का उपयोग कर रहे हैं। कुछ जगहों पर बिना वैध अनुमति के कमर्शियल सिलिंडर भी इस्तेमाल किए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह पूरी तरह नियमों के खिलाफ है और पकड़े जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई तय है।

विभाग के अनुसार घरेलू एलपीजी का व्यावसायिक उपयोग आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 का सीधा उल्लंघन है।

ऐसे मामलों में धारा 3/7 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। इस कानून के तहत दोषी पाए जाने पर प्रतिष्ठान मालिक के साथ-साथ आयोजन कराने वाले व्यक्ति को भी कार्रवाई के दायरे में लाया जा सकता है। पूर्ति विभाग ने साफ कर दिया है कि यदि किसी मैरिज हॉल या बारातघर में घरेलू या अवैध सिलिंडर का उपयोग पाया गया, तो सिर्फ संचालक ही नहीं, बल्कि बुकिंग कराने वाले व्यक्ति के खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है। यह चेतावनी खास तौर पर शादी-विवाह के सीजन को देखते हुए जारी की गई है।

### जिले भर में शुरू होंगे औचक निरीक्षण

जिला पूर्ति कार्यालय ने सभी पूर्ति निरीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे जिले भर में औचक निरीक्षण करें। होटल, ढाबा, मिठाई की दुकानों और मैरिज हॉल की सघन जांच की जाएगी। कहीं भी नियमों का उल्लंघन मिला तो तुरंत कार्रवाई की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने व्यापारियों और आम लोगों से अपील की है कि वे केवल वैध व्यावसायिक गैस सिलिंडरों का ही उपयोग करें। इससे न सिर्फ कानूनी कार्रवाई से बचा जा सकेगा, बल्कि सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

# कॉल पर धमकी, मिलने बुलाकर युवती से छेड़छाड़, आरोपी फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर में एक प्रतिष्ठित मोबाइल कंपनी के शोरूम में काम करने वाली युवती को कई दिनों से फोन पर अश्लील बातें और धमकियां देने वाले युवक ने मिलने के बहाने बुलाकर उसके साथ छेड़छाड़ कर दी। घटना के बाद मौके पर पहुंचे युवती के भाई और लोगों ने आरोपी की पिटाई कर दी, लेकिन वह भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती ने बताया कि साहिल उर्फ संजू नाम का युवक पिछले करीब आठ दिनों से लगातार कॉल और मैसेज कर उसे परेशान कर रहा था। शुरू में उसने मदद के बहाने बात की, लेकिन जल्द ही उसका व्यवहार बदल गया और वह मिलने का दबाव बनाने लगा।

### नहीं मिली तो जिंदगी बर्बाद कर दूंगा

युवती के मुताबिक आरोपी ने धमकी दी कि अगर वह मिलने नहीं आई तो उसकी जिंदगी खराब कर देगा। डर के चलते युवती मंगलवार को गांधी उद्यान में उससे मिलने पहुंची। यहां आरोपी ने उसे कैंट चलने को कहा और जबरन ले जाने की कोशिश करते हुए छेड़खानी शुरू कर दी। युवती ने पहले ही अपने भाई को सूचना दे दी थी। मौके पर मौजूद भाई ने आरोपी की हरकतों की रिकॉर्डिंग कर ली। इसके बाद आसपास के लोगों की मदद से आरोपी को पकड़ लिया गया और उसकी जमकर पिटाई की गई, लेकिन हंगामे के बीच वह भाग निकला।

### मदद के बहाने मिला था नंबर

जांच में सामने आया कि आरोपी को मोबाइल ठीक कराने के लिए युवती का नंबर एक दोस्त ने दिया था। युवती ने मदद के तौर पर बात कर ली, जिसके बाद आरोपी ने लगातार कॉल कर उसे परेशान करना शुरू कर दिया। युवती अपने भाई और हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों के साथ कोतवाली पहुंची और आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई। सीओ सिटी प्रथम आशुतोष शिवम ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल कराया जा रहा है और आरोपी की तलाश में पुलिस की टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सौतेली बेटियों ने हैक की मां की इंस्टाग्राम आईडी, निजी तस्वीरों से छेड़छाड़, केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** सोशल मीडिया के दुरुपयोग का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। इज्जतनगर इलाके में एक महिला ने अपनी ही सौतेली बेटियों पर इंस्टाग्राम आईडी हैक कर निजी फोटो और वीडियो से छेड़छाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कर्मचारी नगर निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह अमरीश नाम के व्यक्ति से हुआ है। अमरीश की पहली पत्नी की मौत हो चुकी है और उसकी तीन बेटियां हैं। महिला के मुताबिक, दो सौतेली बेटियां अक्सर बहाने से उसका मोबाइल फोन लेती थीं। इसी दौरान उन्होंने मोबाइल से इंस्टाग्राम का पासवर्ड हासिल कर लिया और उसकी आईडी हैक कर ली।

### फोटो बदले, निजी कंटेंट से छेड़छाड़

महिला का आरोप है कि आईडी हैक करने के बाद बेटियों ने उसकी कई तस्वीरों में बदलाव कर दिया। इतना ही नहीं, उसके निजी फोटो और वीडियो के साथ भी छेड़छाड़ की जा रही है। इससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान है। पीड़िता ने बताया कि इंस्टाग्राम पर ऑल इंडिया बार परीक्षा के नाम पर मैसेज भेजकर उससे ओटीपी भी हासिल किया गया। इसके बाद उसकी आईडी पूरी तरह उनके नियंत्रण में चली गई।

### एसएसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

मामले को गंभीर मानते हुए एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर इज्जतनगर थाने में बेटियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र गौतम के अनुसार, पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है और तकनीकी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि यह मामला साइबर क्राइम से जुड़ा है, इसलिए आईटी एक्ट के तहत भी जांच की जा रही है। मोबाइल डेटा और इंस्टाग्राम गतिविधियों की पड़ताल कर सच्चाई सामने लाई जाएगी। जल्द ही आरोपियों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# फंदे से लटकता मिला महिला का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बारादरी क्षेत्र के कटरा चांद खां मोहल्ले में मंगलवार सुबह एक 24 वर्षीय महिला का शव उसके ही घर के अंदर फंदे पर लटका मिला। सुबह-सुबह हुई इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

मृतका की पहचान अमनदीप के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक उसकी शादी वर्ष 2021 में अनमोल के साथ हुई थी। शादी के बाद दोनों के बीच एक तीन साल का बेटा भी है। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह जब परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोला तो अमनदीप का शव फंदे से लटका मिला। यह दृश्य देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### घरेलू विवाद की तरफ इशारा

घटना की सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर विजेंद्र सिंह ने मौके का बारीकी से निरीक्षण किया। शुरुआती जांच में पुलिस को पारिवारिक कलह की बात सामने आई है। पुलिस का मानना है कि घरेलू तनाव या आपसी मनमुटाव के चलते महिला ने यह कदम उठाया हो सकता है। हालांकि पुलिस अभी किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है और हर पहलू की जांच की जा रही है।

### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट बनेगी अहम कड़ी

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

फिलहाल किसी भी तरह की आशंका को नजरअंदाज नहीं किया जा रहा है। महिला के मायके पक्ष को भी घटना की जानकारी दे दी गई है और उनके आने का इंतजार किया जा रहा है।

### हर एंगल से पड़ताल में जुटी पुलिस

इंस्पेक्टर विजेंद्र सिंह के अनुसार, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। परिवार के सदस्यों से पूछताछ की जा रही है और आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि यदि जांच में कोई संदिग्ध तथ्य सामने आता है तो उसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।

# एडीएम कम्पाउंड बना पीएनजी जोन




- डीएम ने फीता काटकर शुरू कराई नई व्यवस्था

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर में गैस आपूर्ति को सुरक्षित और आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए डीएम अविनाश सिंह ने एडीएम कम्पाउंड में पीएनजी पाइपलाइन विस्तार कार्य का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस पहल के साथ ही एडीएम कम्पाउंड को एलपीजी फ्री जोन बनाने की प्रक्रिया भी तेज हो गई है।

सीयूजीएल द्वारा एडीएम कम्पाउंड में पीएनजी पाइपलाइन के विस्तार से अब गैस आपूर्ति अधिक सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित होगी। अधिकारियों के मुताबिक, इस व्यवस्था से सिलेंडर पर निर्भरता कम होगी और दुर्घटनाओं की आशंका भी घटेगी। कार्यक्रम के दौरान डीएम अविनाश सिंह ने सीयूजीएल अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसी तरह योजनाबद्ध तरीके से शहर के अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों–पुलिस लाइन, जजेस कॉलोनी और राजेंद्र नगर स्थित पीडब्ल्यूडी कॉलोनी–में भी पीएनजी पाइपलाइन का विस्तार किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इससे एलपीजी पर बढ़ते दबाव को कम किया जा सकेगा और लोगों को सुरक्षित विकल्प मिलेगा।

### ऑनलाइन कनेक्शन जारी कर दिया डिजिटल संदेश

कार्यक्रम के दौरान डीएम ने सीयूजीएल के पोर्टल पर ऑनलाइन बटन दबाकर जिला पूर्ति अधिकारी, बरेली सहित तीन उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन जारी किए। यह कदम न सिर्फ सुविधा बढ़ाने वाला है, बल्कि डिजिटल प्रक्रिया को भी मजबूती देता है। पीएनजी पाइपलाइन विस्तार को शहर में स्वच्छ, सुरक्षित और निरंतर गैस आपूर्ति की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। प्रशासन का मानना है कि आने वाले समय में अधिक से अधिक क्षेत्रों को इस योजना से जोड़कर बरेली को एलपीजी पर निर्भरता से काफी हद तक मुक्त किया जा सकेगा। इस दौरान सीयूजीएल के अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## रामगंगा का कहर रोकने की तैयारी तेज:

# 5.31 करोड़ की बाढ़ सुरक्षा परियोजना को मंजूरी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पुलिस प्रशासन ने रामगंगा की बाढ़ से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए बरसात से पहले तैयारी शुरू कर दी है। मीरगंज से आंवला तक बाढ़ के खतरे से जूझ रहे दर्जनों गांवों को बचाने के लिए 5.31 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी मिल गई है। निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए 56.18 लाख रुपये भी जारी कर दिए गए हैं।रामगंगा की बाढ़ से गुजराही, ऐंठपुर, रम्पुरा, इनायतपुर, गोठा समेत सैकड़ों गांव प्रभावित होते हैं। बरसात में हजारों बीघा फसल जलमग्न हो जाती है और ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। हर साल अस्थायी इंतजामों के बावजूद हालात बिगड़ जाते हैं।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में नाबार्ड पोषित योजना के तहत बाढ़ बचाव के लिए प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे अब वित्तीय और प्रशासनिक मंजूरी मिल चुकी है। विभाग ने निर्माण कार्य शुरू करने के लिए 56.18 लाख रुपये आवंटित कर दिए हैं।

### टेंडर प्रक्रिया तेज, अधिकारियों को निर्देश

बाढ़ खंड के अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। सहायक अभियंता अमित किशोर के मुताबिक, इस बार बाढ़ से बचाव के लिए योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद बाढ़ से होने वाले नुकसान में कमी आएगी और तटवर्ती गांवों को स्थायी राहत मिल सकेगी। हालांकि, ग्रामीणों को अब भी इंतजार है कि योजनाएं कागजों से निकलकर जमीन पर कब दिखेंगी।

### बाढ़ के खिलाफ बड़ी तैयारी, नहीं होगा नुकसान

रामगंगा के किनारे बसे गांवों के लिए यह परियोजना उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आई है। अब सबकी नजर इस पर टिकी है कि प्रशासन समय पर काम पूरा कर पाता है या फिर हर साल की तरह हालात जस के तस रहते हैं। इसलिए इस बार फुल प्रूफ तैयारी की जा रही है कि रामगंगा के बाढ़ से किसी तरह का गांव में रहने वाली आबादी और खेतों की फसलों में नुकसान ना हो।

# अंबेडकर जयंती पर भवन विशाल प्रतिमा का अनावरण

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली/बहेड़ी।** भीमराव अंबेडकर के जन्म उत्सव के अवसर पर नगर में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जाजूनगर में  अंबेडकर भवन तथा बाबा साहब की विशालकाय प्रतिमा का अनावरण एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, झारखंड के राज्यपाल की पुत्री श्रुति गंगवार, नगर पालिका अध्यक्षा रश्मि जायसवाल व दीक्षाभूमि नागपुर से आए धम्म गुरु भदंत करुणा बुद्धि ज्योति द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। इसके बाद आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि कुंवर महाराज सिंह ने कहा कि संविधान निर्माता अंबेडकर जी के देश के लिए किए गए योगदान और त्याग को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने सभी से उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

श्रुति गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि उनके पिता संतोष गंगवार ने टेक्सटाइल मंत्री रहते हुए मुंबई में अंबेडकर जी की विशाल प्रतिमा स्थापित करने का संकल्प लिया था, जो अब पूरा हो चुका है। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्षा रश्मि जायसवाल द्वारा अंबेडकर भवन निर्माण और प्रतिमा स्थापना के कार्य की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि यहां स्थापित अंबेडकर जी व भगवान बुद्ध की प्रतिमाएं स्वर्ण मूर्ति जैसी प्रतीत होती हैं।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को संविधान की पुस्तक एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा,, सांसद प्रतिनिधि रवि मल्होत्रा अजय जायसवाल बॉबी भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष पवन शर्मा भजनलाल गंगवार राजकमल सिंह कामाक्षी शर्मा अधिशासी अधिकारी शशि प्रभा चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नगरवासी मौजूद रहे।

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर

7906815587, 9758444242


## एक नजर



बाबा साहब को नमन करते संचालक सौरभ।

### बाबा साहब को शत-शत किया नमन

**रामपुर।** जनसेवा केंद्र के संचालक सौरभ ने भारतीय संविधान के निर्माता एवं भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर शत शत नमन किया। अम्बेडकर के जीवन से प्रेरणा लें। समानता, बंधुत्व एवं लोकतंत्र के सिद्धांतों को आत्मसात करें।

### हृदय गति रुकने से अधिवक्ता का निधन

**शाहबाद।** नगर के प्रसिद्ध अधिवक्ता देवेंद्र कुमार ओझा के बेटे अधिवक्ता प्रमित ओझा का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। निधन से वकीलों में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार को उन्हें हार्ट अटैक आया। परिजन उन्हें शाहबाद के निजी चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उन्हें बाहर ले जाने की सलाह दी। जिस पर परिजन प्रमित ओझा को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां मंगलवार दोपहर में निधन हो गया।

# धूमधाम से मनाया गया 135 वां बाबा साहब का जन्मोत्सव

## भारत रत्न बाबा साहब के जन्मोत्सव पर जनपद में आयोजित हुए अलग-अलग कार्यक्रम, डाला गया प्रकाश



कलेक्ट्रेट सभागार में डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर करते जिलाधिकारी।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनायी गई। उनकी प्रतिमा पर माल्र्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान गाने-बाजे के साथ जुलूस निकाले गए। साथ ही जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में जगह-जगह गोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें बाबा साहब के जीवन पर प्रकाशा डाला गया।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारियों और कर्मियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर से हम सभी को न्याय और समानता की प्रेरणा मिलती है। देश के संविधान निर्माण में उनके द्वारा किए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस दौरान बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के पावन अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भावपूर्ण नमन किया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को भारतीय संविधान के संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक न्याय, समानता और बंधुता से संबंधित शपथ दिलाई।

**होम्योपैथिक चिकित्सालय में मनाई गई जयंती**

डॉ. भीमराव अंबेडकर के 135 वें जन्मदिवस पर राजकीय होम्योपैथिक जिला चिकित्सालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, संघर्ष, सिद्धांतों एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में डॉ. अफसाना, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अनिल कुमार तथा फार्मासिस्ट जोगेंद्र कुमार लोधी ने विचार व्यक्त किए। बाबा साहब के सामाजिक न्याय, शिक्षा एवं समानता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने पर बल दिया। अंत में डॉ. रमेश गुप्ता ने बाबा साहब के सिद्धांतों को अपनाने, होमियोपैथी के विकास, समाज एवं मरीजों की सेवा, संगठन की मजबूती तथा शिक्षा के प्रसार के लिए सभी से समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

## बाबा साहब सदा लोगों के दिलों में जिन्दा रहेंगे: कमल तुरैहा

**रामपुर।** तुरैहा मछुआ समाज के तत्वावधान में सराए गेट स्थित बाबा रामस्वरूप की समाधि पर अत्याचार व शोषण के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने व शिक्षा का दीपक हर कमजोर वंचित वर्ग में जलाने वाले महामानव भारत रत्न बाबासाहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर समाज के सभी गणमान्य लोगो के द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित सभी स्वाजातीय साथियों द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर श्रद्धापूर्वक पुष्प अर्पित किए। तत्पश्चात कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संगठन के जिला अध्यक्ष कमल तुरैहा ने कहा कि बाबा साहब ने हमेशा कमजोर व असहाय समाज की आवाज को बुलंद करते हुए भारत के संविधान में उनको उचित अधिकार दिलाया। ऐसे ज्ञान के प्रतीत, बौद्ध धर्म के प्रवर्तक, भारतीय महिलाओं के उद्घारक, भारत के प्रथम कानून मन्त्री डॉ. भीम राव अम्बेडकर ने हमेशा सामाजिक अन्याय के विरूद्ध आवाज उठाई थी। उन्होने हमेशा समाज को जागरूक व स्वावलंबी बनाने के लिए ही कार्य किए। इस कार्यक्रम में महामंत्री एडवोकेट रामसिंह तुरैहा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार एडवोकेट सभासद, धर्म सिंह, अजय कुमार प्रधान, मास्टर अरविन्द कुमार, राम सरन, राजीव कुमार तुरैहा, राम सरन तुरैहा, अर्जुन कुमार, रवि तुरैहा, प्रीतम तुरैहा, अर्जुन सिंह, रामकिशोर तुरैहा, महेन्द्र सिंह, गोविंद राम तुरैहा, जबर सिंह तुरैहा, पवन कश्यप, शिव कुमार, हरिशंकर कश्यप, दीपक कुमार, नवल किशोर, बाल किशोर, रिन्कू, रामगोपाल पंडित जी, कृष्ण अवतार पंडित जी आदि समाज के स्वाजातीय साथी उपस्थित रहे।



बाबा साहब के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते जिलाध्यक्ष कमल तुरैहा व अन्य।

## दबे कुचले वर्गों को सम्मान, अधिकार दिलाने का मार्ग दिखाया



बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते मंडल महासचिव।

**रामपुर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के दिशा निर्देशों द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयंती पार्टी के मंडल महासचिव शुभम सागर के नेतृत्व में ग्राम दुगनपुर में मनाई। जिसमें मंडल महासचिव शुभम सागर ने पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहब ने समाज के दबे कुचले वर्गों को सम्मान और अधिकार दिलाने का जो मार्ग दिखाया। वह आज भी उतना ही प्रसांगिक है बाबा साहब केवल भारतीय संविधान के निर्माता ही नहीं थे।

बल्कि वे एक महान समाज सुधारक अर्थशास्त्री विधिवेत्ता और दूरदर्शी नेता थे। इस मौके पर अशोक सागर, संजय सागर, प्रेमपाल चंद्रा, सोमपाल करी, भारत सिंह, राजदीप, हरपाल सिंह, हर्ष सागर, प्रदीप सागर, अंकुल सागर आदि मौजूद रहे।

## जिला अस्पताल में मनाई गई जयंती

**रामपुर।** जिला अस्पताल में बाबा साहब कही 135 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन समाज सुधार और शिक्षा के लिए समर्पित था और उनके बताए रास्ते पर चलकर ही हम एक सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। इस मौके पर चिकित्सालय में तैनात सभी कर्मचारी मौजूद रहे।



बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते मुख्य चिकित्सा अधीक्षक।

## आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाई बाबा साहब की जयंती

जागरण मोर्चा, कार्यालय

शाहाबाद। आजाद समाज पार्टी के कार्यालय पर बाबा साहब की 135 वीं जयंती बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर धूमधाम से मनाई गई। नगर अध्यक्ष के द्वारा पत्रकारों को डायरी पेन देकर सम्मानित किया गया।

नगर में आजाद समाज पार्टी के कार्यालय पर नगर अध्यक्ष शाहरुख राजा, वार्ड 26 से संभावित प्रत्याशी जिला पंचायत प्रतिभा सिंह व पूर्व जिला अध्यक्ष भीम आर्मी शिव ओम सागर व जिलाध्यक्ष भीम आर्मी सुनील सागर सहित कार्यक्रम में मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं व संगठन के कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण किया। इस दौरान जय भीम के घोष से कार्यालय गूंज उठा। इस दौरान नगर अध्यक्ष शाहरुख रज़ा ने अपने संबोधन में कहा कि भारत रत्न बाबा साहब जिन्होंने की देश के लिए संविधान लिखा। उनके बताएं रास्ते पर चलना चाहिए। बाबा साहब की जयंती के अवसर पर नगर से शावेज़ मियां को पार्टी की सदस्य दिलाई गई। उन्हें जिम्मेदारी सौंपते हुए नगर सचिव पद से मनोनीत किया गया। नदीम रज़ा को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मौके पर धर्मेंद्र सागर, सुवीर आज़ाद, खालिद प्रधान, सदस्य आले हसन इमरान, बब्लू सागर, शुऐब खान, अमर, मुजीब, बिलाल आदि मौजूद रहे।



बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कार्यकर्ता।

## धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती





आयोजित कार्यक्रम में बोलते अतिथि। -जागरण मोर्चा



डॉ.वीवी शर्मा को सम्मानित करते राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य।

- **कोसी रोड स्थित भगवान वाल्मीकि धाम में हुआ कार्यक्रम**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस भीम के राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य के सानिध्य में को भगवान वाल्मीकि धाम कोसी रोड में बाबा साहब की 135 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि डॉ दशरथ सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ. वीवी शर्मा, एडीओ पंचायत वीरेंद्र कुमार, चरण सिंह, जोगा सिंह ने की। राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य ने बाबा साहब की फोटो पर फूल माला चढ़कर की गई।

इस मौके पर डॉ. दशरथ सिंह ने कहा कि दलित समाज को एक जुटता दिखानी चाहिए। किसी भी परिस्थिति में हमे एक दूसरे का साथ नहीं छोड़ना चाहिए और शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो का विचार अपनाना चाहिए। डॉ. वीवी शर्मा ने कहा कि हमें जात-पात की भावना को छोड़कर एक दूसरे का साथ देना चाहिए। आपसी भाईचारा बनाए रखना चाहिए। कहा कि हमें शिक्षित होना बहुत जरूरी है शिक्षा से ही हम ऊंचे शिखर पर चढ़ सकते हैं और शिक्षा ही एकमात्र ऐसा रास्ता है जो हमें ऊच्च पदों पर लेकर जा सकती है। बाबा साहब के संविधान द्वारा जो हमें अधिकार मिले हैं वह किसी ग्रंथ ने नहीं दिए और संविधान की बदौलत ही आज हमारे समाज के लोग अच्छे पदों पर पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय संचालक राहुल राही, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री कैलाश एकलव्य, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी मुकेश चौधरी, राष्ट्रीय सयुंक्त मंत्री सतीश पारछे, शिवनंदन टांक, (महिला विंग) राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. शर्मिष्ठा सिंह, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एकलव्य वाल्मीकि, प्रदेश महासचिव राजू अंबेडकर, विजय अनार्य, प्रदेश उपाध्यक्ष गुरमुख भारती, मंडल अध्यक्ष करण कुमार, यूथ विंग मंडल अध्यक्ष शरद राज, मुरादाबाद युथ विंग जिला अध्यक्ष किरेन्दर वाल्मीकि, जिला अध्यक्ष कमल अंबेडकर, जिला मंत्री राजपाल भारती, ठाकुरद्वारा नगर अध्यक्ष मोनू सम्राट, मंडल मंत्री सोमपाल आदिवासी, तहसील अध्यक्ष दीपक सहदेव, युथ विंग जिला अध्यक्ष दिलीप वाल्मीकि, मंदिर समिति अध्यक्ष रामगोपाल कटारिया, मीडिया प्रभारी अभिषेक बाबू, अतुल भारती, राजेंद्र वाल्मीकि, अमित कुमार, विमल राज, प्रमोद आदिवासी, प्रेम प्रकाश वाल्मीकि, विनय चौधरी, कुणाल वाल्मीकि, हनी कटारिया आदि लोग शामिल रहे।

## शाहबाद में सपाइयों ने मनाई बाबा साहब की जयंती

**शाहबाद।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती को धूमधाम के साथ मनाया। इस मौके पर तहसील क्षेत्र के गुजरैला गांव में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक विजय सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख हरज्ञान सिंह और सपा नेता जावेद खान ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पूर्व विधायक विजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा बाबा साहेब ने हमें 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' का मंत्र दिया। समाजवादी पार्टी बाबा साहब के विचारों और संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए, पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक की एकजुटता के मंत्र को लेकर हम सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं। बाबा साहब का सपना तभी पूरा होगा जब पीडीए समाज एकजुट होकर अपने हक और सम्मान के लिए खड़ा होगा। कार्यक्रम में डॉ. मोहम्मद सालिम रहे।



शाहबाद में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पूर्व विधायक।

## हर्षोल्लास से मनाई बाबा साहब की जयंती

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास गरिमा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका शबनम आरा ने की। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके अद्वितीय योगदान तथा संविधान निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके विचारों, शिक्षा, समानता और आत्मसम्मान को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भाषण एवं विचार प्रस्तुत कर डॉ. अंबेडकर के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। पूरा वातावरण जय भीम के उद्घोष से गुंजायमान रहा। डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों से प्रेरित होकर एक जागरूक एवं सशक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक शबनम आरा रीना, निदा खान, बुशरा फिरदौस, नन्दकिशोर, आराधना सक्सेना छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।



बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करतीं प्रधानाध्यापक व छात्र-छात्राएं। -जागरण मोर्चा

## कांग्रेसियों ने मनाई बाबा साहब की जयंती

**रामपुर।** भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पी डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। माल्यार्पण के पश्चात आयोजित एक विशेष विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष और उनके द्वारा दिए गए संवैधानिक अधिकारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। गोष्ठी में पूर्व विधायक संजय कपूर ने कहा कि बाबा साहब ने केवल एक ग्रंथ नहीं लिखा, बल्कि करोड़ों भारतीयों को सम्मान से जीने का मार्ग दिया है। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष बाकर अली खान, साहिर रजा खान, अजीब सिंह, दुर्गेश मौर्य, कपिल चौधरी, नोमान मुमताज खान, मोहम्मद रफी, शाहजमान आर्य, राजेश लोधी, फरीद खान, सूरज, पूरन, फाइक रज़ा आदि मौजूद रहे।

**शोभायात्रा** शहर विधायक ने अंबेडकर युवक संघ की ओर से आयोजित भव्य शोभायात्रा का किया शुभारंभ

## बाबा साहब ने समाज के शोषित वर्गों को अधिकार दिलाकर राष्ट्र को किया सशक्त: शहर विधायक



शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ करते शहर विधायक।

**शोभायात्रा में यह रहे मौजूद**

दिनेश कुमार सागर, महेश कुमार सागर, जबर सिंह सागर, महावीर सिंह, अमर सिंह, राकेश सागर, राजेंद्र सागर, आनंद प्रकाश वाल्मीकि, विल्सन कुमार, रामप्रसाद चौधरी, प्रमोद कुमार, नरेश कुमार, सैंपल सिंह, विजय कुमार सागर, राकेश कुमार सागर, रतेंद्र सिंह रवि, रविंदर सिंह रवि, जयपाल सिंह अंबेडकर आदि उपस्थित रहे।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** अंबेडकर युवक संघ की ओर से बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान जगह-जगह विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान का निर्माण कर न सिर्फ राष्ट्र को सशक्त किया है, बल्कि समाज के शोषितों को भी उनका अधिकार दिलाया है।

मोहल्ला पक्का बाग से आयोजित शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने फीता काटकर किया। इसके बाद बाबा साहब के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया एवं पुष्प अर्पित किए। ढोल नगाड़ों के साथ शोभायात्रा आगे बढ़नी शुरू हुई।

बाबा साहब, महर्षि वाल्मीकि जैसे महापुरूषों की सजी झाकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस बीच जय भीम और बाबा साहब अमर रहें के नारों से वातावरण गूंज उठा। शोभायात्रा में शामिल झांकियों के माध्यम से डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन संघर्ष, शिक्षा के प्रति उनके समर्पण और सामाजिक न्याय के लिए किए गए उनके योगदान को दर्शाया गया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

## एक नजर



### कांग्रेस के पूर्व नगराध्यक्ष का निधन

**रामपुर।** कांग्रेस के पूर्व नगराध्यक्ष और मौजूदा सभासद वार्ड नंबर 13 के महफ़ूज़ उर रहमान खां का मंगलवार को निधन हो गया। निधन होने से कांग्रेस पार्टी, रामपुर की राजनीति के लिए एक अपूरणीय क्षति है ।उनकी नमाज ए जनाजा रात 9 बजे मोहल्लाह घेर नेमत खान थाना कुंडा पर अदा की जाएगी। महफूज उर रहमान खां कांग्रेस के मजबूत स्तंभ थे। वह लंबे समय तक कांग्रेस के शहर अध्यक्ष रहे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी मे कई अहम पदों पर रहे उन्होंने कांग्रेस के अलावा कभी कुछ नहीं देखा। वह रामपुर के सांसद मरहूम मिक्की मियां, उनकी पत्नी की पूर्व सांसद बेगम नूरबानो के सबसे भरोसेमंद साथी थे। उन्होंने हमेशा कांग्रेस का झंडा बुलंद किया। यही वजह रही कि रामपुर की अवाम उनको आज भी सदर साहब कहके बुलाती है उनका जाना कांग्रेस के लिये बहुत बड़ा नुकसान है।

# अजीमनगर में 200 बीघा गेंहू की फसल जलकर राख

## खौद, आंगा गांव के 30 किसान हुए प्रभावित, मुआवजा की मांग को लेकर किसानों ने की सड़क जाम



गांव खौद के आंगा में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। -जागरण मोर्चा



ग्रामीणों से बातचीत करते क्षेत्राधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर भीषण आग से 200 बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड ने किसी तरह आग पर काबू पाया। मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने सड़क पर जाम लगा दिया। मौके पर मौजूद पुलिस ने किसी तरह जाम को खुलवाकर मामला शांत किया।

मामला थाना क्षेत्र के खौद चौकी स्थित जौहर खंडिया बाईपास का है। मंगलवार दोपहर गेहूं के खेत में आग लग गई। कुछ देर के अंदर ही आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल चौकी इंचार्ज उत्तम मलिक पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए। इस दौरान पुलिस ने फायर ब्रिगेड को भी सूचना दे दी। हवा तेज होने के कारण कुछ देर के अंदर ही आग 1 किलोमीटर एरिया में फैल गई। आसपास के दर्जनों किसान अपने ट्रैक्टर लेकर आग बुझाने की कोशिश करने लगे।

करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जब तक दो गांव के करीब 30 किसानों की 220 बीघा फसल जलकर तबाह हो चुकी थी। आग बुझाने में कई किसानो की मामूली रूप से झुलसने की भी सूचना है। मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने खंडिया बाईपास पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्र अधिकारी टांडा कीर्ति निधि आनंद पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। इस दौरान अधिकारियों ने पीड़ित किसानों से भी बात की। पुलिस के हर संभव मदद के आश्वासन से जाम खुलवा दिया गया।

## चिंगारी से किसान की तीन बीघा गेहूं की फसल राख

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के चकरपुर भूड़ गांव में किसान के खेत के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन टूटकर किसान की गेहूं की फसल में गिर गई। जिसके चलते उठी चिंगारी से किसान की तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

किसान विनोद यादव के खेत में अचानक बिजली का तार गिर गया, जिससे फसल में आग भड़क उठी। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में पूरी तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। घटना के समय आसपास के खेतों में अन्य किसान गेहूं की कटाई में व्यस्त थे। उन्होंने आग देखते ही तत्काल बुझाने का प्रयास शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग को अन्य खेतों में फैलने से रोकने में सफलता पाई। यदि समय पर काबू न पाया जाता तो नुकसान कई गुना अधिक हो सकता था। पीड़ित किसान विनोद यादव ने बताया कि घटना की सूचना तुरंत प्रशासन को दे दी गई। खबर लिखे जाने तक कोई भी अधिकारी मौके पर मुआयना करने नहीं पहुंचा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि फसल के नुकसान का शीघ्र आंकलन कर उचित मुआवजा दिलाया जाए, ताकि वे इस आर्थिक संकट से उभर सकें।



शाहबाद में जली गेहूं की फसल दिखाता किसान।

### सैदनगर में आग लगने से खौद-आंगा के यह किसान हुए प्रभावित

डाक्टर आरिफ, रामचरण, शाहिद, कदीर, नासिर, राशिद, सलीम, सगीर अहमद, रईस अहमद, नबी अहमद, सगीर, जफीर, जेबूल निशा, गुलशन, इसकूल नबी, मोहम्मद यासीन, नबी हुसैन, चतर सिंह, मिनतर पाल, शाहिद हुसैन, निसार हुसैन, अरविंद, मित्रपाल, इरशाद, शमीम हाजी, लाल सिंह, सोमपाल आदि शामिल हैं।

## मसवासी में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई 135 वीं जयंती

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मसवासी।** भूबरा के अंबेडकर पार्क में संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयंती के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें नगर के सभी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर बोलते हुए पूर्व चेयरमैन हरिओम मौर्य ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान की रचना की। 32 डिग्रियां हासिल की। 9 भाषाओं के जानकार थे। उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स में मात्र 2 साल 3 महीने में 8 साल की पढ़ाई पूरी की। नगर में मुख्य मार्गो से अंबेडकर शोभायात्रा भी निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। जिसमें बाबा साहब की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी, चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ सुरक्षा की दृष्टि से तैनात रहे। शोभायात्रा के बाद सभी को सहभोज भी दिया गया गया। इस मौके पर चेयरमैन दिनेश गोयल, पूर्व चेयरमैन हरिओम मौर्य, पूर्व चेयरमैन डाक्टर महेश मौर्य, कपिल गुप्ता, प्रताप सिंह, राजेन्द्र कुमार दिवाकर, राजेंद्र सागर, शाहरूख अंसारी, करतार सिंह सागर, बृजनंदन सागर, परमजीत सागर, पवन शर्मा, पूर्व चेयरमैन डा. महेश मौर्य बन्टू गुप्ता, महेंद्र मौर्य, संजीव कुमार वर्मा, अनुज गुप्ता, भगवती प्रसाद, जितेंद्र चन्द्रा, ब्रह्मपाल सागर, सोमपाल सागर, विजय सिंह सागर, राजू सागर, हरिराम सागर, राजू सैनी, राजेंद्र सागर, आदि मौजूद रहे।

## बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई

**रामपुर।** नव निर्माण संघ के जिलाध्यक्ष रमेश प्रभाकर ने कहा कि बाबा साहब का नारा है शिक्षित बनो, संगठित बनो, सिद्धांत सदैव जीवांत रखने की आवश्यकता बताया। बाबा साहब के जन्मोत्सव को नव निर्माण संघ ने धूमधाम से मनाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर से हम सभी को न्याय और समानता की प्रेरणा मिलती है। देश के संविधान निर्माण में उनके द्वारा किए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वे सामाजिक समानता के प्रणेता थे। उन्होंने समाज को सदैव शिक्षित, संगठित और संघर्ष शील बनने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर अजय अग्रवाल, दिनेश मानव, सुरेंद्र कुमार, अलका सागर, अंशिका प्रभाकर, संजय समर्पित आदि मौजूद रहे।

## अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

**रामपुर।** मॉडल प्राथमिक विद्यालय मुलाखेड़ा में अभिभावक अध्यापक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उदेश्य बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन, बच्चों को प्रतिदिन सही तरीके से विद्यालय भेजना, बाल वाटिका के बच्चों को भी भेजना, कक्षा पांच उत्तीर्ण किए बच्चो का कक्षा छः में नामांकन कराना। इसी बीच श्री सुशील कुमार पांडे ने अभिभावकों को दिव्यांग बच्चों के नामांकन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी सुविधाओ के बारे में बताया। विद्यालय की प्रधानाध्यपिका द्वारा सभी को विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं के विषय में बताया गया। साथ ही डीबीटी के माध्यम से धनराशि के विषय में बताया गया। इसके पश्चात अभिभावकों के समक्ष बच्चों को पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर नीलम राणा, प्रिया सिंह, कमलेश, गायत्री, आंगनवाड़ी क्रांति भूरी आदि मौजूद रहे।



अभिभावक आयोजित गोष्ठी में बोलते शिक्षक। -जागरण मोर्चा

## युवती के घर में घुसकर दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपी को पकड़कर भेजा न्यायालय

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** लालपुर कलां गांव में एक युवती के कमरे में घुसकर उसके साथ बलात्कार करने और विरोध करने पर उसके पिता को धारदार हसिया से घायल करने वाले वांछित युवक अब्दुल कादिर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी टांडा के पर्यवेक्षण में थाना टांडा



की टीम ने सोमवार रात करीब 10:55 बजे लालपुर पुल के पास से आरोपी अब्दुल कादिर पुत्र रईस अहमद निवासी ग्राम दोकपुरी टांडा, थाना अजीमनगर को दबोच लिया। एक अप्रैल को रात में आरोपी अब्दुल कादिर धारदार हसिया लेकर युवती के कमरे में घुस गया। उसने युवती की गर्दन पर हसिया रखकर जान से मारने की धमकी दी। जबरदस्ती बलात्कार कर दिया। युवती के शोर मचाने पर जब उसके पिता मौके पर पहुंचे तो उन्होंने आरोपी को बेटी के साथ बलात्कार करते देख लिया। विरोध करने पर अभियुक्त ने उन पर भी हसिया से हमला कर दिया, जिसमें उनके हाथ की उंगली घायल हो गई। इस मामले में थाना टांडा में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना निरीक्षक अपराध वीरेश कुमार कर रहे थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस का दावा है कि आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और अभियान के तहत उसे सफलतापूर्वक पकड़ा गया।

## सांसद के कैंप कार्यालय पर मनाई गई जयंती

जागरण मोर्चा, कार्यालय।

रामपुर। तोपखाना स्थित सांसद मोहिबुल्लाह नदवी के कैंप कार्यालय पर संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

सांसद प्रतिनिधि एडवोकेट महबूब अली पाशा ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल एक राजनीतिज्ञ या कानून विद नहीं थे, बल्कि वे एक दूरदर्शी समाज सुधारक थे। जिन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने हमें वह संविधान दिया जो समानता, न्याय और बंधुत्व की नींव पर टिका है।

आज हमें उनके शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो के नारे को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है ताकि एक न्यायपूर्ण समाज का निर्माण हो सके। इस अवसर पर अनीता




बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सांसद प्रतिनिधि व अन्य।

यादव, राम बहादुर सागर, हाफिज रफी नूरी, नासिर शेख, जमील सैफी, जुबैर अहमद, सैफ अली, डॉ. आज़म, डॉ. रियासत अली, डॉ सदाकत अली, डॉ. मकतूब अहमद मुन्ने, मास्टर अख्तर अली, सलीम मामू, अब्दुल्ला आदि मौजूद रहे।

## बाबा साहब के लिखे संविधान को आगे बढ़ाना हैं: उस्मान

जागरण मोर्चा, कार्यालय।

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला कार्यालय पर अंबेडकर जयंती को धूमधाम से मनाया गया।

राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रोहिलखंड प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान बब्लू ने कहा कि बाबा साहब के लिखे संविधान को आगे बढ़ाना है। उन्होंने सभी देशवासियों से अपील कि संविधान का सम्मान करें क्योंकि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी बराबर युवा नारी शक्ति को रोजगार देने का कार्य कर रहे हैं।

इस अवसर पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष फैयाज हसन गुड्डू, क्षेत्रीय सचिव नाजिया खान, नगर महासचिव नाजरीन जहां, नगर सचिव शकील सैफी, क्षेत्रीय सचिव महफूज खान, नगर अध्यक्ष मंजू खान, ब्लॉक अध्यक्ष मुनाजिर हुसैन, गुलवेज अहमद फुरकान अहमद आदि लोग मौजूद रहे।



पुष्प अर्पित करते प्रदेश महासचिव रोहिलखंड प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष।

## आजम खां ने यूर्निवसिटी बनाकर बाबा साहब के मिशन को बढ़ाया

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** सपा कार्यालय पर बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सपाइयों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्र्यापण किया। नगराध्यक्ष आसिम राजा ने कहा कि आजम खां ने यूनिर्वसिटी, स्कूल बनाकर बाबा साहब के शिक्षा के उस मिशन को आगे बढ़ाया है। बाबा साहब कहते थे कि समाज की तरक्की के लिए शिक्षित होना जरूरी है।

मंगलवार को सपा कार्यालय पर बाबा साहब की जयंती पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। शाहबाद मिलक के पूर्व प्रत्याशी राधेश्याम राही ने विस्तार से बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सपा के नगराध्यक्ष आसिम राजा ने बाबा साहब को युग का महापुरूष बताते हुए कहा कि बाबा साहब ने अपने जीवन



सपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बोलते नगराध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

में समाज की जिस असमानता और भेदभाव को अनुभव किया। वह न बराबरी की पीड़ा झेली। उन्होंने कहा कि बाबा साहब बहुत गरीब दलित परिवार में पैदा हुए। जो सुख-सुविधाओं और शिक्षा से वंचित था। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत को जो संविधान बाबा साहब ने दिया। दुनिया में अपनी मिसाल आप है। बाबा साहब का कहना था कि समाज को बदलने के लिए शिक्षा जरूर है। इस मिशन को आगे बढ़ाते हुए आजम खां ने यूर्निवसिटी और अनेक स्कूलों का निर्माण कराया। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष फात्मा जबीं, पूर्व विधायक विजय सिंह, अखिलेश गंगवार, अनुराधा चौहान, अमरीश पटेल, हरज्ञान सिंह यादव, आसिम खां, प्रमोद गंगवार, हामिद गोल्डन, अनिल सागर, मोहम्मद हसन खां, सतनाम सिं मट्टू, जफर उद्दीन, राम प्रकाश सेठी, हरपाल सिंह औलख, मसूद गुड्डू, सोनू कठेरिया आदि मौजूद रहे।

## गांव सिकरौरा में मनाई गई बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

**रामपुर।** ग्राम सिकरौरा तहसील बिलासपुर में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर वर्ष की भांति बड़ी धूमधाम से मनाई गई। मूर्ति अनावरण के पश्चात प्रथम बार बाबा साहब की 135वीं जयंती इस बार बड़ी धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम एक रैली की तरह झांकियां तैयार कर पूरे गांव में रैली निकाली गई। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नारे लगाए गए। उसके पश्चात ग्राम में स्थित प्राथमिक विद्यालय में लगी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर केक काटा गया। इसी क्रम में मंच पर लगी बाबा साहब की प्रतिमा पर सभी ने पुष्प अर्पित किए। गांव के कई बुद्धिजीवी लोगों ने बाबा साहब के विचारों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अनिल कुमार, रामधन, अरविंद कुमार, आनंद कुमार, हरी राम, राजपाल, राहुल कुमार, मित्र पाल, रामस्वरूप, मदन लाल मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** अंबेडकर जयंती, बैसाखी पर्व मासिक बैठक हर्षोल्लास के साथ संपन्न

## बाबा साहब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समानता का प्रतीक: शाहिद

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक दल जिला कार्यालय पर भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही पावन पर्व बैसाखी के अवसर पर सभी साथियों को बधाई दी गई। यह पर्व समृद्धि, खुशहाली और नई ऊर्जा का प्रतीक है, जो समाज में एकता और भाईचारे को सुदृढ़ करता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समानता का प्रतीक है।



बाबा साहब की चित्र पर पुष्प अर्पित करते जिलाध्यक्ष व अन्य। -जागरण मोर्चा

उन्होंने संविधान के माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, न्याय और स्वतंत्रता प्रदान की। बाबा साहब ने समाज से भेदभाव और छुआछूत को समाप्त करने के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करना अत्यंत आवश्यक है। कहा कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनावों में एनडीए गठबंधन पुनः पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगा, तथा राष्ट्रीय लोक दल उत्तर प्रदेश में एक बड़ी राजनीतिक ताकत के रूप में उभरेगा। इस अवसर पर रुहेलखण्ड क्षेत्रीय महासचिव सुमन सिंह परिहार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब ने समाज के हर वर्ग, विशेषकर महिलाओं को समानता और सम्मान का अधिकार दिलाने में ऐतिहासिक योगदान दिया। इसके बाद कार्यालय पर जिला इकाई की मासिक बैठक आयोजित की गई। जिसमें संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक विस्तार एवं आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की क्षेत्रीय अध्यक्ष शशि बाला, नगर अध्यक्ष नवाब खान, महिला जिला अध्यक्ष कुलदीप कौर, जिला महासचिव कालीवती उपस्थित रहीं।



# आधी अधूरी सड़क डालकर भूल गए लोनिवि अफसर

## सड़क आधी डालने से हो रहे है हादसे, जिम्मेदारों को नहीं कोई सुध

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** लोक निर्माण विभाग के अधिकारी आधी अधूरी सड़क डालकर भूल गए हैं। जिससे लोग आए दिन हादसों का शिकार हो रहे हैं। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा शहर की जनता को भुगतना पड़ रहा है। लेकिन विभागीय अधिकारियों को इसकी कोई सुध नहीं हैं।

वर्ष 2025-26 वित्तीय वर्ष चालू होने पर लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क की सात सड़कों का नवीनीकरण कराया गया था। इन सड़कों की हालत काफी खस्ता थी। इन सड़कों की स्थिति सुधारने को विभागीय अधिकारियों ने इसका प्रस्ताव शासन को भेजा। शासन से स्वीकृति मिलने पर नवीनीकरण कार्य शुरू कराया गया। लेकिन विभाग द्वारा जो सड़क स्टेट बैंक से मिस्टन गंज की सड़क डाली है लेकिन वह आधी अधूरी डाली गई है। यह सड़क शहर के कई मोहल्लों को आपस में जोड़ रही है। जिससे आए दिन सड़क पर हादसे हो रहे है और लोग चोटिल हो रहे हैं।



स्टेट बैंक से राजद्वारा की ओर जाने वाली डाली गई आधी अधूरी सड़क।

**शहर की इन सड़कों का हुआ नवीनीकरण**

बाब ए इल्म गेट से किला गेट तक, स्टेट बैंक से राजद्वारा होते हुए जेल रोड, गांधी समाधि से बाईपास, ईदगाह गेट से एनएच 87, बिलासपुर गेट से शुतरखाना, दोमहला से शुतरखाना की रोड शामिल है।

> स्टेट बैंक चौराहे वाले कार्य के बारे में संबंधित से पूछा जा रहा है जल्द ही सड़क को सही कराया जाएगा
> –गौरव सिंह, एक्सईएन लोनिवि।

## संविधान, भाईचारे से ही संभव है समाज का उत्थान

**रामपुर।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के पावन अवसर पर मिलक-शाहबाद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में प्रदेश सचिव मुम्ताज़ अहमद सैफी समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के मुख्य रूप से सहभागिता की। बाबा साहब के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प दोहराया।

राष्ट्रीय सचिव रामबहादुर के नेतृत्व में आयोजित इस भ्रमण के दौरान प्रदेश सचिव मुम्ताज़ अहमद सैफी ने ग्राम दीविया नगला, अलफगंज, बड़ागांव, मिलक गुलाम अली में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने हमें वह संविधान दिया है जो हर नागरिक को बराबरी का हक देता है। आज समय की मांग है कि पिछड़ा वर्ग और दलित समाज एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा करें।

# करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी का 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

- निशानदेही पर फर्जी ई-वे बिल, दस्तावेज, मोबाइल किया बरामद

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** थाना अजीमनगर पुलिस ने करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी के मामले में फरार चल रहे 25 हजार के इनामी आरोपी वसीम उर्फ बस्सू को उत्तराखंड के जसपुर से गिरफ्तार किया है।

आरोपी लंबे समय से पुलिस की पकड़ से दूर था। मामला 25 अगस्त 2025 को राज्य कर विभाग मुरादाबाद के प्रधान सहायक आदित्य प्रताप सिंह की शिकायत पर थाना अजीमनगर में दर्ज किया गया था। आरोप है कि आरोपियों ने जीएसटी दस्तावेजों में हेराफेरी कर फर्जी ई-वे बिल तैयार किए और इनके जरिए राज्य सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व नुकसान पहुंचाया। पुलिस जांच के दौरान वसीम उर्फ बस्सू का नाम सामने आया। जिसके बाद उसे वांछित घोषित करते हुए 25 हजार रुपए का इनाम रखा गया था। मंगलवार को अपराध शाखा और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को उत्तराखंड के जसपुर स्थित एक टैक्सी स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया।

निशानदेही पर आरोपी के पास से एक ओप्पो मोबाइल फोन, फर्जी ई-वे बिल और कई संदिग्ध दस्तावेज बरामद किए गए। पुलिस का मानना है कि ये दस्तावेज जीएसटी चोरी के पूरे नेटवर्क से जुड़े अहम सबूत हो सकते हैं। पुलिस ने बताया कि इस मामले में पहले भी अजीम अहमद, अमन, नवाब अली और नाजिम समेत कई आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है। बरामद दस्तावेजों की गहन जांच के बाद मामले में और बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।



थाना अजीमनगर पुलिस की गिरफ्तार इनामी बदमाश। –जागरण मोर्चा

## भक्ति, आस्था के संग शुरू हुई राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** श्री सनातन रामलीला कमेटी के तत्वावधान में नवनिर्मित राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ भक्ति और श्रद्धा के माहौल के बीच धूमधाम से हुआ। यह धार्मिक अनुष्ठान 20 अप्रैल तक विभिन्न वैदिक विधि-विधानों के साथ आयोजित किया जाएगा। जिसमें हरदोई से आए विद्वान ब्राह्मणों द्वारा पूजा-अर्चना और अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे।

कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार सुबह भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा बाबा लक्ष्मण दास समाधि स्थल से प्रारम्भ होकर सरस्वती विद्या मंदिर मार्ग से होते हुए उत्सव पैलेस स्थित नवनिर्मित राम मंदिर परिसर तक पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कलश यात्रा में सिर पर कलश धारण किए महिलाएं पारंपरिक परिधानों में भक्ति गीत गाती हुई आगे बढ़ रही थीं, वहीं जय श्रीराम और सीताराम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम आयोजकों ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन यज्ञ, हवन, पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक प्रवचन आयोजित किए जाएंगे। 20 अप्रैल को विधिवत मंत्रोच्चारण के बीच भगवान राम की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# प्रशासन, ग्रामीणों की सहमति के बाद निकाली शोभायात्रा

- अनुमति वापस लेने से गुस्साएं ग्रामीणों की हुई नोकझोंक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के दिव्यागला गांव में मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के मौके पर पुलिस द्वारा अंतिम समय में अनुमति वापस लेने से गुस्साएं ग्रामीणों और प्रशासन के बीच तीखी नोकझोंक हुई।

हालांकि, अधिकारियों की सूझबूझ और लंबी वार्ता के बाद शाम को सहमति बनी और कड़ी सुरक्षा के बीच शोभायात्रा निकाली गई। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने शोभायात्रा के लिए पहले ही प्रशासनिक अनुमति ली गई थी। 9 अप्रैल को सभी कागजी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद प्रशासन ने अनुमति पत्र जारी भी कर दिया था। लेकिन, अचानक दो दिन बाद पुलिस ने किन्हीं कारणों का हवाला देते हुए अनुमति पत्र वापस ले लिया। प्रशासन के इस रुख से आंबेडकर समिति और दलित समाज के लोगों में गहरा रोष व्याप्त हो गया।

ग्रामीणों ने सुबह से ही अम्बेडकर प्रतिमा पर मल्यार्पण न करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की और प्रदर्शन करते हुए अपनी तैयारियां जारी रखीं। सूचना पाकर पुलिस टीम ने गांव पहुंचकर जुलूस निकालने पर रोक लगाई, तो ग्रामीण भड़क उठे। देखते ही देखते गांव के स्थानीय अम्बेडकर पार्क पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू हो गई। स्थिति बिगड़ती देख इलाके में तनाव फैल गया और भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम शाहबाद आशुतोष कुमार, सीओ शाहबाद देवकीनंदन भारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। कई घंटों तक समिति के पदाधिकारियों और ग्रामीणों के साथ मान-मनौव्वल का दौर चला। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का हवाला दिया, जबकि ग्रामीण अपनी आस्था और पूर्व अनुमति पर अड़े रहे। देर शाम ग्रामीण और प्रशासन के बीच मौखिक सहमति बनी। इसके बाद प्रशासन की निगरानी में शोभायात्रा निकाली गई।



गांव दिव्यानगला में सुरक्षा के मद्देनजर तैनात पुलिस बल। –जागरण मोर्चा



गांव में शोभायात्रा निकालते लोग।

# एकता विहार कॉलोनी में मनाई गई जयंती

- एसीएमओ ने बाबा साहब के जीवन पर डाला प्रकाश

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** सिविल लाइंस स्थित एकता विहार कॉलोनी में भारत के महान संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार रहे।

उन्होंने अपने विचारों के माध्यम से बाबा साहब के जीवन एवं उनके संघर्ष पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बच्चों, युवाओं, बुजुग एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लया। बच्चों ने बाबा साहब के जीवन पर अपने सुंदर एवं प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए। बच्चों को उनकी प्रस्तुति पर बहुजन एकता परिवार द्वारा ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में सभी साथियों को डॉ. भीम राव अम्बेडकर साहब के चित्र भेंट कर सप्रेम सम्मानित किया गया। संचालन शुभेंद्र पाल सिंह ने किया। अध्यक्षता धनराज कठारे ने की। इस अवसर पर सुरजीत कठेरिया, आनंद कुमार, महेंद्रपाल सिंह, मनोज कुमार, दिनेश कुमार सागर, रमेश सागर,अर्जुन सिंह मौजूद रहे।



बच्चों को ट्रॉफी देते धनराज कठारे। –जागरण मोर्चा

## हलवाई की संदिग्ध हालत में मौत

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र में एक हलवाई की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। नन्हें लाल 45 का शव मंगलवार तड़के उनके घर के बाहर एक ठेले पर पड़ा मिला। इस घटना के बाद क्षेत्र में कई तरह की चर्चाएं होने लगी। मृतक की शिनाख्त मोहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी नन्हे लाल पुत्र केशो राम के रूप में हुई। वह विवाह समारोहों में हलवाई का काम करते थे। जानकारी के अनुसार, घटना के समय उनकी पत्नी अपने मायके गई हुई थीं। परिजनों ने बताया कि नन्हे लाल दो–तीन दिन पहले काम पर जाने की बात कहकर घर से निकले थे। इसके बाद उनसे कोई संपर्क नहीं हो पाया। मंगलवार सुबह उनका शव घर के बाहर मिला, जिसके बाद परिवार के लोग उन्हें तुरंत एक निजी चिकित्सक के पास ले गए। डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है। बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ–साथ अन्य साक्ष्य भी जुटाए जा रहे हैं। जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बरेली गेट घंटाघर के पास कूड़े में लगी आग

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र स्थित बरेली गेट घंटाघर के पास कूड़े के ढेर में आग लग गई। आग लगने से इलाके में घना धुआं फैल गया, जिससे आसपास के लोगों को सांस लेने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। दमकल टीम ने करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस स्थान पर लंबे समय से सड़क पर ही कूड़ा फेंका जाता है। कोई अज्ञात व्यक्ति अक्सर इसमें आग लगा देता है, जिससे यह घटना बार-बार होती है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क पर कूड़ा फेंकने की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। उन्होंने जानबूझकर कूड़े में आग लगाने वाले तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की भी अपील की है।

# अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

- शहर में आग से बचाव को निकाली रैली

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** हरदोई में अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद अग्निशमन कर्मियों को हजरतपुर, बिलासपुर, मिलक, टांडा, स्वार, शाहबाद पर दो मिनट का मौन घारण करने के साथ स्मृति दिवस परेड का आयोजन कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इसके पश्चात् पुलिस अधीक्षक ने संभ्रात व्यक्तियों को पिन फ्लैग लगाए गए। इसके अलावा शहर में आग से बचाव को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई।

अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के अवसर पर फायर विभाग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य अग्निशमन अधिकारी विजय कुमार सिंह ने किया। फायर स्टेशन सदर, हरदोई में शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर उनके बलिदान को याद किया गया। अग्निशमन विभाग द्वारा आग से बचाव विषय पर एक जनजागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

रैली के दौरान फायर कर्मियों ने आम नागरिकों को आग से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी और सुरक्षा संबंधी पम्पलेट वितरित किए।



रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्य अग्नि शमन अधिकारी।

## 150 ग्राम अफीम के संग गिरफ्तार

**रामपुर।** थाना खजुरिया पुलिस ने संदिग्ध वाहन व्यक्ति की चेकिंग के दौरान अरबाज निवासी मोहल्ला शेरनगर कस्बा को 150 ग्राम नाजायज अफीम के साथ अहरो तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया। साथ ही आरोपी को कोर्ट में पेश कर दिया। इसके अलावा थाना टांडा पुलिस ने नावेद को चाकू के साथ ईद की बगिया से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक कृष्णपाल सिंह समेत पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



**बैसाखी पर्व** सिविल लाइंस स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में धूमधाम से मनाया गया बैसाखी पर्व

# हर सिख का फर्ज बनता है दीन दुखियों की सेवा करें: मनमोहन सिंह

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** सिविल लाइंस स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में बैसाखी का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह अखंड पाठ साहब की समाप्ति 9 बजे हुई। इसके बाद कीर्तन दरबार लगा पहले अरदास 10:30 बजे हुई। उसके बाद दूसरा दीवान सजा जोकि देर शाम तक चला।

बाहर से आए रागी जत्था के द्वारा संगत को निहाल किया गया। बठिंडा के रागी जत्था भाई मनमोहन सिंह प्रीत ने कहा कि हर सिख का फर्ज बनता है कि वह दीन दुखियों की सेवा करें। वह गुरु के बताए मार्ग पर चले। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रधान सरदार निर्मल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। साथ ही सम्मानित लोगों को सिरोंपा भेंट किया। जिसमें शहर विधायक आकाश सक्सेना, पुलिस अधीक्षक, नगर पालिकाध्यक्ष सना मामून, जिला पंचायत अधिकारी, जिला प्रोबेशनल अधिकारी, भारत भूषण गुप्ता, तीरथ सिंह, लखविंदर सिंह, रणजीत कौर, नवनीत सिंह, दर्शन सिंह खुराना, गुरजीत सिंह, तनप्रीत सिंह, हरमीत सिंह, सेवा सिंह, मोनू सिंह, मनिंदर, अमनदीप सिंह, निरवेर सिंह, नरेंद्र पाल सिंह को देकर सम्मानित किया। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रधान निर्मल सिंह, मनमीत सिंह, समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह, जसपाल सिंह, इंदर सिंह आहूजा, अमरजोत सिंह कपूर, जगजोत सिंह, सेवा सिंह, नारायण सिंह, गुलशन अरोड़ा, मनिंदर सिंह, सुखबीर सिंह भवनीत सिंह आदि मौजूद रहे।



गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में आयोजित कार्यक्रम में शहर विधायक को सिरोंपा भेंट करते। –जागरण मोर्चा

# धूमधाम से निकाली गई डा. अंबेडकर की शोभायात्रा

## शुभारंभ राज्यमंत्री गुलाब देवी व पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने डा. अंबेडकर पर माल्यार्पण व फीता काटकर किया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** डा. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति की ओर से डा. आंबडेकर जयंती पर धूमधाम व गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शुभारंभ का आरंभ खुर्जा गेट स्थित आंबेडकर पार्क पर राज्यमंत्री गुलाब देवी व पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने डा. आंबेडकर पर माल्यार्पण व फीता काटकर किया। शोभायात्रा में महात्मा गौतम बुद्ध, फूलन देवी, ज्योतिवाफूले, डा. आंबेडकर, महर्षि वाल्मीकि सहित अनेक झांकियां शामिल रही। इसके अलावा भारतीय वायु सेना के रूप में कलाकारों करतब दिखा रहे थे। शोभायात्रा के साथ-साथ हजारों की संख्या में लोग चल रहे थे। शोभायात्रा में युवा डीजे की धुनों व गीतों पर जमकर नृत्य करते चल रहे थे। खुर्जा गेट स्थित आंबेडकर पार्क से आरंभ हुई शोभायात्रा अंजता टाकीज मार्ग, कैथल गेट, ब्रह्म बाजार, फड़याई बाजार, घंटाघर, संभल गेट, रामस्वरूप रोड, मालवीय चौक, स्टेशन रोड, फव्वारा चौक, आजाद रोड होते हुए मालगोदाम रोड स्थित आंबडेकर पार्क पर पहुंच जनसभा में परिवर्तित हो गई। जनसभा में बाहर से आए अतिथि ने अपने-अपने विचार रखे। अंत में समिति व कलाकारों को सम्मानित किया गया। शोभायात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल के साथ-साथ पीएसी के जवान शामिल रहे। शोभायात्रा में समिति अध्यक्ष विनोद कुमार, महामंत्री गावेंद्र कपिल, योगेश कुमार, नरेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, रविंद्र कुमार, विमलेश कुमारी, सतीश प्रेमी, जसवंत सिंह, रामरूप सिंह, तेजराम सिंह, सूर्यजीत सिंह, नरेंद्र कुमार, दाताराम भारती, ओमप्रकाश राव, डीके सिंह, प्रवीण कुमार, गोपेश कुमार, प्रमोद कुमार, कपिल कुमार आदि मौजूद रहे।


शोभायात्रा का फीता काटकर आरंभ करते अतिथि।


राज्यमंत्री गुलाब देवी को सम्मानित करते कमेटी के पदाधिकारी।


शोभायात्रा में शामिल लोग।

### पुलिस ने डीजे के साउंड व कॉलम कम कराए

डा. भीमराव आंबेडकर शोभायात्रा को लेकर मंगलवार की सुबह से ही सतर्क थी। मंगलवार की सुबह तहसीलदार व प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ गांव नेहटा रोड स्थित सैनिक चौराहा पर पहुंचे। जहां शोभायात्रा में शामिल होने आ रहे डीजे स्वामियों को नोटिस देकर साउंड व कॉलम कम करने निर्देश दिए। साथ ही शोभायात्रा के दौरान डीजे पर न बैठने हिदायत दी। इस दौरान लोगों की पुलिस से नोक-झोंक भी हुई। जानकारी पर होने पर समिति पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और मामला शांत कराया।

### शोभायात्रा के दौरान बाजार हुआ बंद

शोभायात्रा ब्रह्म बाजार पहुंचने से पहले ही व्यापारियों ने अपनी-अपनी प्रतिष्ठान बंद कर दिए। प्रतिष्ठान बंद होने के कारण शोभायात्रा में शामिल डीजे की आवाज अधिक होने, दुकान में रखे सामान का गिरना व शीशे चटकने का डर था।

## एक नजर

### हवा-हवाई संचारी रोग अभियान, नहीं दिख रही जमीनी स्तर पर सक्रियता

**कांठ।** सरकार द्वारा संचारी रोग नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन नगर क्षेत्र में इन अभियानों का कोई प्रभाव नजर नहीं आ रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक "हर घर दस्तक" अभियान चलाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए गए हैं। इन अभियानों का उद्देश्य लोगों को संक्रामक रोगों से बचाव के प्रति जागरूक करना और घर-घर जाकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देना है। इसके बावजूद नगर में न तो कोई विशेष जागरूकता कार्यक्रम दिखाई दे रहा है और न ही अभियान से जुड़ी कोई सक्रियता नजर आ रही है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है, जिससे बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। नगरवासियों का कहना है कि क्षेत्र में साफ-सफाई की भी उचित व्यवस्था नहीं है और संबंधित विभाग इन अभियानों को लेकर गंभीर नहीं दिख रहा है। शासन द्वारा सख्त निर्देश जारी होने के बावजूद जमीनी स्तर पर कार्य नहीं होने से लोग नाराज हैं।

### बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी बाबा साहब

**चन्दौसी।** नगर के सुंदर मुहल्ला स्थित कमलेश महिला प्रशिक्षण केंद्र में संविधान निर्माता भारत रत्न डाक्टर भीमराव आंबेड़कर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि भारत रत्न डा. भीमराव आंबेड़कर कुशल राजनीतिज्ञ, महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, शिक्षा विद थे। उन्होंने छुआछूत मिटाने के लिए विशेष कार्य किए। उन्होंने संदेश दिया शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो। भारत के स्वतंत्र होने के बाद उन्हें देश का पहला कानून मंत्री बनाया गया। उन्हें संविधान निर्माण की जिम्मेदारी दी और 6 दिसंबर 1956 को निधन हो गया। देश और समाजसेवा के लिए मरणोपरांत उन्हें भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य रश्मि शर्मा, कौशल किशोर गुप्ता, ऊषा देवी, पूनम, मनोज कुमार शर्मा ने विचार व्यक्त किए।

# इटावा में उमड़ा व्यापारियों का सैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की प्रदेश कार्य समिति की बैठक का आयोजन इटावा में किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए व्यापारी प्रतिनिधियों ने अपने जनपद की प्रगति व व्यापारिक समस्याओं को लेकर अपनी बातरखी।

मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा कि प्रदेश कार्य समिति की बैठक में 63 जनपदों के व्यापारी प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। उन्होंने खुले मन से कहा कि मिलावट और जमाखोरी करने वाला व्यक्ति कभी व्यापारी नहीं हो सकता। संगठन प्रदेश सरकार का आभारी है, जिन्होंने कोई भी नया कार्य करने वाले व्यापारी के लिए विभिन्न विभागों की एनओसी या लाइसेंस आदि के लिए निवेश मित्र पोर्टल की शुरुआत की है। इसके अलावा खाद्य लाइसेंस को लेकर व्यापारी के उत्पीड़न की शिकायतों के बाद प्रदेश सरकार ने खाद्य लाइसेंस को 10 वर्षों के नवीनीकरण का नियम लागू कर दिया है। जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सर्वे छापे सैंपलिंग बाट-माप विभाग की कार्रवाई के लिए हर जनपद में जिलाधिकारी की लिखित अनुमति अनिवार्य हो, इसके लिए संगठन जल्द से जल्द प्रयास करेगा।। यदि बिना अनुमति के कोई विभाग का अधिकारी या कर्मचारी बाजार में व्यापारियों का उत्पीड़न करने उतरेगी तो व्यापार मंडल इसका खुलकर विरोध करेगा। प्रदेश कार्य समिति की बैठक में नववर्ष संबत 2082 को अपने जनपद में उत्कर्ष तरीके से लागू करने के लिए चन्दौसी के जनपद संभल की टीम को राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद संभल के जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर, प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी, उमेश वार्ष्णेय, सुशील अग्रवाल, सोनू यादव आदि मौजूद रहे।


इटावा में प्रदेश कार्य समिति की बैठक में सम्मानित होते जनपद के व्यापारी।

## क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाई डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** क्षेत्र में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पुलिस सुरक्षा के बीच भव्य शोभायात्राएं निकाली गईं, जिनमें युवाओं ने गुलाल उड़ाकर अपनी आस्था प्रकट की। संत रविदास मंदिर पर आयोजित गोष्ठी में एसडीएम संत दास पवार, नायब तहसीलदार योगेश शर्मा और डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडेय ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर को समाज सुधारक और संविधान का जनक बताते हुए उनके संघर्षों को याद किया। राज्य शिक्षक पुरस्कार विजेता डॉ. अनुज अग्रवाल ने उनके विचारों को अपनाने पर जोर दिया। छजलैट और महमूदपुर माफी सहित दर्जनों गाँवों में गोष्ठियां आयोजित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

# ओटीपी और लिंक के खाते से उड़ी रकम, सतर्कता से बची

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** शहर में साइबर ठगी का एक नया और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें बिना किसी ओटीपी या संदिग्ध लिंक के ही बैंक खाते से रकम पार कर दी गई। इस घटना ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है, वहीं समय रहते सतर्कता दिखाने से पीड़ित बड़ी ठगी का शिकार होने से बच गया।

नगर के मोहल्ला बूढ़ी माता निवासी चेतन मिश्रा, जो एलआईसी के अभिकर्ता हैं, उनके बैंक खाते से रविवार 12 अप्रैल की रात अचानक 5 हजार रुपये कटने का मैसेज प्राप्त हुआ। मैसेज देखते ही उन्होंने तुरंत खाते की जांच की तो पता चला कि रकम यूपीआई के माध्यम से निकाली गई है, जबकि उन्होंने खुद कोई ट्रांजेक्शन नहीं किया था। चेतन मिश्रा को तुरंत साइबर ठगी का अंदेशा हुआ। उन्होंने बिना देर किए बैंक के टोल-फ्री नंबर पर संपर्क कर अपना खाता फ्रिज (ब्लाक) करवा दिया। इसके बाद उन्होंने साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर काल कर शिकायत दर्ज कराई। समय रहते कार्रवाई होने के कारण ठग केवल 5 हजार रुपये ही निकाल पाए, अन्यथा पूरी रकम निकल सकती थी। इस घटना की खास बात यह रही कि न तो पीड़ित के मोबाइल पर कोई ओटीपी आया और न ही किसी लिंक पर क्लिक किया गया, फिर भी खाते से पैसे निकल गए। इससे साफ है कि साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को निशाना बना रहे हैं। कोतवाली साइबर सेल के हेमराज ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह अपने बैंक खाते और मोबाइल अलर्ट हमेशा सक्रिय रखे।

## संक्षेप समाचार


बाबा साहब की जयंती मनातीं शिक्षिकाएं। -जागरण मोर्चा

### धूमधाम से मनाई डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती

**चन्दौसी।** डा. भीमराव आंबेडकर जूनियर हाईस्कूल गांव पथरा में बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसका आरंभ उनके चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। कार्यक्रम में सुभाष भारती ने कहा कि बाबा साहब ने हमेशा सभी को बराबर का दर्जा दिलाने के लिए संघर्ष किया। वहीं विद्यालय संचालक महानंदन गौतम ने कहा बाबा साहब को संविधान निर्माता इसलिए कहा जाता है क्योंकि भारतीय संविधान के निर्माण में उनका अमूल्य योगदान रहा। दलित समाज के लिए भी बाबा साहब ने महत्वपूर्ण कदम उठाए। प्रधानाचार्य आशा गोस्वामी ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान लिखने मे अहमद भूमिका निभाई। जिससे आज भी देश चल रहा है। महिलाओं को समान शिक्षा एवं अधिकारों का अवसर मिल रहा है। इस अवसर पर सत्यपाल सिंह, सत्येंद्र सिंह, शिव गणेश शर्मा, अश्वनी शर्मा, रिनी अग्रवाल सीमा अग्रवाल, शशि कुमार भारद्वाज, रमन शर्मा, दुर्गेश राजपूत, रंजीत कौर, गीता, वंशिका सक्सेना, रेशमा, क्षमता, सुशीला, अनामिका यादव, खुशबू, योगेश आदि मौजूद रहे।


प्रशिक्षण केंद्र पर डाक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाते अतिथि।

### बेहटा साहू में धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

**चन्दौसी।** नरौली क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेहटा साहू में मंगलवार को डा. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही उत्साह, श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अंबेडकर पार्क से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद शोभायात्रा अंबेडकर पार्क से प्रारंभ होकर पूरे गांव में भ्रमण करते हुए वापस अंबेडकर पार्क पहुंची। इसमें डा. भीमराव आंबेडकर, गौतम बुद्ध, ज्योतिराव फुले, छत्रपति शाहूजी महाराज, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह और भारत माता की भव्य झांकियां शामिल रहीं। वक्ताओं ने श्रमिकों, मजदूरों और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए बाबा साहेब के योगदान की सराहना की। इस दौरान अध्यक्ष संजय सिंह, सोमपाल सिंह (प्रधान पति), यादराम सिंह, शेर सिंह सागर, सोमपाल सिंह, राजू सागर, सतवीर सिंह, अर्जुन सिंह, पवन कुमार मौर्य, मोहम्मद नदीम, अमर सिंह, डा. बलबीर सिंह, अजय कुमार, सुनील कुमार, अभिषेक कुमार, गुड्डू सागर, चरण सिंह आदि का सहयोग रहा।

### जायन्ट्स के 3 ग्रुपों के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

**चन्दौसी।** जायट्स ग्रुप वूमेन शिखर, जायन्ट्स ग्रुप संकल्प, जायन्ट्स ग्रुप जीवन धारा का अधिष्ठापन समारोह का आयोजन बहजोई रोड पर धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का आरंभ जायन्ट्स प्रार्थना से किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बाध दिया। तीन ग्रुप का एक साथ इंस्टालेशन किया गया। जिसमें तीनों ग्रुप की अध्यक्ष नीतू रस्तोगी, दिशा अग्रवाल व सुजाता शर्मा को इंस्टालेशन आफीसर शिखा शर्मा ने शपथ दिलाई। इसके बाद तीनों ग्रुपों के सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में सुंदर प्रोजेक्ट भी प्रस्तुत किया गया। जिससे पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए कपड़ों के थैले बनवाकर कार्यक्रम में आए सभी पदाधिकारियों को गिफ्ट के रूप में भेंट किए गए। कार्यक्रम के बीच लकी ड्रा भी निकाला गया। इस अवसर पर सुनीता शर्मा, सोनिया गर्ग, रागिनी सैनी, सुमन सैनी, रिशु गर्ग, सुमन शर्मा, सीमा अग्रवाल, शालिनी शर्मा, सुप्रीति गुप्ता, शालू उपाध्याय, सीनू शर्मा, मधु गुप्ता, नंदिनी अग्रवाल, वर्षा, गीतांजलि, मदन, अंजू शर्मा, नीरू सिंह, अंकुर अग्रवाल, नूतन अग्रवाल, ममता शर्मा, शालिनी सक्सेना, शिवानी शर्मा आदि मौजूद रहे।

### महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरुक

**चन्दौसी।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला व बालिकाओं को जागरुक किया जा रहा है। मंगलवार को मिशन शक्ति टीम में शामिल महिला पुलिस कर्मियों द्वारा बालिकाओं को जागरुक किया गया। साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के चौपाल का आयोजित की गई। अभियान के जरिए महिलाओं व बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद की एंटी रोमियों टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, विद्यालय व धार्मिक स्थलों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा चलाई जा रही महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण स्वावलंबन की योजनाएं की जानकारी दी गई।

# स्कीम धोखाधड़ी में वी-मार्ट रिटेल प्रबंधक पर वारंट जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जिला उपभोक्ता आयोग ने अदालती आदेश का पालन न करने पर वी-मार्ट रिटेल के प्रबंधक के विरुद्ध वारंट जारी किए हैं। मामला एक वर्ष पुराना है, जब वी-मार्ट ने 2500 की खरीदारी पर 99 अतिरिक्त देने पर 1000 मूल्य का बैग मुफ्त देने की स्कीम निकाली थी।

उपभोक्ता अनमोल वार्ष्णेय ने दो बार खरीदारी कर स्कीम का लाभ चाहा, लेकिन प्रबंधक ने स्टॉक खत्म होने का बहाना बनाकर बैग नहीं दिए। बार-बार चक्कर काटने के बाद पीड़ित ने अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय के माध्यम से उपभोक्ता आयोग में परिवाद दर्ज कराया। आयोग ने 5 अप्रैल 2025 को आदेश दिया था कि वी-मार्ट प्रबंधक दो माह के भीतर बैग की कीमत 2000 (7% ब्याज सहित), मानसिक कष्ट के 10,000 और वाद व्यय के 5000 अदा करे। निर्धारित अवधि बीतने के बाद भी भुगतान न करने और आयोग के समक्ष उपस्थित न होने पर कड़ा रुख अपनाते हुए आयोग ने अब प्रबंधक के खिलाफ वारंट जारी कर दिए हैं। अधिवक्ता ने बताया कि अदालती आदेश की अनदेखी पर यह कार्रवाई की गई है।


लवमोहन वार्ष्णेय।

## नगर में एक दर्जन वाटर कूलर बने शोपीस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** नगर में विभिन्न निधियों से लगाए गए वाटर कूलर देखरेख के अभाव में बदहाल हैं। भीषण गर्मी के बावजूद अधिकांश कूलर खराब पड़े हैं, जिससे राहगीरों को ठंडा पानी नसीब नहीं हो रहा। बस स्टैंड पर लगे कूलर में गंदगी और कीड़े मिलने से लोगों में रोष है। ग्रामीणों का आरोप है कि मरम्मत न होने से सरकारी धन की बर्बादी हो रही है और प्यास बुझाने के लिए उन्हें भटकना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी राहुल कुमार ने बताया कि रखरखाव न होने से कूलर जंग खा रहे हैं। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द ही सभी वाटर कूलरों की सफाई और मरम्मत कराई जाए।

# संभल कल्कि: फिल्म का भव्य शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** 1978 के दंगे व जामा मस्जिद प्रकरण को लेकर संभल कल्कि के नाम से फिल्म बनाई जा रही है। जिसका विधि विधान से एसएम कालेज में शुभारंभ किया गया। फिल्म की शुरुआत जिला न्यायालय के दृश्य से की गई। जिसे एसएम कालेज के भवन में फिल्माया गया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा।

जनपद में संभल कल्कि नाम से फिल्म बनाई जा रही है। जिसे निदेशक अमित जानी व डारेक्टर भारत एस श्रीनाते द्वारा बनाया जा रहा है। मंगलवार को एसएम कालेज में फिल्म का विधि विधान व मंत्रोच्चारण के साथ व हनुमान चालीसा के पाठ से किया गया। जिसमें पुजारी व महंत शामिल रहे। निदेशक ने बताया कि संभल कल्कि फिल्म 1978 में संभल में हुए दंगे व कुछ वर्ष पहले हुए जामा मस्जिद प्रकरण पर बनाया जा रहा है। 1978 में संभल में हुए दंगों में हुए नुकसान, त्रादसी को फिल्माया जाएगा। इसके अलावा जामा मस्जिद को लेकर हुए बवाल को भी फिल्म दिखाया जाएगा। मंगलवार को फिल्म का पहला सीन एसएम कालेज के भवन में जिला न्यायालय का दर्शाया गया। फिल्म में मुंबई के कलाकार फिल्म में अपनी-अपनी भूमिका निभाएंगे। फिल्म की शूटिंग के दौरान भारी संख्या अर्द्ध सैनिक बल के जवान मौजूद रहे। संभल कल्कि के शूटिंग को लेकर लोगों में उत्साह है। शूटिंग को देखने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।


एसएम कालेज में संभल कल्कि फिल्म का विधि विधान से शुभारंभ करते पुजारी।

**उद्‌घाटन** — 80 लाख 14 हजार रुपये की कुल लागत से तैयार राजेंद्र मार्ग जनता को समर्पित

# राजेंद्र मार्ग का राज्यमंत्री गुलाब देवी ने किया भव्य लोकार्पण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के नरौली नगर में विकास की दिशा में एक बड़ी सौगात के रूप में नरौली नगर पंचायत कार्यालय से जटपुरा स्थित प्राचीन शिव मंदिर तक बने राजेंद्र मार्ग का भव्य लोकार्पण किया गया। मार्ग का राज्यमंत्री गुलाब देवी ने फीताकाट कर उद्‌घाटन किया। योगी आदित्यनाथ के कोटे से स्वीकृत इस मार्ग का निर्माण कुंवर स्वर्गीय राजेंद्र सिंह की स्मृति में कराया गया, जिसकी कुल लागत 80 लाख 14 हजार रुपये है।

यहां बता दे कि यह मार्ग पहले करीब 1.5 किलोमीटर लंबा कच्चा रास्ता था, जो विशेषकर बरसात के दिनों में अत्यंत खराब हो जाता था। लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस गंभीर समस्या को देखते हुए कुंवर शिवेंद्र सिंह ने इस सड़क के निर्माण के लिए योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा। इस मांग को आगे बढ़ाने में गुलाब देवी ने भी विशेष प्रयास किए, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेते हुए इस मार्ग को स्वीकृति प्रदान की। निर्मित सड़क को राजेंद्र मार्ग नाम दिया गया है, जो कुंवर स्वर्गीय राजेंद्र सिंह की स्मृति को समर्पित है। मंगलवार को राज्यमंत्री गुलाब देवी, ब्लाक प्रमुख सुगंधा सिंह, राज्यमंत्री प्रतिनिधि रामपाल सिंह तथा कुंवर राज परिवार के सदस्यों ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर मार्ग का लोकार्पण किया गया। इससे पूर्व मंदिर पर सुंदरकांड का आयोजन किया गया। राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और यह मार्ग आमजन के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। ब्लाक प्रमुख डा. सुगंधा सिंह ने कहा कि इस सड़क के बनने से लोगों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हुआ है। कुंवर शिवेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मार्ग क्षेत्रवासियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। इस दौरान कुंवर शिवेंद्र सिंह, कुंवर राघवेंद्र सिंह, कुमार माधवेंद्र सिंह, कुंवर उपेंद्र सिंह, कुंवर उदयान सिंह, कुंवर शैलेन्द्र सिंह, चन्द्रसैन दिवाकर, संजय बंसल, विपिन राघव, अनुज गुप्ता, आशीष कुमार, रामबाबू शर्मा, संजीव राघव, नितिन राघव, कमल दिवाकर, विनोद माली, राजेश राघव, सोनू राघव, सतेंद्र शर्मा, लब्बू राघव, विट्टू राघव, असलम, तारिक आदि मौजूद रहे।


नवनिर्मित मार्ग का फीताकाट उद्‌घाटन करती राज्यमंत्री गुलाब देवी, ब्लाक प्रमुख सुगंधा सिंह व अन्य लोग।

## दहेज के लिए रिश्ता तोड़ा, आठ पर केस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** शादी तय होने के बाद दहेज में वैगनआर कार और 5 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग पूरी न होने पर लड़के वालों ने रिश्ता तोड़ दिया। ग्राम सहदोली निवासी जाबिर ने अपनी बेटी अरमाना का निकाह धनौरा निवासी उस्मान से तय किया था, जिसकी बारात 30 मई को आनी थी।

आरोप है कि जब पिता ने कार्ड छपवाने के लिए फोन किया, तो लड़के के पिता ने दहेज की नई मांग रख दी। पीड़ित ने बताया कि वह अब तक 7.50 लाख रुपये खर्च कर चुका है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने दूल्हे उस्मान और बिचौलिए सहित 8 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बाबा साहब के जन्मोत्सव पर निकाली भव्य शोभा यात्रा

## विधायक एवं चेयरमैन ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया शोभा यात्रा का शुभारंभ, झांकियां ने मोहा नगर वासियों का मन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर में भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती पर शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।

समिति के पदाधिकारी द्वारा दोनों अतिथियों को बाबा भीमराव अंबेडकर का प्रतीक चिन्ह व पटका एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। शोभा यात्रा में महात्मा बुद्ध, बाबा साहब व उनकी पत्नी रमाबाई, रानी लक्ष्मी बाई, भारत माता, बाबा साहब अंबेडकर की झांकियां प्रमुख थी। शोभा यात्रा में नाग नागिन नृत्य, चना जोर गरम भारत के कलाकारों की प्रस्तुति नगर वासियों को मंत्रमुग्ध कर रही थी। शोभा यात्रा नगर के रहरा बस स्टैंड से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई अंबेडकर पार्क पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में डीजे पर बाबा की धूनों पर समाज के युवा एवं महिलाएं नृत्य करते चल रहे थे। शोभायात्रा में समिति के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे, सुरक्षा की दृष्टि से शोभायात्रा में भारी पुलिस बल तैनात रहा।


विधायक एवं चेयरमैन संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ करते हुए।


शोभा यात्रा में मौजूद युवा एवं महिलाएं। –जागरण मोर्चा


शोभा यात्रा में सम्मिलित झांकियां। –जागरण मोर्चा

## एक नजर

### एकादशी के अवसर पर बाबा खाटू श्याम का भक्तों ने किया गुणगान

**हसनपुर।** सोमवार की रात्रि नगर के श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर स्थित बाबा खाटू श्याम मंदिर के प्रांगण में एकादशी पर्व के अवसर पर भक्तों द्वारा बाबा का गुणगान किया गया। बाबा का विधि विधान के साथ पूजन कर कीर्तन प्रारंभ किया गया। कीर्तन में राहुल दीवाना एवं सौरव मित्तल के द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से बाबा खाटू श्याम के भजनों की प्रस्तुति दी गई बाबा के भजन सुनकर श्रद्धालु नाचते पर मजबूर हो गए। वही देर रात तक बाबा का गुड़गांव चलता रहा और कीर्तन के अंत में बाबा की आरती कर भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। बाबा खाटू श्याम मंदिर के पुजारी पंडित पप्पू गिरी ने बताया कि आज जो वरुथिनी एकादशी है वह बहुत ही महत्वपूर्ण है, यह वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी है, जो भगवान विष्णु के वराह अवतार को समर्पित है और इस दिन विष्णुजी की पूजा करना अत्यधिक पुण्यदायी माना जाता है। कीर्तन में पंडित सतवीर गिरी, महेश शर्मा, देवेंद्र शास्त्री, संजीव शर्मा, दामोदर शर्मा, रामपाल, अशोक, महेश प्रजापति, हिरदेश अग्रवाल आदि भक्त मौजूद है।

## बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर माल्यार्पण कर संकल्प के साथ दी गई श्रद्धांजलि


बाबा साहब का जन्म उत्सव मनाते हुए। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अंबेडकर उद्यान समिति द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में बाबा साहब के अनुयायियों ने भाग लेकर उन्हें अपनी भावांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत अंबेडकर उद्यान समिति के अध्यक्ष विजय गौतम के नेतृत्व में की गई। कार्यकर्ताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी इफ्तेदार उल्ला ख़ां ने कहा कि आज पूरा राष्ट्र बाबा साहब के योगदान को याद कर रहा हैविशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के अध्यक्ष रामवीर सिंह ने अपने संबोधन में बाबा साहब के संदेश 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास करें इस अवसर पर अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार गौतम, पूर्व अध्यक्ष मुरारी लाल मौर्या और पूर्व सभासद अरविंद अन्ना ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मुकेश जाटव, रोहतास सिंह उर्फ डब्लू भैया, डॉ. अशोक कुमार, सतवीर सिंह, अजय पाल कटारिया, डॉ. रामचंद्र सिंह, सर्वेश सिंह, मुकुल जाटव, रूप राम सिंह, पूजा चौधरी, मास्टर राजीव कुमार और सोहन सिंह बौद्ध सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कमाल अख्तर की मौजूदगी में मना जयंती समारोह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** संविधान निर्माता डाक्टर भीम राव अंबेडकर का जन्मदिन पूरे नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं सपा कार्यकर्ताओं ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए आजादी की लड़ाई से लेकर संविधान बनाने तक के उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसी के साथ विधायक कमाल अख्तर द्वारा बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर चलकर उनके संविधान की रक्षा करने का संकल्प दिलाया।

मंगलवार को नगर के मोहल्ला खेवान स्थित सपा नेता नवल जाटव के आवास पर डाक्टर भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन पर समाजवादी पार्टी के द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में दलित समाज के लोगों सहित सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांठ विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर सम्मिलित हुए, कार्यक्रम में कमाल अख्तर के पहुंचे ही कार्यकर्ताओं द्वारा फूल माला पहनकर उनका स्वागत किया गया। इसके बाद कमाल अख्तर द्वारा कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए और उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमाल अख्तर ने कहा कि विभिन्न राजनैतिक दल दलित समाज के लोगों को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं, जबकि बाबा साहब ने कड़ा संघर्ष कर अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों बढ़ाने के लिए काम किया। उन्होंने बाबा साहब के अनमोल विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉक्टर भीमराव आंबेडकर मानते थे कि अच्छा दिखने के लिए मत जियो, बल्कि अच्छा बनने के लिए जियो। क्योंकि इस दुनिया में महान प्रयासों से प्राप्त किया गया ही बहुमूल्य होता है और कुछ नहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व और कार्य से सभी को अवगत कराया। इस मौके पर बदर कुरैशी, नवल कुमार जाटव, युसूफ कुरैशी, साजिद खान, बबलू गौतम, पंडित यतेंद्र शंकर गौड, राशिद कुरैशी, ब्रजकिशोर जाटव, शोएब मंसूरी, अरशद चौधरी, राहुल सागर, थान सिंह जाटव, वजीर चौधरी, रामचंद्र जाटव, हाजी मोहसीन युसूफ प्रधान, अकरम सैफी, महेश जाटव, इरफान अहमद, नफीस बेगाना, महेंद्र जाटव, अखिलेश जाटव, मोहित, रवि, रविंद्र, अमन, विकास, रूपचंद, सतबीर, अतुल, दीपक, सनी, सुरेंद्र सिंह, रोहित मौर्य, राजवीर जाटव आदि रहे।


बाबा साहब को नमन करते कमाल अख्तर एवं अन्य। –जागरण मोर्चा

# कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब को किया नमन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** मंगलवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. सिराजुद्दीन अंसारी एवं शरीफ आजाद ने बाबा साहब के जीवन एवं उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया और एक ऐसे भारत की नींव रखी, जहां सभी को समान अवसर मिल सके। कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलने और सामाजिक न्याय की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. सिराजुद्दीन अंसारी, शरीफ आजाद, विनीत चौहान, कलवा, राजेशपाल एडवोकेट, जाफर अली अंसारी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


पुष्प अर्पित कर नमन करते कार्यकर्ता।

## संक्षेप समाचार



बाबा साहब को नमन करते हुए। –जागरण मोर्चा

### रामसरन एवं सुशीला आनन्द हाई स्कूल में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब की जयंती

**हसनपुर।** नगर के रामसरन एवं सुशीला आनन्द हाई स्कूल में मंगलवार को भारतीय संविधान के निर्माता और भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण नमन किया। विद्यालय प्रबंधक सुशील चन्द सक्सेना ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अम्बेडकर जी ने संविधान के माध्यम से देश को नई दिशा दी, जिससे आज हम समानता और स्वतंत्रता का जीवन जी रहे हैं। विद्यालय अध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा एडवोकेट ने युवाओं को शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि बाबा साहब का मानना था कि जिस दिन भारतीय युवा शिक्षा को अपना साथी बना लेगा, भारत विश्व पटल पर महाशक्ति बनेगा।इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य निशांत त्यागी, सोमवती कश्यप, अंशु त्यागी, अनुराधा चौधरी, भावना सक्सेना, मंजरी दीक्षित, नीलम सक्सेना, अफसा, लक्ष्मी रस्तोगी, सदफ, स्वाति, अतुल माथुर, सीमा वर्मा, रवि वर्मा, प्रवेन्द्र सिंह, हुरून निशा, कोमल रानी, राजकुमार, अनु और नेपाल सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।


स्कूल प्रांगण में बाबा साहब को नमन करते हुए। –जागरण मोर्चा

### चौधरी टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बाबा साहब का मनाया गया जन्मदिन

**हसनपुर।** मंगलवार को नगर स्थित चौधरी टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती अत्यंत गरिमामय एवं औपचारिक वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार द्वारा बाबा साहेब को श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, उनके अद्वितीय संघर्ष, सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता तथा भारतीय संविधान के निर्माण में उनके ऐतिहासिक एवं अतुलनीय योगदान पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को आत्मसात करने एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया।कार्यक्रम का समापन डॉक्टर अंबेडकर के आदर्शों के अनुसरण एवं उनके द्वारा प्रदर्शित मार्ग पर चलने के सामूहिक संकल्प के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर चमनलाल, मैनेजर इंद्रेश देवी, ट्रेज़रर अमन प्रिंस, प्रधानाचार्य वरुण मोहन गुप्ता, हेडमिस्ट्रेस शिखा गुप्ता सहित समस्त शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही।



हसनपुर कोतवाली का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक। –जागरण मोर्चा

### एसपी ने किया कोतवाली का औचक निरीक्षण, अपराधियों पर नकेल कसने के निर्देश

**हसनपुर।** पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने मंगलवार को कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय अभिलेखों, सीसीटीवी कंट्रोल रूम और अपराध रजिस्टर की बारीकी से जांच की। एसपी ने भू-माफिया, खनन और शराब माफियाओं के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई और वांछित अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीटीवी कवरेज बढ़ाने, लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण और मालखाने के वाहनों के निस्तारण की बात कही। साथ ही, फरियादियों के लिए बैठने की उत्तम व्यवस्था, पीने के साफ पानी और थाना परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर मिशन शक्ति केंद्र और साइबर सेल का भी परीक्षण किया गया।

### बहनों से छेड़छाड़ का आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**गजरौला।** जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र में एक किसान अपने परिवार के सदस्यों के साथ गेहूं की कटाई कर रहा था। उसकी 13 व 09 वर्ष की बेटी भी खेत पर थीं। आरोप है कि गांव शाहपुर निवासी तसुव्वर ने दोनों बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ की। बालिकाओं ने शोर मचाया तो उनका पिता बचाने दौड़ा। पिता को आता देखकर आरोपी वहां से भाग गया। किसान ने थाने पहुंचकर आरोपी के विरूद्ध तहरीर दी। पुलिस ने मंगलवार को पुलिस ने आरोपी तसुव्वर को गिरफ्तार करके चालान किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएसआई अभिलाष प्रधान व कांस्टेबल बंटी कुमार शामिल रहे।

### हमले में घायल हुए राष्ट्र सेवी अध्यक्ष

**हसनपुर।** बंदरों के हमले से बाइक से गिरने से राष्ट्र सेवी संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा एवं सुखदेव शर्मा घायल हो गए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कृष्ण कुमार शर्मा घर से अमरोहा के लिए जा रहे थे। रास्ते में सरकड़ा कमाल से आगे प्राइमरी स्कूल के पास साइड से बंदर आपस में लड़ते हुए मोटर साइकिल के आगे आ गए। बंदरों को बचाने के चक्कर में चलती हुई बाइक गिर गई और बाइक से गिरने से दोनों मामा भांजे भी सड़क पर गिर गए। गिरने के बाद बंदरों ने दोनों पर हमला कर दिया। गनीमत रही कि एक किसान अपने दो अन्य साथियों के साथ ट्रैक्टर से उधर पहुंच गया और कूदकर बंदरों को भगाया। निजी चिकित्सक से उपचार कराने के बाद दोनों गंतव्य की ओर रवाना हो गए।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार घायल

**कांठ।** थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक छात्र और मिस्त्री समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना में, नूरपुर रोड पर बाइक की ट्राई ले रहे मिस्त्री मुकेश और कोचिंग से लौट रहे छात्र प्रियांशु की बाइक आपस में टकरा गई। दूसरी घटना भीकनपुर के पास हुई, जहां ट्रैक्टर को ओवरटेक करने के प्रयास में बाइक सवार तीन युवक सलमान, नबी और सलमान ट्रैक्टर के पहिए से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त बाइक कब्जे में ली। सभी घायलों को मुरादाबाद के कॉसमॉस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## कैंटीन संचालक पर धारदार हथियार से हमला कर किया घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के झकड़ी चौराहे पर कैंटीन चलाने वाले महेंद्र पुत्र काशीराम पर एक युवक ने धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात उस समय हुई जब महेंद्र सोमवार शाम शादी समारोह से लौटकर अपनी कैंटीन खोल रहा था।

परिजन घायल को तुरंत कोतवाली ले गए, जहाँ से पुलिस ने उसे सीएचसी भेजा। चिकित्सकों ने महेंद्र की नाजुक हालत देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# खौलते दूध की पतीली में चाचा ने मारी लात, तीन मासूम भाई-बहन झुलसे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। जहां गुस्साए चाचा ने अपने ही भाई के मासूम बच्चों पर खौलता हुआ दूध पलट दिया। इस घटना में तीन मासूम बच्चे बुरी तरह झुलस गए, जिन्हें आनन-फानन में नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगा चोली निवासी पीड़ित सुनील ने बताया कि उसका छोटा भाई रोजाना घर से पीने के लिए दूध ले जाता था। मंगलवार सुबह घर में दूध की मात्रा कम थी, जिसके चलते उसे दूध देने से

▸ आरोपी चाचा के खिलाफ पुलिस में तहरीर, तलाश जारी

मना कर दिया गया। इस बात से आरोपी आगबबूला होकर पीड़ित के घर पहुंचा। आरोपी घर में घुसा और चूल्हे पर उबल रहे दूध की पतीली में जोर से लात मार दी।पतीली पलटने से खौलता हुआ दूध पास ही मौजूद बच्चों पर जा गिरा। घटना में 10 वर्षीय वैष्णवी, 8 वर्षीय मनीष और माँ प्रीति की गोद में खेल रही 6 माह की मासूम तनिष्का बुरी तरह झुलस गई। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर जमा हो गए, जिन्हें देखकर आरोपी फरार हो गया।

पीड़ित पिता सुनील ने बताया कि छोटा भाई होने के कारण वह पहले भी चार बार आरोपी की मारपीट बर्दाश्त कर चुका था, लेकिन इस बार उसने बच्चों को निशाना बनाया है । पीड़ित के द्वारा आरोपी छोटे भाई के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। तहरीर लेकर पुलिस ने दूध से झूलसे मासूमों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां उनका उपचार जारी है। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया कि मामले की तहरीर प्राप्त हो गई है। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

अंबेडकर जयंती

## समाज के उत्थान के लिए उनके सिद्धांतों पर चलने का किया आवाहन

# डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर भव्य समारोह का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह समिति के तत्वाधान में चौपला स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में आयोजित जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल के डीआईजी डॉ.नरेन्द्र सिंह ने बाबा साहब की नीतियों पर चलने का आह्वान किया।

चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी ने कहा कि, कहा कि डॉ.अंबेडकर ने दबे, कुचले, शोषित, पिछड़े, कमजोर की आवाज उठाई और उनका अधिकार दिलाया। उनका व्यक्तित्व हम सबके लिए वंदनीय हैं। यहां पर पूर्व विधायक हरपाल सिंह, पूर्व विधायक अशफाक अली खां, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलेश आर्या, रेडियोमैन राम सिंह बौद्ध, पीसीएस सतीश चंद्रा, वन क्षेत्रधिकारी गढ़ रेंज करन सिंह, भाजपा नेता हेम सिंह आर्य, भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष रामरतन सिंह, अंबेडकर युवक संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश चन्द मौर्य, अध्यक्ष महेश प्रधान, जयवीर सिंह, मुकेश कुमार, किरनपाल सिंह, बीपी सिंह, रविराज सिंह, डॉ-पृथी सिंह, प्रो-ओमकार सिंह, डॉ-सुरेन्द्रपाल सिंह, ओमप्रकाश त्रिपाठी, होरी सिंह, डॉ-डीएस हर्ष, परमेश्वरी लाल, निर्मल सिंह आदि मौजूद रहे। यहां पर कलाकार हरिराम तूफान उर्फ शेखचिल्ली ने अपनी टीम के कलाकारों के साथ डॉ.आंबेडकर के जीवन से जुड़े प्रसंगों को अपनी शानदार प्रस्तुतियों से यादगार बना दिया। वहीं डॉ-अंबेडकर नव युवक संघ के तत्वाधान में नगर के अंबेडकर नगर में बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई। यहां पर केक काटकर और मिष्ठान वितरण किया गया। यहां पर पूर्व विधायक हरपाल सिंह, सभासद रौनकी, अरविंद कुमार, रामरतन सिंह, रविराज सिंह आदि ने यहां शोभायात्रा को झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर कपिल कुमार, नितिन कुमार, कलुआ सिंह, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे। मिशन सुरक्षा परिषद के कार्यकर्ताओं ने फाजलपुर में डॉ-अंबेडकर की जयंती मनाई। इस मौके पर प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार, सचिन पिंटू, अरुण, कुलदीप सिंह, रोहित कुमार, विकास कुमार आदि रहे।



### जयंती पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**गजरौला।** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने धनौरा विधानसभा के गजरौला ब्लॉक के ग्राम सलेमपुर गोसाई, बैरमपुर भूड, चौड़पुर माफी आदि गांवो में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर युवा नेता अमन सिरोही, कुलदीप देवल, अनिल प्रधान, संजय प्रधान, रविंद्र प्रधान, अरुण चौधरी, सतेंद्र चौधरी, विपिन चौधरी,, चिराग वर्मा, विशाल वाल्मीकि, निशांत राजपूत, नेमपाल जाटव, प्रशांत जाटव आदि मौजूद रहे।

## अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार, दो घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा के पास सोमवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गई, जिससे कार चला रहे शिक्षक नन्हें सिंह और उनके साथी मंटू गंभीर रूप से घायल हो गए। नन्हें सिंह प्राथमिक विद्यालय निरयावली भूड़ में इंचार्ज प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात हैं। हादसे के बाद ग्रामीणों ने घायलों को निजी अस्पताल पहुँचाया, जहाँ से प्रधानाध्यापक की नाजुक हालत देख उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

संपादकीय

# वैश्विक आर्थिक मंदी की गहराती आशंका

इस्लामाबाद में हुई शांतिवार्ता के विफल होने के बाद दुनिया के सामने एक नए संकट की आहट सुनाई दे रही है। युद्ध का अखाड़ा बने होर्मुज जलमार्ग ने पहले ही वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा संकट और उर्वरक आपूर्ति में बाधा पैदा की है। अब एक बार फिर चिंता की लकीरें गहराती जा रही हैं। ईंधन परिवहन में व्यवधान ने न केवल ऊर्जा बाजारों को प्रभावित किया, बल्कि खाद्य सुरक्षा और महंगाई के मोर्चे पर भी गंभीर चुनौतियां खड़ी की हैं। विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष और विश्व खाद्य कार्यक्रम की चेतावनियां इस संकट की गहराई का संकेत हैं। पश्चिम एशिया में पुनः युद्ध जैसे हालातों ने ऊर्जा आपूर्ति को बाधित कर वैश्विक व्यापार संरचना को असंतुलित कर दिया है। ईंधन, उर्वरक और परिवहन की बढ़ती कीमतों ने खाद्य पदार्थों के दामों को भी अपनी जद में लिया है। इसका सीधा असर उन कमजोर वर्गों पर पड़ेगा, जो पूर्व से ही आर्थिक दबाव झेल रहे हैं। सवाल यह है कि वैश्विक संस्थाओं की सहायता कितनी प्रभावी और समयबद्ध हो पाएगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष की प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने संकेत दिए हैं कि यह संकट अल्पकालिक नहीं है। कतर के एलएनजी संयंत्र ठप होने से प्रशांत क्षेत्र में ईंधन संकट गहराया है, जिसकी भरपाई में वर्षों लग सकते हैं। ऐसे में आर्थिक विकास की रफ्तार धीमी पड़ना तय है। कोविड-19 के बाद उभरी अर्थव्यवस्था एक नए झटके का सामना कर सकती है। महंगाई के बढ़ते दबाव और संभावित ब्याज दर में वृद्धि से वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ेगी। यदि यह प्रवृत्ति अनियंत्रित होती है, तो केंद्रीय बैंकों को ठोस कदम उठाने होंगे, जिससे विकास और भी प्रभावित होगा। इसके दूरगामी प्रभावों में गरीबी की आशंका शामिल है, जहां करोड़ों लोग पुनः आर्थिक संकट से जूझ सकते हैं। ऐसे समय में वैश्विक सहयोग और रणनीतिक संतुलन की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। ऊर्जा आपूर्ति के वैकल्पिक मार्ग, खाद्य सुरक्षा के ठोस उपाय और समन्वित नीतियां ही इस संकट से उबरने का रास्ता खोल सकती हैं।

# बाबा साहेब के विचारों को साकार करती मोदी सरकार

संविधान शिल्पी भारत रत्न श्रद्धेय बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 136वीं जयंती केवल एक ऐतिहासिक तिथि नहीं, भारत की आत्मा का उत्सव है। यह वह दिन है, जब हम उस महापुरुष को स्मरण करते हैं, जिन्होंने सामाजिक विषमता को चुनौती दी और एक ऐसे भारत की नींव रखी जहां न्याय, समानता और गरिमा प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार हो। बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, ज्ञान और संकल्प का अद्वितीय उदाहरण है। एक ऐसा जीवन, जिसने विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा व आत्मसम्मान की मशाल को कभी बुझने नहीं दिया। उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि एक बड़े अर्थशास्त्री, श्रेष्ठ विधिवेत्ता, महान समाज सुधारक और दूरदर्शी राष्ट्र निर्माता थे। उन्होंने यह स्पष्ट रूप से समझा था कि यदि भारत को एक सशक्त राष्ट्र बनाना है, तो केवल राजनीतिक स्वतंत्रता पर्याप्त नहीं होगी; इसके साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक न्याय भी सुनिश्चित करना होगा। यही कारण है कि उन्होंने संविधान में ऐसे प्रावधानों को शामिल किया, जो समाज के अंतिम व्यक्ति को भी समान अवसर और अधिकार प्रदान करते हैं।

उनकी दूरदर्शिता का एक और महत्वपूर्ण पहलू था– मजबूत संस्थाओं का निर्माण। उनका मानना था कि किसी भी राष्ट्र प्रगति उसकी संस्थागत संरचना पर निर्भर करती है। वित्त आयोग, भारतीय रिजर्व बैंक, रोजगार कार्यालयों और श्रम नीतियों की जो बुनियाद उन्होंने रखी, वह आज भी भारत की आर्थिक व्यवस्था को मजबूती दे रही है। उनकी सोच केवल वर्तमान तक सीमित नहीं थी, बल्कि उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक मजबूत आधार तैयार किया। बाबा साहेब का सबसे बड़ा सपना था एक ऐसा भारत जहां कोई भी व्यक्ति जाति, वर्ग, लिंग या जन्म के आधार पर भेदभाव का शिकार न हो। उन्होंने सामाजिक न्याय को केवल एक नारा नहीं, बल्कि शासन और समाज का मूल सिद्धांत बनाने का प्रयास किया। उनका मानना था कि राजनीतिक स्वतंत्रता तभी सार्थक है, जब सामाजिक और आर्थिक समानता भी सुनिश्चित हो। बाबा साहेब का सबसे बड़ा योगदान यह था कि उन्होंने समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम माना और दलितों तथा वंचितों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। आज जब हम वर्तमान भारत की ओर देखते हैं, तो पाते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है, जिसकी परिकल्पना बाबा साहेब ने की थी। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' केवल एक नारा नहीं, बल्कि शासन की कार्यप्रणाली का आधार बन चुका है।




मोदी सरकार ने आर्थिक समावेशन के क्षेत्र में जो ऐतिहासिक कार्य किए हैं, वे बाबा साहेब के आर्थिक चिंतन का जीवंत उदाहरण हैं। जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों के बैंक खाते खोले गए, आधार और मोबाइल के साथ जोड़कर उन्हें सीधे लाभ पहुंचाया गया। डिजिटल भुगतान प्रणाली, यूपीआई और भीम ऐप ने आम नागरिक को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है और शोषण और भ्रष्टाचार से बचाया है। यह सब उस सोच का विस्तार है, जिसमें बाबा साहेब आर्थिक सशक्तिकरण को सामाजिक मुक्ति का आधार मानते थे। आज का भारत बाबा साहेब के सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक सत्ता में रही कांग्रेस ने उन्हें वह सम्मान नहीं दिया, जिसके वे हकदार थे। उन्हें चुनावों में हराने के प्रयास हुए, संसद में उनकी उपेक्षा की गई और उनके विचारों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया। कांग्रेस ने बाबासाहेब के जीवित और मरने के बाद राजनैतिक और सामाजिक जीवन समाप्त करने के लिए एक बार नहीं, बहुत बार प्रयास किए। बाबा साहेब को उनके जीवनकाल में भारत रत्न से भी वंचित रखा गया और उनकी स्मृति से जुड़े स्थलों की उपेक्षा की गई। यह एक ऐसा ऐतिहासिक तथ्य है, जिसे नकारा नहीं जा सकता। वर्षों तक उनके योगदान को सीमित रखने का प्रयास किया गया, जिससे नई पीढ़ी उनके वास्तविक महत्व से परिचित नहीं हो सकी।

इसके विपरीत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने बाबा साहेब को सच्चे अर्थों में राष्ट्रीय सम्मान दिलाया है। पंचतीर्थ का निर्माण, लंदन स्थित उनके निवास को अंतरराष्ट्रीय स्मारक में परिवर्तित करना, संविधान दिवस की शुरुआत, संयुक्त राष्ट्र में उनकी जयंती का आयोजन, ये सभी पहलें इस बात का प्रमाण हैं कि सरकार उनके विचारों को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सामाजिक न्याय को सशक्त बनाने के लिए भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देना, एससी/एसटी अत्याचार निवारण कानून को सख्त बनाना तथा आरक्षण को आगे बढ़ाना, ये सभी निर्णय बाबा साहेब के उस सपने को साकार करते हैं, जिसमें हर वर्ग को समान अवसर मिले।

महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। बाबा साहेब महिलाओं के अधिकारों के प्रबल समर्थक थे और उन्होंने समान नागरिक संहिता जैसे विषयों पर अपने विचार स्पष्ट रूप से रखे थे। आज महिलाओं को राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अधिकार प्रदान करने की दिशा में जो कदम उठाए जा रहे हैं, वे उनके विचारों का ही विस्तार हैं। आज भारत 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। यह केवल एक आर्थिक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन का भी प्रतीक है। यह वह भारत है, जहां हर व्यक्ति को समान अवसर मिलेगा, जहां विकास समावेशी होगा और जहां राष्ट्र आत्मनिर्भरता के मार्ग पर आगे बढ़ेगा। मिशन 2047 अंतर्गत भारत सरकार ने विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है, जिसमें डॉ. अंबेडकर का आर्थिक चिंतन और उनके विचारों में समानता अर्थात समान अवसरों की उपलब्धता, शिक्षा और आत्मनिर्भरता तीन एसे स्तंभ है जिन पर विकसित भारत खड़ा हो सकता है यानी सशक्त समाज और समृद्ध भारत। बाबासाहेब जी का दृष्टिकोण स्पष्ट था कि यदि सामाजिक समानता और आर्थिक न्याय साथ-साथ चले तभी भारत वास्तव में विकसित राष्ट्र बन सकता है। उनका सपना आज भी हमारे मिशन 2047 के लिए प्रेरणा स्रोत है। बाबा साहेब का सपना केवल सरकारों के प्रयासों से नहीं, बल्कि हर नागरिक की भागीदारी से ही साकार होगा। हमें उनके विचारों को अपने जीवन में उतारना होगा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। बाबा साहेब को यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

■ **लाल सिंह आर्य**

**(लेखक अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं)**



इतिहास केवल बीते समय का दस्तावेज नहीं, बल्कि वर्तमान को दिशा देने वाला जीवंत आईना है। जब समाज अपनी कमजोरियों को नजरअंदाज करता है, तब वही कमजोरियां उसकी पराधीनता का कारण बनती हैं। आज फिर एक ऐसा ही विचार सामने आया है, जो हमें आत्ममंथन, एकता और संगठन की अनिवार्यता का बोध कराता है।

# एकता का अभाव और इतिहास से सीखने का अवसर

समय-समय पर इतिहास हमें आईना दिखाता है। कभी चेतावनी बनकर, तो कभी मार्गदर्शन बनकर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत का हालिया वक्तव्य इसी आईने की तरह सामने आया है, जिसमें उन्होंने हिंदू समाज की एकता के अभाव को हमारी ऐतिहासिक पराधीनता का मूल कारण बताया है। भागवत का यह कथन मात्र एक विचार नहीं, बल्कि आत्ममंथन का आह्वान है। संघ प्रमुख ने अपने वक्तव्य में संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के विचारों का स्मरण कराया। हेडगेवार का मानना था कि भारत की गुलामी का कारण केवल बाहरी आक्रांताओं की शक्ति नहीं, बल्कि भारतीय समाज की आंतरिक विखंडन प्रवृत्ति थी। निःसंदेह, जब समाज संगठित नहीं होता, तो बाहरी शक्तियां उसे आसानी से परास्त कर देती हैं। यही ऐतिहासिक सत्य बार-बार हमारे सामने विभिन्न रूपों में प्रकट हुआ है।

**संघ** प्रमुख द्वारा तेलंगाना के निजामाबाद जिले के कुंडाकुर्थी गांव में एक धार्मिक आयोजन के दौरान दिए गए इस वक्तव्य का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है, क्योंकि यह स्थान स्वयं हेडगेवार की जन्मभूमि से जुड़ा है। श्री केशव स्फूर्ति मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर मोहन भागवत ने जिस भाव से हेडगेवार के चिंतन को पुनर्जीवित किया, वह केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान के लिए दिशा-सूचक है। हेडगेवार ने यह स्पष्ट किया था कि समाज की कमजोरी केवल बाहरी आक्रमणों से नहीं, बल्कि भीतर की असंगति, विभाजन और आत्म-विस्मृति से जन्म लेती है। इसी विचार के साथ उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। एक ऐसा संगठन, जिसका उद्देश्य किसी के विरुद्ध खड़ा होना नहीं, बल्कि समाज को भीतर से मजबूत बनाना था। संघ का मूल दर्शन 'संगठन में शक्ति' के सिद्धांत पर आधारित है, जहां व्यक्ति नहीं, बल्कि सामूहिकता सर्वोपरि होती है।

**संघ** प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदुत्व की जो व्याख्या प्रस्तुत की, वह भी उल्लेखनीय है। उनके अनुसार, हिंदुत्व का अर्थ केवल धार्मिक पहचान नहीं, बल्कि सहअस्तित्व, परस्पर सम्मान और समन्वय की भावना है। यह विचार उस सांस्कृतिक मूलधारा को जाहिर करता है, जिसमें विविधता के बीच एकता का सूत्र निहित है। संघ की शाखाओं में विकसित होने वाले संस्कार इसी दिशा में समाज को जागरूक करने का प्रयास करते हैं। फिर भी, यह एक विडंबना ही है कि बार-बार चेतावनियों और प्रयासों के बावजूद हिंदू समाज आज भी विभाजित दिखाई देता है। जाति, क्षेत्र, भाषा और व्यक्तिगत स्वार्थों के कारण उत्पन्न दरारें उस सामूहिक शक्ति को कमजोर करती हैं, जो किसी भी समाज की वास्तविक पहचान होती है। ऐसे में भागवत का यह वक्तव्य केवल एक संगठन का संदेश नहीं, पूरे समाज के लिए आत्मविश्लेषण का अवसर है।

**आज** आवश्यकता इस बात की है कि हम इतिहास से सबक लें और वर्तमान को सुधारने का प्रयास करें। यदि समाज अपनी आंतरिक कमजोरियों को पहचानकर उन्हें दूर करने का संकल्प ले, तो कोई भी बाहरी शक्ति उसे पराजित नहीं कर सकती। एकता केवल नारा नहीं, बल्कि अस्तित्व की अनिवार्यता है। प्रश्न यही है कि क्या हम इस चेतावनी को समझकर संगठित होने का मार्ग चुनेंगे, या फिर विखंडन की पुरानी प्रवृत्तियों में उलझे रहेंगे? उत्तर हमारे सामूहिक भविष्य को निर्धारित करेगा।

■ **जसवंत सिंह राजपूत**



# अगर धरती से मच्छर गायब हो जाएं तो क्या होगा?

## एक छोटा-सा कीट, बड़ा सवाल

आम मच्छर का नाम आते ही हमारे मन में खुजली, मलेरिया, और डेंगू की तस्वीर उभर आती है। आम धारणा है कि अगर धरती से मच्छर खत्म हो जाएं, तो इंसान की आधी समस्याएं हल हो जाएंगी। लेकिन प्रकृति इतनी सरल नहीं होती। सवाल यह नहीं है कि मच्छर हमें नुकसान पहुंचाते हैं या नहीं, बल्कि यह है कि क्या मच्छर प्रकृति के संतुलन के लिए जरूरी हैं? और यदि इन्हें पूरी तरह मिटा दिया जाए, तो इसके दूरगामी परिणाम क्या होंगे?

### मच्छर केवल खून चूसने वाले दुश्मन नहीं?



सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि मच्छर सिर्फ खून चूसने वाले दुश्मन नहीं हैं। दुनिया में मच्छरों की लगभग 3,500 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से बहुत कम ही इंसानों को काटती हैं। दिलचस्प तथ्य यह है कि सिर्फ मादा मच्छर ही खून चूसती है, वह भी अपने अंडों के विकास के लिए। नर मच्छर और कई मादा मच्छर भी फूलों का रस पीते हैं और इस तरह परागण में योगदान देते हैं।

### मच्छर का लार्वा खाद्य श्रृंखला की नींव

अब सवाल उठता है कि क्या मच्छर किसी के काम आते हैं? जवाब है हां। मच्छर कई जीवों के लिए भोजन का अहम स्रोत हैं। मछलियां, मेंढक, छिपकलियां, मकड़ियां, चमगादड़ और कई प्रकार के पक्षी मच्छरों पर निर्भर रहते हैं। खासकर आर्द्रभूमि और दलदली क्षेत्रों में मच्छर-लार्वा जलीय खाद्य श्रृंखला की नींव माने जाते हैं। यदि मच्छर अचानक गायब हो जाएं, तो इन जीवों की संख्या पर सीधा असर पड़ेगा, जिससे पूरी खाद्य श्रृंखला असंतुलित हो सकती है।

### वैज्ञानिकों का मत



कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि मच्छर अप्रत्यक्ष रूप से हमारी रक्षा करते हैं। मच्छर कमजोर, बीमार या धीमे जीवों को अधिक निशाना बनाते हैं, जिससे प्राकृतिक चयन की प्रक्रिया चलती रहती है। इसके अलावा, मच्छरों के कारण फैलने वाली बीमारियों ने मानव सभ्यता को स्वच्छता, चिकित्सा और वैज्ञानिक अनुसंधान की दिशा में आगे बढ़ने के लिए मजबूर किया है। डेंगू, मलेरिया और जीका जैसी बीमारियों के कारण ही वैक्सीन, कीटनाशक और पब्लिक हेल्थ सिस्टम का विकास हुआ।

### स्वास्थ्य तंत्र पर बोझ

लेकिन इसका दूसरा पक्ष भी उतना ही कड़वा है। मच्छर हर साल लाखों लोगों की मौत का कारण बनते हैं। गरीब बस्तियां, गंदा पानी और जलवायु परिवर्तन मच्छरों को और ताकतवर बना रहे हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या मच्छरों को खत्म कर देना ही समाधान है? यदि वैज्ञानिक तरीके से पूरी धरती से मच्छर समाप्त कर दिए जाएं, तो शुरुआती दौर में इंसानों को राहत जरूर मिलेगी। बीमारियां घटेंगी, स्वास्थ्य खर्च कम होगा और जीवन थोड़ा आसान लगेगा। लेकिन लंबी अवधि में इसके परिणाम संभवतः खतरनाक हो सकते हैं। कई पारिस्थितिक तंत्र, विशेषकर आर्कटिक और ऊष्णकटिबंधीय क्षेत्र, जहां मच्छर जैव-भार का बड़ा हिस्सा हैं, वहां जीवों का संतुलन बिगड़ सकता है। प्रकृति में 'खाली जगह' नाम की कोई चीज नहीं होती, मच्छरों की जगह कोई और कीट ले सकता है, जो शायद उससे भी अधिक खतरनाक हो। समस्या मच्छर नहीं, बल्कि हमारा असंतुलित विकास, गंदगी और जलवायु परिवर्तन है। प्रकृति से युद्ध करने के बजाय, उसके साथ संतुलन बनाकर चलना ही सबसे समझदारी भरा रास्ता है।

# स्विट्ज़रलैंड के कब्रिस्तान

## यहां भय नहीं, सुकून मिलता है



कब्रिस्तान... शब्द सुनते ही दिमाग में डर उभर आता है। लेकिन दुनिया में ऐसी जगह भी है, जहां कब्रिस्तान भय नहीं, शांति और सौंदर्य का एहसास कराते हैं। ये इतने खूबसूरत हैं कि लोग यहां घूमने, बैठने और तस्वीरें खींचने आते हैं। कई पर्यटक तो रात में भी यहां रुककर इस अनोखे अनुभव को महसूस करते हैं।

### मौत और सुंदरता का अनोखा मेल

हम बात कर रहे हैं, स्विट्ज़रलैंड के कब्रिस्तानों की। इनमें ज्यूरिख का फ्राइडहॉफ सिसलहोफ हो या लॉजेन के प्रसिद्ध कब्रिस्तान, ये सभी मौत को अलग नजरिए से देखने की सीख देते हैं। इन्हें उदासी की जगह जीवन की स्वाभाविक यात्रा का हिस्सा समझा जाता है। यही वजह है कि इन्हें इस तरह सजाया गया है कि यहां आते ही मन शांत हो जाता है।

### फूलों से सजी हर याद

इन कब्रिस्तानों की सबसे बड़ी खासियत हैं रंग-बिरंगे फूल। लगभग हर कब्र पर गुलाब, ट्यूलिप, लैवेंडर और मौसमी फूल खिले रहते हैं। परिवार अपने प्रियजनों की कब्रों को छोटे बगीचों की तरह सजाते हैं, नियमित देखभाल करते हैं और उन्हें उपेक्षा का नहीं, सम्मान का स्थान देते हैं। यह परंपरा स्विस समाज में पीढ़ियों से चली आ रही है।

### फोटोग्राफी और रात का आकर्षण

इन कब्रिस्तानों की सुंदरता अब पर्यटन का हिस्सा बन चुकी है। दिन में पर्यटक फोटोग्राफी के लिए आते हैं तो रात में रोशनी के बीच फूलों और कब्रों का नजारा और भी रहस्यमय लगता है। कुछ पर्यटक मजाक में कहते हैं कि 'यहां के भूत भी इतने शांत हैं कि उनसे डर नहीं लगता।' असल में यहां डर नहीं, बल्कि एक अजीब-सा सुकून मिलता है।

### संस्कृति और जलवायु का असर

स्विट्ज़रलैंड की ठंडी जलवायु और हरी-भरी प्रकृति फूलों को सालभर ताजा बनाए रखती है। यही कारण है कि कब्रों पर हमेशा हरियाली बनी रहती है। कई कब्रिस्तानों में छोटे मेमोरियल गार्डन भी हैं, जहां परिवार बैठकर अपने प्रियजनों को याद करते हैं।

### मौत का डर नहीं, जीवन की सीख

स्विस कब्रिस्तान यह एहसास कराते हैं कि मौत अंत नहीं, बल्कि जीवन का शांत पड़ाव है। ये जगहें डर पैदा नहीं करतीं, बल्कि यह याद दिलाती हैं कि अगर विदाई इतनी सुंदर हो सकती है, तो जीवन को भी पूरी संवेदना और सम्मान के साथ जीना चाहिए।



# कैपिबारा: वह छोटा जीव जिसने शिकारी को ही डरा दिया

## मगरमच्छ भी बनाए रखता है इससे दूरी

मगरमच्छ, नाम सुनते ही दिमाग में एक ऐसा शिकारी उभरता है, जिसके जबड़ों में फंसना मतलब मौत तय, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि यही खौफनाक जानवर किसी जीव को देखकर खुद हमला करने से बचता हो? हैरानी की बात यह है कि वह जीव न तो जहरीला है, न ही कोई ताकतवर शिकारी, फिर भी मगरमच्छ उसे छूने से डरता है। प्रकृति के इस अजीब नियम का नाम है कैपिबारा।

मगरमच्छ को दुनिया के सबसे क्रूर और धैर्यवान शिकारी में गिना जाता है। वह घंटों पानी में छिपकर सही मौके का इंतजार करता है और फिर एक झटके में शिकार को जकड़ लेता है, पर अमेजन और दक्षिण अमेरिका की नदियों में एक दृश्य अक्सर देखने को मिलता है मगरमच्छ के ठीक बगल में एक बड़ा-सा चूहा तैर रहा है और शिकारी चुपचाप उसे नजरअंदाज कर रहा है।



### शांत स्वभाव, विशाल आकार

यह जीव है कैपिबारा, दुनिया का सबसे बड़ा रोडेंट। देखने में यह विशाल चूहे जैसा लगता है, लेकिन व्यवहार में बेहद शांत और सामाजिक होता है। कैपिबारा ब्राजील, वेनेजुएला, कोलंबिया और अमेजन बेसिन की नदियों व झीलों के किनारे झुंड में रहता है। इसका वजन 35 से 66 किलो तक और लंबाई करीब एक मीटर होती है।

### तैराकी का धुरंधर

अब सवाल यह कि मगरमच्छ इसे शिकार क्यों नहीं बनाता? इसका जवाब ताकत में नहीं, रणनीति और जोखिम में छिपा है। कैपिबारा अकेला नहीं रहता। यह 10 से 20 के समूह में रहता है और खतरे की आहट मिलते ही तेज अलार्म कॉल देता है। कुछ ही सेकंड में पूरा झुंड पानी में कूदकर गायब हो जाता है। पानी में इसकी तैराकी इतनी तेज होती है कि मगरमच्छ के लिए भी इसे पकड़ना आसान नहीं।

### आसान नहीं शिकार

साउथ अमेरिका के मूल निवासी और गिनी पिग जैसे दिखने वाले इस कृंतक जीव कैपिबारा का मांस अपेक्षाकृत कठोर होता है। एक अध्ययन के अनुसार मगरमच्छ हमेशा ऐसा शिकार चुनते हैं, जिसमें कम मेहनत और कम जोखिम हो। कैपिबारा पर हमला करने में ऊर्जा ज्यादा लगती है और चोट का खतरा भी रहता है। ऐसे में मगरमच्छ मछलियों, छोटे जानवरों या मृत मांस को प्राथमिकता देता है।

### ठिठोली पर भी मौन मगरमच्छ

कैपिबारा और मगरमच्छ के रिश्ते को लोग बेस्ट फ्रेंड्स तक कहने लगे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल कई वीडियो में कैपिबारा मगरमच्छ के साथ तैरते, किनारे बैठते और कभी-कभी उसकी पीठ पर आराम करते दिखते हैं। एक वीडियो में तो कैपिबारा का बच्चा मगरमच्छ के सिर पर खेलता नजर आया।

# कोहली ने बाबर-गेल का रिकॉर्ड तोड़ा

## ● रोहित ने मुंबई के लिए 6 हजार रन पूरे किए, पाटीदार की आरसीबी के लिए सेकेंड फास्टेस्ट फिफ्टी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2026 के 20वें मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराया। वानखेड़े स्टेडियम में रविवार को विराट कोहली टी-20 में सबसे ज्यादा शतकीय साझेदारियां करने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने बाबर आजम और क्रिस गेल को पीछे छोड़ा। मैच में रोहित शर्मा ने भी खास उपलब्धि हासिल की। उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 6000 रन पूरे किए। रजत पाटीदार ने 17 गेंदों में फिफ्टी लगाकर आरसीबी के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक बनाया और गेल की बराबरी की।



**बेंगलुरु ने लगातार चौथी बार 200+ स्कोर बनाया-** आरसीबी ने आईपीएल 2026 में लगातार चौथी बार 200+ स्कोर बनाया। लगातार सबसे ज्यादा 200+ स्कोर का रिकॉर्ड सनराइजर्स हैदराबाद (5 बार, 2025-26) के नाम है। पंजाब किंग्स (2023) और बेंगलुरु (2024) ने 4-4 बार यह किया था।

**पाटीदार ने क्रिस गेल की बराबरी की-** रजत पाटीदार ने 17 गेंदों में फिफ्टी लगाकर आरसीबी के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक बनाया। उन्होंने क्रिस गेल की बराबरी की, जिन्होंने 2013 में 17 गेंदों में फिफ्टी लगाई थी। इस लिस्ट में टॉप पर रोमारियो शेफर्ड हैं, जिन्होंने 2025 में 14 गेंदों में यह किया था।

कोहली ने मुंबई के खिलाफ 7वां 50+ स्कोर बनाया
विराट कोहली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सातवां 50+ स्कोर बनाकर सुरेश रैना और डेविड वॉर्नर की बराबरी की। इस लिस्ट में टॉप पर केएल राहुल हैं, जिनके नाम 9 स्कोर हैं। कोहली ने वानखेड़े में अपने टी-20 करियर का 9वां 50+ स्कोर 23 मैचों में पूरा किया।

कोहली ने 47वीं बार शतकीय साझेदारी की
विराट कोहली टी-20 में सबसे ज्यादा शतकीय साझेदारियां करने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने पहले विकेट के लिए फिल सॉल्ट के साथ 120 रन जोड़े। यह कोहली की 47वीं साझेदारी थी। उन्होंने बाबर आजम और क्रिस गेल (46-46) को पीछे छोड़ा।

रोहित ने मुंबई के लिए 6 हजार रन पूरे किए
रोहित शर्मा ने मुंबई इंडियंस के लिए 6000 रन पूरे किए। इस लिस्ट में टॉप पर विराट कोहली हैं, जिन्होंने आरसीबी के लिए 8800+ रन बनाए हैं। तीसरे नंबर पर महेंद्र सिंह धोनी और चौथे पर सुरेश रैना हैं, जिन्होंने चेन्नई के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं।

आशा भोसले को श्रद्धांजलि दी गई

**पिट्टू प्रतियोगिता में छाईं पौड़ी की लड़कियां, रुद्रप्रयाग के लड़के**

# रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ समापन

**देहरादून (एजेंसी)।** राजधानी के जीआरडी गर्ल्स डिग्री कॉलेज (प्रेमनगर) में चल रही 'प्रथम राज्य स्तरीय जूनियर बालक-बालिका पिट्टू प्रतियोगिता' का रविवार को समापन हुआ। देहरादून

## ● फाइनल मुकाबले में पौड़ी की बालिकाओं ने रुद्रप्रयाग को हराया

पिट्टू एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में पौड़ी की लड़कियों और रुद्रप्रयाग के लड़कों ने अपना दबदबा कायम करते हुए चैंपियन का ताज पहना। वहीं, बालिका वर्ग में उत्तरकाशी और बालक वर्ग में मेजबान देहरादून ने तीसरा स्थान हासिल किया। रविवार को खेले गए




सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया और दर्शकों को कई रोमांचक मैच देखने को मिले।

● **बालक वर्ग में भी टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली-** पहले सेमीफाइनल में रुद्रप्रयाग ने उत्तरकाशी को 80-67 से हराया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में पौड़ी ने देहरादून को 127-48 से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। मेजबान देहरादून ने तीसरे मुकाबले में उत्तरकाशी को 58-42 से हराकर तीसरा स्थान सुनिश्चित किया। जबकि खिताबी मुकाबले में रुद्रप्रयाग के खिलाड़ियों ने रणनीति के तहत खेलते हुए पौड़ी को 75-67 से मात दी और चैंपियन बन गए।

### बालिका वर्ग के फाइनल में पौड़ी ने रुद्रप्रयाग को 99-63 से हराया

बालिका वर्ग में पौड़ी का एकतरफा दबदबा रहा और खिताबी सफर में टीम ने बेहतरीन खेल दिखाया। दिन के पहले सेमीफाइनल में रुद्रप्रयाग ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में उत्तरकाशी को 49-44 से हराया। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में पौड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देहरादून को 133-39 के बड़े अंतर से एकतरफा शिकस्त दी।

तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में उत्तरकाशी ने देहरादून को 56-40 से हराकर बाजी मारी। जबकि खिताबी मुकाबले में पौड़ी की बालिकाओं का दबदबा कायम रहा और उन्होंने रुद्रप्रयाग को 99-63 से हराकर राज्य स्तरीय ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया।

### विजेताओं को किया गया सम्मानित

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के प्रतिनिधि राय सिंह नेगी, उत्तराखंड पिट्टू एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद पांडे और सचिव अश्वनी भट्ट ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित कर उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर जीआरडी कॉलेज के निदेशक सिद्धांत चमोली, प्राचार्या प्रियंका सिंह, सुशील चमोली, देहरादून पिट्टू एसोसिएशन के सचिव विनोद पंवार, शशांक उनियाल, ओम प्रकाश, जितेंद्र लिंगवाल, मुकेश और संध्या थापा समेत कई खेल प्रेमी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आयुष शेट्टी ने एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिल्वर जीता

**फाइनल में चीनी खिलाड़ी से हारे, 60 साल बाद कोई भारतीय खिताबी मुकाबला खेल रहा था**



**झेजियांग (एजेंसी)।** भारतीय शटलर आयुष शेट्टी को बैडमिंटन एशियन चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। फाइनल मुकाबले में उन्हें चीन के शी यू की के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

60 सालों के बाद किसी भारतीय ने चैंपियनशिप के मेंस सिंगल्स कैटेगरी के फाइनल में जगह बनाई थी। आयुष से पहले दिनेश खन्ना ने 1965 में मेंस सिंगल्स में गोल्ड जीता था।

रविवार को चीन के झेजियांग में खेले गए फाइनल में आयुष का मुकाबला दुनिया के नंबर-2 खिलाड़ी शी यू की से था। 20 साल के आयुष यह मैच 8-21, 10-21 से सीधे गेम में हार गए।

**सिल्वर मेडल जीतने वाले पहले भारतीय-** इस हार के बावजूद आयुष ने अपने करियर में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वो बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतने वाले पहले भारतीय मेंस शटलर बन गए हैं। इससे पहले 1965 में दिनेश खन्ना ने इस टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीता था। खन्ना के बाद फाइनल तक का सफर तय करने वाले आयुष पहले भारतीय खिलाड़ी हैं।

### टूर्नामेंट में भारत का 19वां मेडल

बैडमिंटन एशियन चैंपियनशिप 1962 से खेली जा रही है। टूर्नामेंट में यह भारत का कुल 19वां मेडल है। भारत ने अब तक 2 गोल्ड, 1 सिल्वर (आयुष) और 16 ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। 1965 में दिनेश खन्ना ने सिंगल्स में और 2023 में सात्विक-चिराग की जोड़ी ने मेंस डबल्स में गोल्ड जीता था।

### सेमीफीइनल में डिफेंडिंग चैंपियन को हराया

इस पूरे टूर्नामेंट में आयुष का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने वर्ल्ड नंबर 1, वर्ल्ड नंबर 4 और वर्ल्ड नंबर 7 जैसे टॉप रैंक वाले खिलाड़ियों को हराया था। शनिवार को हुए सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-25 आयुष ने डिफेंडिंग चैंपियन और नंबर-1 प्लेयर कुन्लावत वितिदसर्न को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी।

# रूमर्ड गर्लफ्रेंड समरीन कौर के साथ दिखे अर्शदीप सिंह

**वायरल हुआ यह क्यूट वीडियो**





**मुंबई (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स के स्टार खिलाड़ी अर्शदीप सिंह इन दिनों अपनी गेंदबाजी की वजह से नहीं, बल्कि निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। अर्शदीप ने हाल ही में अपनी गर्लफ्रेंड के हाथों में हाथ डालकर फोटो शेयर की थी। उसके बाद से चर्चाओं का बाजार गर्म है कि आखिर अर्शदीप की गर्लफ्रेंड है कौन! इसके बाद सोशल मीडिया पर फैंस ने दावा किया कि पंजाबी अभिनेत्री और मॉडल समरीन कौर ही अर्शदीप की गर्लफ्रेंड हैं। अब अर्शदीप आईपीएल 2026 के दौरान अपनी रूमर्ड गर्लफ्रेंड समरीन के साथ स्पॉट भी हुए हैं। दोनों एक साथ नजर आए और क्यूट पल बिताते दिखे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

**अर्शदीप ने साझा की थी तस्वीर-** अर्शदीप का हाल ही में स्नैपचैट वीडियो वायरल हुआ था।

### टीम ट्रैवल के दौरान का वीडियो

वीडियो आईपीएल के दौरान का ही, क्योंकि अर्शदीप के पीछे पंजाब की टीम बस खड़ी दिख रही है। अर्शदीप भी सामान के साथ हैं, यानी वीडियो टीम ट्रैवल के दौरान की है। अर्शदीप के साथ समरीन खड़ी हैं और अर्शदीप कुछ क्यूट से जेस्चर बनाते हैं और समरीन उस पर हंसने लगती हैं। इसके बाद समरीन से मिलने कोई महिला आती है और समरीन उनसे गले मिलती दिखती हैं।

# 200 मीटर रेस में बोल्ट से भी तेज निकले गाउट

**ऑस्ट्रेलिया के 18 वर्षीय गाउट ने रेस 19.67 सेकंड में पूरी कर बोल्ट का इस उम्र का रिकॉर्ड तोड़ा**



**सिडनी (एजेंसी)।** एथलेटिक्स की दुनिया में कल एक ऐसा चमत्कार हुआ, जिसने भविष्य की सुनहरी झलक पेश कर दी। सिडनी ओलिंपिक पार्क एथलेटिक सेंटर में 18 वर्षीय स्प्रिंट सनसनी गाउट गाउट ने 200 मीटर के फाइनल में 19.67 सेकंड का अविश्वसनीय समय निकालकर इतिहास रच दिया। यह समय न केवल महान उसैन बोल्ट के रिकॉर्ड से तेज है, बल्कि इसने ऑस्ट्रेलियाई एथलेटिक्स के एक नए युग का सूत्रपात भी कर दिया है।

खेल इतिहास में तुलनाएं अक्सर की जाती हैं, लेकिन गाउट ने आंकड़ों से अपनी श्रेष्ठता साबित की। साल 2004 में उसैन बोल्ट ने 18 साल की उम्र में 19.93 सेकंड का समय निकाला था। ऑस्ट्रेलियन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में गाउट ने उनसे कहीं आगे निकलते हुए 19.67 सेकंड में फिनिश लाइन पार की और गोल्ड मेडल जीता। यह इस साल दुनिया का सबसे तेज समय है। गाउट के लिए यह जीत एक भावनात्मक पल भी थी। पिछले साल उन्होंने 19.84 सेकंड का समय निकाला था, लेकिन वह 'अवैध टेलविंड' के कारण आधिकारिक नहीं हो सका था। इस बार 1.7 मीटर प्रति सेकंड की वैध हवा की गति के साथ उन्होंने रफ्तार पर मुहर लगा दी। रेस की शुरुआत सामान्य थी। उम्मीद थी कि गाउट जल्द ही बढ़त बना लेंगे, लेकिन एडन मर्फी ने गाउट को कदम-कदम पर कड़ी टक्कर दी। मर्फी की इस चुनौती ने गाउट के भीतर के 'एथलेटिक दानव' को जगा दिया। अंतिम मीटरों में गाउट ने अपनी सिग्नेचर टॉप-स्पीड पकड़ी और जब स्कोरबोर्ड पर समय चमका, तो पूरा स्टेडियम स्तब्ध रह गया। इस प्रदर्शन में एडन मर्फी की भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता। मर्फी ने 19.88 सेकंड का समय निकाला और दूसरे स्थान पर रहे। यह पहली बार है, जब एक ही रेस में दो ऑस्ट्रेलियाई धावकों ने 20 सेकंड से कम में रेस पूरी की है। मर्फी ने पीटर नॉर्मन के 1968 के उस रिकॉर्ड को तोड़ने की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल की, जो दशकों से अभेद्य लग रहा था।

# हार्दिक के आउट होने पर क्रुणाल ने आक्रामक तरीके से मनाया जश्न, अटकलों का बाजार गर्म



**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 के मुकाबले में मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच सिर्फ मैच ही नहीं, बल्कि दो भाइयों की कहानी भी सुर्खियों में रही। हार्दिक पांड्या और क्रुणाल पांड्या के बीच रिश्तों में खटास की अटकलें तेज हो गई हैं। सबसे ज्यादा चर्चा उस पल की हुई जब हार्दिक पांड्या के आउट होने पर क्रुणाल ने काफी आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया। यह दृश्य फैंस के लिए चौंकाने वाला था, क्योंकि दोनों भाई पहले मैदान पर अक्सर एक-दूसरे के साथ मजाक और गर्मजोशी दिखाते थे।

**हार्दिक के आउट पर क्रुणाल का जश्न क्यों चर्चा में-** मैच के दौरान हार्दिक पांड्या 22 गेंदों में 40 रन बनाकर खेल रहे थे। वह बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में जैकब डफी की गेंद पर आउट हो गए, जहां कैच रोमारियो शेफर्ड ने लपका। जैसे ही विकेट गिरा, क्रुणाल पांड्या तेजी से दौड़ते हुए आए और काफी जोश के साथ जश्न मनाया। उन्होंने अजीब तरीके से सिर को भी घुमाया। यह जश्न इतना आक्रामक था कि सोशल मीडिया पर तुरंत चर्चा शुरू हो गई कि क्या दोनों भाइयों के बीच सब ठीक नहीं है।

**मैच के दौरान नहीं दिखी कोई बातचीत-** फैंस ने यह भी नोटिस किया कि पूरे मैच के दौरान हार्दिक और क्रुणाल के बीच कोई बातचीत या सामान्य गर्मजोशी नजर नहीं आई। यहां तक कि मैच के बाद भी दोनों ने हाथ मिलाते हुए या हंसते-मुस्कुराते हुए नजर नहीं आए। जब क्रुणाल गेंदबाजी कर रहे थे, तब भी दोनों ने एक-दूसरे को ठीक से नहीं देखा।


**सोशल मीडिया से शुरू हुई दरार की चर्चा-** दरअसल, सोशल मीडिया पर फैंस दावा कर रहे हैं कि पांड्या ब्रदर्स के बीच दूरी की अटकलें पहले से ही चल रही थीं। फैंस के मुताबिक, टी20 विश्वकप 2026 में हार्दिक के शानदार प्रदर्शन के बावजूद क्रुणाल ने उन्हें सोशल मीडिया पर बधाई नहीं दी। हार्दिक ने इस टूर्नामेंट में 217 रन बनाए और नौ विकेट लिए।

# ईरान युद्ध के बीच मार्च में रूसी कच्चे तेल का आयात तीन गुना बढ़ा, 5.3 अरब यूरो के पार नंबर

**एजेंसी समाचार**

**नईदिल्ली।** अमेरिका की ओर से ईरान के खिलाफ युद्ध छेड़ने के बाद वैश्विक ऊर्जा बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है। इस संकट के बीच, भारत ने मार्च 2026 में रूस से कच्चे तेल की रिकॉर्ड खरीदारी की है। अमेरिका से मिली एक महीने की विशेष छूट का फायदा उठाते हुए, भारतीय रिफाइनरियों ने फिर से रूसी तेल आयात शुरू कर दिया है, जिससे भारत एक बार फिर वैश्विक बाजार में रूसी जीवाश्म ईंधन का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बन गया है।

यूरोप स्थित थिंक टैंक 'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर' (सीआरईए) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, मार्च में भारत का रूसी कच्चे तेल का आयात मूल्य तीन गुना से अधिक बढ़कर 5.3 अरब यूरो हो गया। मात्रा के लिहाज से भी इस आयात में दोगुना उछाल देखा गया है। कुल मिलाकर, भारत ने इस महीने 5.8 अरब यूरो के रूसी जीवाश्म ईंधन का आयात किया, जिसमें 91 प्रतिशत हिस्सेदारी केवल कच्चे तेल की रही, जबकि शेष हिस्से में 337 मिलियन यूरो का कोयला और 178.5 मिलियन यूरो के पेट्रोलियम उत्पाद शामिल थे। दिलचस्प बात यह है कि मार्च में भारत के कुल कच्चे तेल आयात में 4 प्रतिशत की कमी आई, इसके बावजूद रूसी कच्चे तेल के आयात में दोगुनी वृद्धि दर्ज की गई। इसके मुकाबले फरवरी में भारत 1.8 अरब यूरो के रूसी आयात के साथ तीसरे स्थान पर था।




इस जबरदस्त उछाल का मुख्य कारण संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा रूसी तेल पर दी गई एक महीने की प्रतिबंधों से छूट थी। वाशिंगटन द्वारा ईरान के खिलाफ युद्ध छेड़ने के बाद आसमान छूती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए समुद्र में पहले से मौजूद और पूर्व-मंजूर जहाजों पर यह छूट दी गई थी। इस छूट के कारण सरकारी स्वामित्व वाली रिफाइनरियों, जिन्होंने पहले रूसी तेल की खरीदारी रोक दी थी, ने फिर से आयात शुरू कर दिया।

# आईएमएफ की रिपोर्ट: वैश्विक झटकों के बीच भारत की मजबूत आर्थिक उड़ान, 2025 में 7.6% विकास दर का अनुमान

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार अपनी मजबूती का प्रदर्शन कर रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे-ओलिवियर गौरींचस ने बताया है कि वैश्विक ऊर्जा संकट और अस्थिरता के बावजूद भारत की विकास दर स्थिर बनी हुई है। यह रिपोर्ट उन चिंताओं को काफी हद तक कम करती है जिनमें कहा जा रहा था कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का भारत जैसी तेल पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं पर भारी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

भारत, जापान, यूएई, नीदरलैंड और चिली के पत्रकारों के साथ एक साक्षात्कार के दौरान गौरींचस ने भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन की सराहना की। आईएमएफ के अनुसार, वित्त वर्ष के आधार पर 2025 में भारत का आर्थिक विकास 'बहुत ही शानदार' रहा है, जिसे 7.6 प्रतिशत आंका गया है। यह सकारात्मक गति यहीं रुकने वाली नहीं है, बल्कि अगले साल भी इसके जारी रहने की पूरी उम्मीद है।

मुख्य अर्थशास्त्री ने जानकारी दी है कि आईएमएफ ने 2026 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 6.5 प्रतिशत रखा है, जो उनके पिछले अनुमानों की तुलना में थोड़ा अधिक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मध्य पूर्व युद्ध का अर्थव्यवस्था पर कुछ नकारात्मक प्रभाव जरूर पड़ रहा है, लेकिन 2025 से मिली मजबूत आर्थिक गति इस नुकसान की आसानी से भरपाई कर रही है।

एक तरफ जहां विकास दर के आंकड़े उत्साहजनक हैं, वहीं दूसरी तरफ भारत के सामने मुद्रास्फीति (महंगाई) एक बड़ी चुनौती बनकर उभर रही है। आईएमएफ का अनुमान है कि 2026 में भारत की महंगाई दर बढ़कर 4.7 प्रतिशत तक पहुंच सकती है।

# हर्षोल्लास से मनाया गया अंबेडकर का 135वां जन्मदिन, हुए विभिन्न कार्यक्रम



जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह डा. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण करते डीएम



गजरौला में राजकुमार राजू सहित सपाईयों ने भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन को हर्षोल्लास से मनाया



पूरनपुर में अंबेडकर जयंती को बहुत ही धूमधाम से मनाया गया



कलीनगर में माल्यार्पण करते सपाई

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** जनपद में मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर का 135वां जन्मदिवस पूरे उत्साह, उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। जिलेभर में आयोजित कार्यक्रमों में लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रसून द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रोशनी यादव सहित अन्य अधिकारियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। अधिकारियों ने कहा कि संविधान निर्माण में बाबा साहब का योगदान अतुलनीय है और उनके आदर्शों पर चलकर ही समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है। शहर के ईदगाह मैदान के सामने काशीराम कॉलोनी दलित बस्ती में समाजवादी पार्टी नेता पंडित सुधीर तिवारी एडवोकेट के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। यहां मिठाई वितरण के साथ विचार गोष्ठी आयोजित कर बाबा साहब के संघर्ष और योगदान को याद किया गया। गजरौला। समाजवादी पार्टी कार्यकताओं ने जयंती हर्षोल्लास से मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय सिंह यादव ने की, जबकि राजकुमार ह्रराजूह्व समेत अन्य वक्ताओं ने सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के क्षेत्र में बाबा साहब के योगदान पर प्रकाश डाला। पूरनपुर, पीलीभीत। जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बाबूराम पासवान ने ग्राम महादेव माती, गैरतपुर जप्ती, चत्तीपुर सहित नगर के पब्लिक इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने बाबा साहब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। साथ ही भव्य शोभायात्राओं को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पब्लिक इंटर कॉलेज में दीप प्रज्वलन एवं बुद्ध वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया और जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। जनपद भर में आयोजित कार्यक्रमों में वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन, संघर्ष, सामाजिक न्याय और समानता के सिद्धांतों को अपनाने का आह्वान किया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे। कलीनगर। मंगलवार को कलीनगर में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जंयती धूम धाम के साथ मनाई। अंबेडकर के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए माल्यार्पण किया गया। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जी के जीवन प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ.अंबेडकर के जीवन संघर्ष, सामाजिक न्याय के लिए उनके योगदान और संविधान निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, पूर्व विधायक व सचिव अरशद खां,नगर अध्यक्ष याकूब अंसारी,मनोज यादव,रामबहादुर यादव, डॉक्टर मनोज कुमार यादव, अशोक कुमार देवल,गुड्डू,रियाज अहमद, कामता प्रसाद पासवान, शमशाद, राजा इंद्रजीत त्यागी, लालता प्रसाद,पप्पू सलमानी,फैयाज,जावेद अंसारी, मजीद अंसारी, डॉ राम सिंह, संजय यादव विधानसभा अध्यक्ष सहित बडी संख्या में पदाधिकारी व सपा के कार्यकता मौजूद रहे। तहसील सभागार में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जंयती धूम धाम के साथ मनाई गई। एसडीएम प्रमेश कुमार , तहसीलदार वीरेंद्र कुमार,लेखपाल सुखलाल भास्कर ने अंबेडकर जी के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए माल्यार्पण किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी प्रमेश कुमार ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जी के जीवन प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ.अंबेडकर के जीवन संघर्ष, सामाजिक न्याय के लिए उनके योगदान और संविधान निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे। इसके अलावा कलीनगर क्षेत्र में कई जगह कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। अंबेडकर जयंती तहसील क्षेत्र माधोटांडा, सेहरामऊ, घुंघचाई, कसगंजा, मटैहना, कालौनी, सिमरिया,उदरहा सहित पूरे क्षेत्र में भव्य कार्यक्रमों के साथ धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जगह-जगह माल्यार्पण किया गया और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। सुबह से ही क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। विभिन्न सामाजिक संगठनों और युवाओं द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। शोभायात्रा में शामिल लोग बाबा साहेब के विचारों से जुड़े बैनर और झंडे लेकर चल रहे थे। कार्यक्रम के दौरान आयोजित सभा में वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष, सामाजिक न्याय के लिए उनके योगदान और संविधान निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों से शिक्षा, समानता और भाईचारे के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान बडी संख्या में लोग मौजूद रहे। पूरे क्षेत्र में शांति और सौहार्द के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

*भाई की तहरीर पर पुलिस ने चालक पर दर्ज किया केस*

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** कार की टक्कर से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। उत्तराखंड के जिला देहरादून थाना विकास निगर के अम्बारी निवासी प्रदीप सिंह ने बताया कि उसका भाई संदीप कुमार पांच अप्रैल को ट्रक से लोड लेकर सितारगंज के लिए जा रहा था। कोतवाली के सोनू ढाबा पर खाना खाने के लिए ट्रक को रोकर रात्रि करीव दस बजे रोड की दूसरी ओर ट्रक को खडी कर खाना खाने चला गया। वापस आने पर संदीप रोड क्रास करने के दौरान पीलीभीत की ओर से तेज गति से आ रहे ईको मारुति कार वाहन अज्ञात ने संदीप को टक्कर मार दी।जिससे वह उछलकर रोड पर जा गिरा। ईको ने पैर कुचल दिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसको सीएचसी लाया गया। जंहा हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।जानकारी पर परिवार के लोग अपने घर को ले गए। देहरादून के एक अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन दस अप्रैल को इलाज के दौरान संदीप की मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने वताया मामले की तहरीर पर वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

## मजदूरी कर वापस घर लौट रहे युवक को पीटा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** मजदूरी कर वापस घर लौट रहे युवक को शराब पिलाकर साथी ने ट्रेन में लात घूंसों से उसकी पिटाई लगाई। जिससे वह वेहोश हो गया। आरोप है कि नकदी और मोवाइल भी निकाल लिया। तहसील क्षेत्र के गांव कैशोपुर निवासी उमा देवी ने वताया कि उसका पुत्र प्रदीप गांव निवासी एक युवक के साथ काम करने के लिए बाहर गया हुआ था। पांच अप्रैल को प्रदीप गांव के ही अपने साथी के साथ वापस घर ट्रैन से लौट रहा था। आरोप है कि उसके पुत्र को गांव के युवक ने पहले तो उसको शराब पिलाई। उसके बाद ट्रैन में ही उसके साथ गाली गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर युवक ने प्रदीप को ट्रैन के डिब्बे में पटक दिया। इसके बाद लात घूसों से उसको इतना मारा पीटा कि वह ट्रैन पर वेहोश हो गया। आरोप है कि उसके पास रखे पांच हजार की नकदी और उसका मोवाइल भी निकाल लिया। होश आने पर युवक जैसे तैसे अपने घर को पहुंचा। पूरी जानकारी परिवार को वताई। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है।




## संविधान ने दिया समानता का अधिकार : रेनू राज

### बाबा साहब के बताए रास्तों पर चलने का लिया संकल्प



बिलसंडा के गांव नगरिया तिलागिरि में निकली गई अंबेडकर शोभायात्रा में शामिल लोग

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलसंडा, पीलीभीत।** संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उनके अनुयायियों ने उन्हें याद करते हुए माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। जयंती पर क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक गांवों में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य रेनू राज ने बाबा साहब के बताए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि आज बदलते परिवेश में भी बाबा साहब द्वारा लिखा गया संविधान प्रत्येक व्यक्ति के लिए समानता की जमीन उत्पन्न करता है। भारत के संविधान में 76 वर्ष बीत जाने के बाद भी लोगों की अटूट आस्था है, क्योंकि इस संविधान से सभी को न केवल बराबरी का दर्जा मिलने के साथ ही न्याय भी दिलाता है।भारतीय जनता पार्टी अनु ,मोर्चा के जिला मंत्री रजत सागर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा बाबा साहब ने कहा था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो। उनके इन विचारों से समाज के लोग आज भी लाभान्वित हो रहे हैं। प्रदीप पाल , अशोक कुमार, तमाम गांव के सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे। उधर नगर की तुलसा गैस एजेंसी एवं कस्बा बमरोली के डॉ अंबेडकर संस्कृत शिक्षण संस्थान में भी बाबा साहब की जयंती मनाई गई। यहां पर विद्यालय के प्रबंधक प्रमोद कुमार गौतम ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताए रास्तों पर चलने का संकल्प दोहराया। उधर नगर के रूप देवी पब्लिक इंटर कॉलेज में भी बाबा साहब को याद कर उन्हें नमन किया और उनके बताए रास्ते पर चलने को कहा। इस मौके पर रमेश कुशवाहा, राम रतन कुशवाहा, अतर सिंह कुशवाहा, सोनिया दीक्षित ,सोनी , रूबी एवं आकाशदीप समेत लोग मौजूद रहे। उधर गांव नगरिया तिलागिरि में अंबेडकर जयंती धूमधाम से बनाई गई इस मौके पर उनके अनुयायियों ने शोभायात्रा भी निकाली।जिसमें अनुज कुमार गौतम, अरुण कुमार, माखनलाल,रामलाल ,धर्मेंद्र ,राम चरन, राजेश कुमार, दीपक, हरि शंकर लाल एवं राजपाल समेत लोग प्रमुख रूप से शामिल हुए।

## बदहाली पर आंसू बहा रही - दिलावरपुर-कसगंजा सड़क

### सड़क की नहीं कराई जा रही मरम्मत, राहगीर परेशान



जर्जर पड़ी दिलावरपुर-कसगंजा सडक

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** दिलावरपुर सम्पर्क से कसगंजा जाने वाली सडक टूटी हुई पडी है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। यह सडक कई गांवो के लिए मुख्य है। उसके वावजूद निर्माण अधूरा पडा है। तहसील क्षेत्र के दिलावरपुर से कसगंजा जानी वाली सम्पर्क सडक अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। यह सडक कई साल अधूरी पडी हुई है। कई गांवों को जोड़ने वाली इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों लोग सफर करते हैं। दिनभर वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। फिर भी किसी को इसकी सुध लेने की फुर्सत नहीं है। सड़क में जगह-जगह बने गड्ढे व उबड़-खाबड़ सड़क इसकी जर्जरता बयां करती है। सड़क जर्जर होने के कारण दोपहिया व छोटे वाहन चालकों को तो भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके चलते इस मार्ग में हादसे भी होते रहते हैं। इधर बरसात के दिनों में तो सड़क की हालत और भी नारकीय हो जाती है। पूरी सडक टूट चुकी है। सडक की बजरी पत्थर पूरी तरह से उखड चुके है। जिससे सडक पर गढ्ढे ही गढ्ढे नजर आते है। वाहन भी इस मार्ग से जाने को कतराते हैं। अभिभावक अपने बच्चे को इस सड़क से होकर स्कूल भेजने में भी डरते हैं। पता नहीं कब हादसा हो जाए। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र के लोगों ने इस सड़क के पुनर्निर्माण की माग जोर-शोर से नहीं की लेकिन उनकी आवाज सुनने वाला शायद कोई नहीं है। लोगों ने अधूरी पडी सडक का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

**इन गांवो के लोगों का होता है आवागमन**

इस सडक से दिलावरपुर, नरायनपुर, झुरकुरिया, ज्ञानपुर मोहलिया, कसगंजा, भगवंतपुर, कालावोझ ,लोहन्ना सोहन्ना, सिमरा, चकपुर,भैंसासुर, फत्तेपुर सहित कई गांवों के लोग इस रोड से आते जाते है। लेकिन अभी तक इस अधूरी पडी सडक की मरम्मत नही हो सकी है। जिससे लोग परेशान है।

## कटना नदी पुनरुद्धार कार्य का शुभारंभ, जल संरक्षण को मिलेगी मजबूती



कटना नदी के पुनरुद्धार कार्य में भाग लेते जनप्रतिनिधि व अफसर

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**गजरौला, पीलीभीत।** विकास खंड मरौरी के ग्राम कंजा हरैया व अजीतपुर पटपरा में मंगलवार को कटना नदी के पुनरुद्धार कार्य का विधिवत पूजन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा ने कहा कि नदी पुनर्जीवन से जल स्तर में वृद्धि के साथ किसानों व वन्यजीवों को लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि प्राकृतिक धरोहर को सहेजने के लिए सभी को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि विस्थापित बंगाली परिवारों को शीघ्र ही भूमिधरी अधिकार प्रदान किए जाएंगे, जिसके लिए सरकार द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जल्द ही तहसील स्तर से पट्टा वितरण होगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम श्रद्धा सिंह, नायब तहसीलदार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कल्यानपुर में गोवंश को आश्रय दिलाने से पीछे क्यों हट रहे हैं जिम्मेदार

### ग्राम पंचायत की 24 एकड़ जमीन पर दबंग का कब्जा, चारागाह की जमीन पर गौशाला बनवाने की मांग हुई तेज, एसडीएम कर भी चुके गौशाला के लिए जमीन का निरीक्षण



गांव की गलियों में छुट्टा घूमते हुए गोवंश

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलसंडा, पीलीभीत।** तो क्या अब ..... ग्राम पंचायत कल्यानपुर तालुके करेली में ग्राम समाज की जमीन पर काबिज लोगों को बचाने की खातिर गांव में गौशाला नहीं बनवाई जाएगी, क्योंकि जिन लोगों ने सरकारी जमीन पर अरसे से कब्जा जमाया हुआ है। अब वही गौशाला के निर्माण में बाधक बन रहे हैं, तभी तो जिम्मेदार अब इस ग्राम पंचायत में गौशाला बनवाने की दिशा में तेजी लाने की बजाय, मामले को ठंडे बस्ते में डालने की कवायद कर रहे हैं। बता दें कि कल्यानपुर तालुके करेली में करीब 24 एकड़ सरकारी जमीन है,जिस पर दबंगों का कब्जा है। गौशाला बनवाने के लिए गत वर्ष चारागाह की जिस तीन एकड़ जमीन का एसडीएम नागेंद्र पांडेय द्वारा निरीक्षण किया गया। उस पर काबिज दबंग गौशाला न बने, इसके प्रयास में जुट गए हैं, तभी तो एक वर्ष गुजर जाने के बाद भी गौशाला बनवाने की दिशा में जिम्मेदारों द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया। जबकि सच्चाई यह है कि गांव में कई दर्जन गोवंश छुट्टा घूम रहे हैं, जिन्हें आश्रय की जरूरत है, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा मौन साध लेने की वजह से गौशाला स्वीकृत नहीं हो पा रही है। अब तो ग्राम पंचायत बोर्ड के कार्यकाल के सिर्फ कुछ दिन ही शेष बचे हैं। बताते हैं कि छुट्टा गोवंश को आश्रय देने के उद्देश्य से गांव तिलछी ,कल्यानपुर तालुके करेली और बमरौली में नवीन गौशालाएं बनवाने को एसडीएम नागेंद्र पांडेय द्वारा जमीन का निरीक्षण पिछले वर्ष किए जाने के बाद भी अभी तक निर्माण कार्य को हरी झंडी नहीं मिली है। जबकि मौजूदा वक्त में खेतों में गेहूं, सरसों की फसल भी कट चुकी है, खेत खाली हो चुके हैं ।आलम यह है कि जिन गांवों में गौशालाएं बनी हुई है, वहां पर भी भारी तादाद में छुट्टा पशुओं का झुंड घूमता दिखाई दे रहा है। यह अलग बात है कि किसानों को जहां फसलों की रखवाली करनी पड़ रही है, वहीं छुट्टा पशुओं के सड़कों पर विचरण करने से आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रही है।उधर गत वर्ष एसडीएम नागेंद्र पांडेय ने कस्बा बमरोली, कल्यानपुर तालुके करेली और तिलछी में नवीन गौशालाएं बनवाने के लिए जमीन का निरीक्षण किया था, लेकिन अभी तक बमरौली को छोड़कर अन्य ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव ही नहीं दिए गए। अब कल्यानपुर के ग्रामीणों ने गांव में गौशाला बनवाने की मांग उठाई है, जिसमें उन्होंने छुट्टा घूम रहे गोवंश से फसलों को हो रहे नुकसान का जहां जिक्र किया है, वहीं गोवंश को आसानी से आश्रय भी मिल जाएगा। बताते हैं कि ग्राम पंचायत कल्याणपुर में गौशाला बनवा जाने की जरूरत से खंड विकास अधिकारी अमित कुमार शुक्ला द्वारा यह कहकर इंकार कर दिया गया, कि वहां पर जरूरत ही नहीं है, उन्होंने गौशाला बनवाए जाने की जरूरत से इन्कार करते हुए एसडीएम को पत्र भी लिख दिया। जबकि वास्तविकता इसके विपरीत है। सैकड़ो की तादात में छुट्टा गोवंश हर वक्त घूमते देखे जा सकते हैं। उधर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मामले की शिकायत करते हुए ग्राम पंचायत की जमीन पर अवैध रूप से काबिज लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# बिलसंडा में धूमधाम से निकाली गई नगर कीर्तन शोभायात्रा

### गतका पार्टी के जत्थेदारों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब, मकसूदपुर से शुरू हुई शोभायात्रा का हुआ भव्य स्वागत

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलसंडा, पीलीभीत।** बैसाखी का पर्व मंगलवार को नगर एवं क्षेत्र में सिख समुदाय के लोगों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। शाहजहांपुर क्षेत्र से विशाल नगर कीर्तन कस्बे में पहुंचा। जिसका जोरदार ढंग से स्वागत किया गया। नगर कीर्तन शोभा यात्रा में गुरु ग्रन्थ साहिब की पालकी के आगे पंच प्यारे चल रहे थे। संगत ने गुरु जी की पालकी को मत्था टेका। इस दौरान गतका पार्टी द्वारा हैरतअंगेज करतब भी दिखाए गए। बता दें कि आज के दिन सिख पंथ द्वारा वैशाखी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। हर साल की तरह इस साल भी पड़ोसी जिले शाहजहांपुर के गांव मकसूदापुर से एक विशाल नगर कीर्तन शोभा यात्रा निकाला गया, जो शाम को नगर में पहुंचा। फूलों से सजी हुई गुरुग्रन्थ साहिब की पालकी के आगे पंच प्यारे चल रहे थे। कस्बे की संगत द्वारा पालकी साहिब को मत्था टेककर भव्य स्वागत किया गया। पालकी के पीछे कार, मोटरसाइकिल व ट्रैक्टरों में संवार हजारों की संगत सतनाम वाहेगुरू का जाप करती हुई चल रही थी। इस दैरान पंजाब से आये गतका पार्टी के जत्थेदार की टीम ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। जिसे देख लोग आश्चर्यचकित रह गए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। जत्थेदार बाबा रघुवीर सिंह द्वारा पंच प्यारों को सरोपा भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान हेड ग्रन्थी भाई गुरनाम सिंह, परमजीत सिंह, बलजिंदर सिंह खालसा व संजीव कुमार, मनजीत सिंह, अमनदीप सिंह, मनदीप सिंह ,बघेल सिंह, कुलविंदर सिंह ,लखविंदर सिंह, हरजीत सिंह, गुरविंदर सिंह, बलकार सिंह , गुरुदेव सिंह, हरनेक सिंह, गुलाब सिंह,, चरन सिंह, हरप्रीत सिंह, रघुवीर सिंह, बलविंदर सिंह, सुहेल सिंह, गुरनाम सिंह,गुरप्रीत सिंह गोपी, सतनाम सिंह, दिलबाग सिंह गुलजार सिंह, समेत इलाके की भारी संख्या में सिख संगत मौजूद रही।



बिलसंडा में निकाली गई नगर कीर्तन शोभायात्रा में करतब दिखाता हुआ गतका पार्टी का जत्थेदार

# न्यूरिया में 18 अप्रैल को ऐतिहासिक कार्यक्रम

### मुख्यमंत्री देंगे विस्थापितों को भौमिक अधिकार पत्र

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** 18 अप्रैल को न्यूरिया में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी हजारों विस्थापित परिवारों को भौमिक अधिकार पत्र वितरित करेंगे। शिवमुक्ति धाम मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है और तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद किया जा रहा है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक लगातार निरीक्षण कर रहे हैं, वहीं अस्थाई हेलीपैड सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं तेजी से पूरी की जा रही हैं। दशकों से जमीन के अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे विस्थापित परिवारों को अब मालिकाना हक मिलने जा रहा है, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ भी मिल सकेगा। इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर स्थानीय निवासियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।



# संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**ओरछी, बदायूं।** बीते दिन मंगलवार को स्थानीय त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य करतार सिंह , उपप्रधानाचार्य मनोज कुमार गंगवार व प्रधान लिपिक सुमति पाठक सहित शिक्षक शिक्षिकाओं व छात्र - छात्राओं ने डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया , इस अवसर पर स्थानीय विकास खंड कार्यालय पर ए डी ओ लोकमन सिंह, भूपेंद्र सिंह ,विकास दीप शर्मा , वेदप्रकाश शर्मा ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की । कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख ओम कृष्ण ने की। इसी श्रृंखला में स्थानीय पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान शिवजीत , मीडिया प्रभारी योगेश कुमार शर्मा , इंद्रेश कुमार गुप्ता , देवेंद्र कुमार पाठक ,प्रतुल राठौर , चेतराम व ठाकुर दास व गांव के सम्मानित लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु पुलिस चौकी प्रभारी रामकुमार सिंह , कांस्टेबल नदीम मलिक , प्रशांत कुमार व शांतनु तोमर मुस्तैद रहे। साथ ही स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, क्षेत्रीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बाबा साहब की जयंती धूम धाम से मनाई गई।



बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जन्म दिवस मनाते शिक्षक

# गैस किल्लत से लोग परेशान, लाइन में लगने को मजबूर

**जागरण मोर्चा, कार्यालय**

**पूरनपुर।** क्षेत्र में इन दिनों रसोई गैस की लगातार किल्लत से आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। गैस एजेंसियों पर सिलेंडर लेने के लिए लोगों की लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी कई उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इस समस्या से खासतौर पर गृहिणियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से गैस की आपूर्ति बाधित चल रही है। कई उपभोक्ताओं ने समय से बुकिंग कराने के बावजूद सिलेंडर न मिलने की शिकायत की है। वहीं, एजेंसी संचालकों का कहना है कि ऊपर से पर्याप्त आपूर्ति नहीं मिलने के कारण यह स्थिति बनी हुई है। गैस की कमी के चलते लोगों को वैकल्पिक ईंधन का सहारा लेना पड़ रहा है। कुछ लोग लकड़ी और कोयले से खाना बनाने को मजबूर हैं, जिससे न केवल असुविधा बढ़ रही है बल्कि प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं। त्योहारों और शादियों के मौसम के बीच गैस की कमी ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। कई परिवारों में रसोई का काम प्रभावित हो रहा है और दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस आपूर्ति को जल्द से जल्द सुचारू कराया जाए और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की जाए।



गैस सिलेंडर के लिए खड़े उपभोक्ता

### मजदूरी मांगना पड़ा भारी: 8 हजार रुपये के लिए मजदूर पर हमला, सिर फोड़ा, दी जान से मारने की धमकी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** थाना दियोरिया कला क्षेत्र में मजदूरी के पैसे मांगने पर एक मजदूर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्राम टेहरी निवासी रामस्वरूप पुत्र थम्मनलाल ने बताया कि उसने गोदावरी स्टेट पीलीभीत में दया सिंह पुत्र सुवेक सिंह के यहां मजदूरी का काम किया था, जहां उसे प्रतिमाह 8 हजार रुपये मिलते थे। आरोप है कि एक माह की मजदूरी के 8 हजार रुपये अभी तक बकाया हैं, जिन्हें वह कई बार मांग चुका है, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। पीड़ित के अनुसार 13 अप्रैल 2026 को वह सड़क किनारे गेहूं काट रहा था। इसी दौरान पानी पीने के लिए पास के पेट्रोल पंप पर गया, जहां उसने दया सिंह को देखा और अपने पैसे मांगे। इस पर आरोपित गाली-गलौज करने लगा और विरोध करने पर मारपीट कर दी। हमले में रामस्वरूप के सिर में गंभीर चोट आई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे बचाया। जाते समय आरोपित ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने थाना दियोरिया कला में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज शरह बरौलिया में मनाई गई बाबा साहब अंबेडकर की 135वीं जयंती

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**ओरछी, बदायूं।** सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में डॉ.भीमराव अंबेडकर जज की 135वीं जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम में शिक्षकों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कालेज के शिक्षक नितिन मिश्रा ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान,उपलब्धियों और भारतीय संविधान के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का विस्तार से उल्लेख किया। कालेज के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को दलितों का मसीहा बताते हुए उनके सामाजिक न्याय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे महापुरुष बहुत कम होते हैं जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं। उन्होंने छुआछूत के खिलाफ बाबा साहब के संघर्ष और सभी नागरिकों को समान अधिकार दिलाने के उनके प्रयासों की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर नीरज चौहान,विपलव भारती, रामौतार मौर्य,डॉ प्रमोद शर्मा,अश्वनी शर्मा,विपुल प्रताप सिंह,यशपाल सिंह आदि लोग उपस्थित रहें।

# ग्राम पंचायत कोरेरा में मुख्य रास्ते पर जलभराव व कीचड़ से राहगीर व वाहन चालक परेशान

### ग्रामीणों ने सड़क पर जलभराव को लेकर जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**ओरछी,बदायूं।** क्षेत्र के गांव कोरेरा में मुख्य रास्ते पर गंदा पानी व कीचड़ भरे दल दल से परेशान ग्रामीणों ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की है। गांव में प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ग्रामीण व वाहन चालक मुख्य रास्ते में जलभराव व कीचड़ में होकर निकलने को विवश हो रहे हैं जिसके चलते गांव के सचिन मौर्य , अमर सिंह , विनोद मौर्य, नरेश मौर्य, प्रेम सिंह मौर्य, जगतपाल मौर्य ने बीते रविवार को जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायती पत्र भेजकर जनहित से संबंधित गांव के मुख्य रास्ते को सुचारु करवाने की मांग की है।



सड़क के जल भराव में खड़े होकर प्रदर्शन करते हैं ग्रामीण

# दहेज केस के बाद भी नहीं थमी प्रताड़ना

### महिला का गला दबाकर हत्या की कोशिश, पति समेत 8 पर आरोप

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**भुता, बरेली।** थाना भुता क्षेत्र के ग्राम लाड़पुर मुड़िया में एक महिला के साथ मारपीट और गला दबाकर हत्या की कोशिश का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने पति समेत आठ लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम निवासी सपना देवी पत्नी मुकेश गिरि ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति और ससुराल पक्ष के लोग आए दिन उसके साथ मारपीट करते थे। इसी प्रताड़ना से परेशान होकर उसने पूर्व में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा भी दर्ज कराया था। बाद में समझौते के बाद पति उसे वापस घर ले आया। आरोप है कि 12 अप्रैल 2026 की शाम करीब 6 बजे उसके पति मुकेश गिरि, राजेश गिरि, वीरपाल गिरि, ममता देवी तथा पड़ोसी रिंकू गिरि, पिंकू गिरि और वेद प्रकाश गिरि ने एकराय होकर उस पर हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। पीड़िता के अनुसार शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे बचाया। जाते समय आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। महिला का आरोप है कि उसका पति लगातार शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है और परिवार के अन्य सदस्य उसका साथ देते हैं। पीड़िता ने थाना भुता में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### नारी सशक्तिकरण को लेकर जन अधिकार पार्टी की जन-जागरण यात्रा 20 अप्रैल को, लभौआ में जुटेंगे कार्यकर्ता

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बीसलपुर, पीलीभीत।** जन अधिकार पार्टी द्वारा नारी सशक्तिकरण और सामाजिक मुद्दों को लेकर 20 अप्रैल 2026, सोमवार को जन-जागरण यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम ग्राम लभौआ में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम के आयोजक एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एडवोकेट मनोज सिंह कुशवाहा (जिलाध्यक्ष, जन अधिकार पार्टी पीलीभीत) ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना, समाज के शोषित और वंचित वर्गों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि पार्टी के प्रमुख उद्देश्यों में जातीय जनगणना कराकर सभी वर्गों को उनकी संख्या के अनुसार हिस्सेदारी दिलाना, सभी के लिए समान शिक्षा प्रणाली लागू करना और बेरोजगार युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराना शामिल है। इसके साथ ही महिलाओं को हर विभाग में 50 प्रतिशत भागीदारी, गरीबों व मजदूरों के लिए मुफ्त चिकित्सा सेवाएं, किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त पानी और गरीब परिवारों को 350 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने जैसे मुद्दे भी प्रमुख रूप से उठाए जाएंगे। पार्टी द्वारा डीजल, पेट्रोल, खाद-बीज व दवाओं के दाम आधे करने, गरीबों का कर्ज माफ करने और आवारा पशुओं की समस्या के समाधान जैसे बिंदुओं पर भी जोर दिया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# धूमधाम से मनाई गई डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती



**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**तिलहर (शाहजहांपुर)।** क्षेत्र में मंगलवार को भीमराव अंबेडकर की जयंती नगर और ग्रामीण इलाकों में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर लोगों ने उनकी प्रतिमाओं और चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राजनीतिक, सामाजिक संगठनों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने भी कार्यक्रमों में भाग लिया। तहसील सभागार में एसडीएम सदानंद सरोज, तहसीलदार दीपेंद्र कुमार व स्टाफ ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। वहीं बिरियागंज स्थित अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर सांसद अरुण कुमार सागर सहित भाजपा, भीम आर्मी, बहुजन समाज पार्टी और सपा के कार्यकताओं ने पुष्प अर्पित किए। इस दौरान सांसद ने कहा कि बाबा साहब ने समाज को समानता और अधिकार देने का ऐतिहासिक कार्य किया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में सीओ ज्योति यादव, कोतवाल जुगुल किशोर पाल समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा विकासखंड के मिजार्पुर गांव में ब्लॉक प्रमुख कविता यादव और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। क्षेत्र के खिरियाउदैत, हरनोखा, परसैली, दूल्हा ढकिया और गुलाम खेड़ा सहित कई गांवों में भी अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए गए और लोगों ने श्रद्धा के साथ उन्हें याद किया।



**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया और उनके जीवन एवं विचारों को याद किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने देश को सामाजिक समानता का मार्ग दिखाया और विज्ञान व तकनीक के जरिए विकास का सपना देखा था। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर एक महान विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनीतिज्ञ थे, जिन्होंने संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया और दलितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। एमएलसी अमित यादव ने कहा कि बाबासाहब ने समाज में व्याप्त भेदभाव के खिलाफ अभियान चलाया और श्रमिकों, किसानों व महिलाओं के अधिकारों की मजबूती से वकालत की। इस कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी कुंवर जयेश प्रसाद, रणजय सिंह यादव, रामसूरत यादव, विजय सिंह, सैयद रिजवान अहमद, अतिउल्ला सिद्दीकी, चैधरी रामकुमार भोजवाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया की जिला शाखा के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस पर श्रद्धा के साथ पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न स्थानों पर बाबा साहब डॉ. अंबेडकर एवं गौतम बुद्ध की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पुवायां रोड स्थित बुद्ध विहार में बुद्ध वंदना के साथ हुई, जिसके बाद पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद सभी लोग शांतिपूर्वक जुलूस के रूप में पुराने आवास विकास कॉलोनी स्थित डॉ. अंबेडकर उद्यान, घंटाघर स्थित डॉ. अंबेडकर पार्क, बेरी चैकी स्थित गौतम बुद्ध पार्क, लोधीपुर और हथौड़ा बुजुर्ग के विभिन्न स्थलों पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम का समापन हथौड़ा स्थित यशोधरा बुद्ध विहार में किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष रामसेवक गौतम, संस्कार प्रमुख तोताराम धम्माचार्य, प्रदेश महामंत्री सत्यपाल वर्मा, जिला अध्यक्ष महेश चंद्र गौतम, महामंत्री विनोद कुमार छावला, कोषाध्यक्ष योगेश कुमार, उपाध्यक्ष ग्यारीलाल, मीडिया प्रभारी राजीव कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और धम्म बंधु मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे खेत में मिला हिरण का शव जांच में जुटा वनविभाग

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बंडा-शाहजहांपुर।** क्षेत्र में बंडा पूरनपुर मार्ग स्थित एक खेत में एक हिरण मृत अवस्था में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। खेत के पास रहने वाले स्थानीय लोगों ने सबसे पहले हिरण के शव को देखा, जिसके बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना संबंधित टीम को दी। इसके बाद वन विभाग को अवगत कराया गया, जिस पर विभागीय टीम मौके पर पहुंची और हिरण के शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। जब वन रेंजर मनोज श्रीवास्तव से घटना की जानकारी लेने के लिए संपर्क किया गया, तो उन्होंने मामले से अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि इस संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है और वन दरोगा से संपर्क करने की बात कही। बंडा के वन दरोगा अमित वर्मा ने बताया कि मृत हिरण को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि हिरण की मौत किन परिस्थितियों में हुई। यदि किसी प्रकार की गड़बड़ी सामने आती है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।




# लो बढ़ गई सैलरी: श्रमिकों के उग्र प्रदर्शन के बाद यूपी सरकार का फैसला

**एजेंसी समाचार**

**ग्रेटर नोएडा।** न्यूनतम वेतन समेत अन्य मांगों को लेकर नोएडा और ग्रेटर नोएडा के श्रमिक सड़कों पर उतरकर उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं। जिस पर प्रदेश सरकार ने उच्च स्तरीय समिति का गठन किया। यूपी के औद्योगिक विकास आयुक्त व समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि सोमवार को श्रमिकों और उद्यमियों के साथ सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से वार्ता की गई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद सरकार को वेतन बढ़ाने की सिफारिश की गई।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा के श्रमिकों को उग्र प्रदर्शन के बाद प्रदेश सरकार ने न्यूनतम वेतन में अंतरित वृद्धि की है। अब न्यूनतम वेतन 13690 से लेकर 16868 रुपये तय किया गया है। उच्च स्तरीय समिति की सिफारिश पर सरकार ने मुहर लगाकर नई दरों को एक अप्रैल से लागू कर दिया है। समिति के सदस्यों ने कहा है कि यह अंतरिम राहत है। केंद्र सरकार की नई श्रम संहिता के तहत राष्ट्रीय स्तर पर न्यूनतम वेतन निर्धारित करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद और वृद्धि होगी।

न्यूनतम वेतन समेत अन्य मांगों को लेकर नोएडा और ग्रेटर नोएडा के श्रमिक सड़कों पर उतरकर उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं। जिस पर प्रदेश सरकार ने उच्च स्तरीय समिति का गठन किया। यूपी के औद्योगिक विकास आयुक्त व समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि सोमवार को श्रमिकों और उद्यमियों के साथ सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से वार्ता की गई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद सरकार को वेतन बढ़ाने की सिफारिश की गई। फिलहाल अंतरिम वृद्धि की गई है। करीब 20 से 21 प्रतिशत का इजाफा किया गया है। हालांकि श्रमिकों ने 40 प्रतिशत वृद्धि की मांग की थी, लेकिन उद्यमियों को भी ध्यान में रखा गया है। हालांकि केंद्र सरकार स्तर पर न्यूनतम वेतन तय करने की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में और वृद्धि होने की पूरी संभावना है। उन्होंने बताया कि न्यूनतम वेतन 13690 से लेकर 16868 रुपये तक किया गया है। जो एक अप्रैल से लागू होगा।



जिलाधिकारी मेधा रूपम ने बताया कि श्रमिकों की वेतन बढ़ाने की मांग को मान लिया गया है। जो भी ओवर टाइम काम कर रहे है, उनका दोगुना मेहनताना मिलेगा। साप्ताहिक अवकाश सभी को दिया जाएगा। अगर साप्ताहिक अवकाश में काम कर रहे हैं तो उसका भी दोगुना भुगतान होगा। सभी श्रमिकों को माह की 10 तारीख से पहले एकमुश्त वेतन दिया जाएगा। वेतन पर्ची भी सभी श्रमिकों को दी जाएगी। वार्षिक बोनस नवंबर माह से पहले दिया जाएगा। यौन उत्पीड़न समिति हर कंपनी में गठित की जाएगी। उस समितति की अध्यक्ष महिला ही होंगी। हर कंपनी को शिकायत की पेटी रखनी होगी। इसके अलावा भी अगर किसी श्रमिक की कोई शिकायत है तो वो कंट्रोल रूम पर सूचना दे सकता हैं। कंट्रोल रूम के नंबर 0120-2978231, 2978232, 2978862 व 2978702 हैं। जिला स्तर के साथ वो स्वयं इसकी निगरानी करेंगी। इसके अलावा श्रमिकों के रहने, स्वास्थ्य, पानी, शौचालय आदि उपलब्ध कराने में भी पूर्व सहयोग किया जाएगा। सभी श्रमिकों से अपील की है कि जिले की शांति व्यवस्था को बनाए रखें।

समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार का कहना है कि झूठी सूचना फैलाकर श्रमिकों को भड़काया गया। सोशल मीडिया पर संदेश चलाया गया कि श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 20000 रुपये कर दिया गया है। राज्य सरकार ने भी इसे लागू कर दिया है, लेकिन उद्यमी इसका पालन नहीं कर रहे हैं। जबकि ऐसा नहीं है। केंद्र सरकार के स्तर पर नई श्रम संहिताओं के तहत राष्ट्रीय स्तर पर न्यूनतम फ्लोर वेज निर्धारित करने की प्रक्रिया चल रही है।

प्रेसवार्ता में समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार ने माना कि वो समय से उग्र प्रदर्शन को भांप नहीं पाए। हरियाणा से जुड़ा होने के कारण जिले में ऐसे हालात होने की आशंका नहीं थी। स्थिति को समझाने तक काफी उपद्रव हो चुका था। अब स्थिति नियंत्रण में है। किसी भी असामाजिक तत्वों को माहौल बिगाड़ने नहीं दिया जाएग।

## नोएडा विवाद: श्रमिकों के पारिश्रमिक के स्थायी समाधान के लिए वेज बोर्ड जल्द

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** श्रमिकों के पारिश्रमिक का स्थायी समाधान वेज बोर्ड के जरिये किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गठित उच्च स्तरीय समिति ने



न्यूनतम वेतन में अंतरिम वृद्धि का ऐलान सोमवार देर रात कर दिया था। इसके तहत अकुशल, अर्धकुशल और कुशल श्रेणियों में करीब 3000 रुपये तक वेतन बढ़ाया है, जिससे गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में 21% तक वृद्धि हुई है। नई दरें इस वर्ष एक अप्रैल से लागू होंगी। सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए स्वास्थ्य, पेंशन एवं उनके बच्चों की शिक्षा से जुड़ी नई योजनाओं पर विचार कर रही है। श्रमिकों की मांगों और उद्योगों की चुनौतियों को ध्यान में रखते वेज बोर्ड के माध्यम से स्थायी समाधान की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर न्यूनतम वेतन में तात्कालिक रूप से अंतरिम वृद्धि का निर्णय लिया है, जिसमें सबसे अधिक बढ़ोतरी कुशल श्रेणी के श्रमिकों के लिए की गई है। गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में यह वृद्धि सबसे अधिक 21 प्रतिशत तक की गई है। अगले महीने गठित होने वाले वेज बोर्ड की अनुशंसाओं के आधार पर स्थायी न्यूनतम वेतन निर्धारण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

अर्धकुशल श्रमिकों का वेतन 12445 से बढ़ाकर 15059 किया गया है, जबकि कुशल श्रमिकों का वेतन 13940 से बढ़ाकर 16868 कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अन्य नगर निगम वाले जनपदों के लिए अकुशल श्रमिकों का वेतन 11313 से बढ़ाकर 13006, अर्ध कुशल श्रमिकों का वेतन 12445 से बढ़ाकर 14306 तथा कुशल श्रमिकों का वेतन 13940 से बढ़ाकर 16025 कर दिया गया है। इसी प्रकार अन्य जनपदों के लिए अकुशल श्रमिकों का वेतन 11313 से बढ़ाकर 12356, अर्ध कुशल श्रमिकों का वेतन 12445 से बढ़ाकर 13591 और कुशल श्रमिकों का वेतन 13940 से बढ़ाकर 15224 रुपये कर दिया गया है।

उन्होंने ये भी कहा कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर 20,000 मासिक न्यूनतम वेतन लागू होने संबंधी खबरें पूरी तरह भ्रामक एवं निराधार हैं। वास्तविक स्थिति यह है कि भारत सरकार द्वारा नई श्रम संहिताओं के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर ह्यफ्लोर वेजह्न निर्धारित करने की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसका उद्देश्य देशभर के श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन की एक समान आधार रेखा सुनिश्चित करना है।

समिति द्वारा विभिन्न चरणों में श्रमिकों एवं नियोक्ताओं के साथ बैठकों में श्रमिक प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन पूर्णतः शांतिपूर्ण था, जिसमें वेतन वृद्धि, साप्ताहिक अवकाश, ओवरटाइम का दोगुना भुगतान, श्रमिक हितों की सुरक्षा एवं सम्मानजनक कार्य वातावरण जैसी मांगें शामिल थीं। उन्होंने हिंसा में बाहरी तत्वों की संलिप्तता की आशंका जताई।

## बिजली विभाग का जेई हुआ निलंबित, ऊर्जा मंत्री ने गलत स्टीमेट बनाने पर की कार्रवाई; लिया गया तुरंत एक्शन

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने संभव पोर्टल पर जन सुनवाई के दौरान बाराबंकी में गलत एस्टीमेट बनाने के आरोप में सतरिख के अवर अभियंता रवि वर्मा को निलंबित कर दिया। वहीं, संविदा कर्मी मनीष कुमार वर्मा को बर्खास्त कर दिया गया है।

ऊर्जा मंत्री मंगलवार शाम मऊ के बहुउद्देशीय भवन मंगलम में संभव ऑनलाइन शिकायत निस्तारण प्रणाली के माध्यम से जनसुनवाई कर रहे थे। इस दौरान विभिन्न जिलों से जुड़े 100 से अधिक शिकायतकताओं का निस्तारण किया गया। बाराबंकी के शिकायतकर्ता ने अत्यधिक राशि का गलत एस्टीमेट देने की शिकायत की। इस पर ऊर्जा मंत्री ने संबंधित लाइनमैन को हटाने और अवर अभियंता को तत्काल निलंबित करने तथा अधिशासी अभियंता के विरुद्ध नियम 10 के तहत कार्रवाई एवं स्थानांतरण के निर्देश दिए।

आजमगढ़, बरेली, आगरा सहित अन्य जनपदों में भी दोषी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। महाराजगंज में एस्टीमेट जमा करने के बावजूद विद्युत कनेक्शन न देने पर संबंधित अधिकारी को निलंबित करने के निर्देश दिए गए है। बरेली एवं मेरठ से आई शिकायतों में उपभोक्ताओं को समयबद्ध सेवाएं देना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। ऊर्जा मंत्री ने झांसी, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर एवं मथुरा की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर निरीक्षण करने और ठोस सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। इस दौरान कार्पोरेशन अध्यक्ष आशीष गोयल, प्रबंध निदेशक पंकज कुमार सहित सभी निगमों के प्रबंध निदेशक मौजूद रहे।

## मजदूरों के बाद मेड्स का प्रदर्शन, महिलाएं बोलीं- ये लाखों कमाते हैं फिर हमारी सैलरी क्यों नहीं बढ़ाते?

**एजेंसी समाचार**

**नोएडा।** कामगारों का कहना है कि पिछले कुछ साल से उनका वेतन नहीं बढ़ा है। बढ़ती महंगाई के कारण मौजूदा 3,000 रुपये में गुजारा करना कठिन है। वे अपने काम के लिए उचित भुगतान की मांग कर रही हैं।

एक तरफ नोएडा में श्रमिक वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर घरेलू सहायिकाओं ने भी वेतन वृद्धि को लेकर विरोध शुरू कर दिया है। मंगलवार को सेक्टर-121 स्थित क्लेओ कंट्री में घरेलू सहायिकाओं ने प्रदर्शन किया। मामला इतना बढ़ गया कि सोसायटी प्रबंधन को पुलिस बुलानी पड़ी। घरेलू सहायिकाओं का आरोप है कि पुलिस ने लाठीचार्ज किया और गर्भवती महिलाओं तक को नहीं छोड़ा।

कुछ महिलाएं सुबह सात बजे आवासीय सोसायटी के बाहर इकट्ठा हुईं। एक कामगार ने कहा कि उन्होंने पिछले दिनों के विरोध के वीडियो देखे थे। इसके बाद उन्हें एहसास हुआ कि उनका वेतन भी कई साल से नहीं बढ़ा है।



उन्होंने कहा कि उन्हें न्यूनतम मजदूरी के सरकारी नियमों की जानकारी नहीं थी। ये खुद तो लाखों रुपये महीना कमाते हैं तो फिर हमारी तनख्वा क्यों नहीं बढ़ाते।

कामगारों ने कहा कि सरकार ने कारखाने के श्रमिकों के लिए प्रतिदिन 700 रुपये की सीमा तय की है। उन्होंने पूछा कि वे इस नियम के तहत क्यों नहीं आती हैं। अर्चना के अनुसार, क्लियो काउंटी में अधिकांश घरेलू कामगार गढ़ी चौकखंडी से आती हैं। जो सोसायटी के ठीक सामने है।

घरेलू सहायिका अर्चना ने बताया कि इन घरों में करीब 1,500 से 2,000 महिलाएं काम करती हैं। उन्हें एक घर से खाना बनाने और सफाई के लिए अधिकतम 3,000 रुपये मिलते हैं। जब उन्होंने नियोक्ताओं से 1,000 रुपये वेतन बढ़ाने को कहा तो नियोक्ताओं ने उन्हें सोसायटी में प्रवेश से रोकने की धमकी दी।

कामगारों का कहना है कि पिछले कुछ साल से उनका वेतन नहीं बढ़ा है। बढ़ती महंगाई के कारण मौजूदा 3,000 रुपये में गुजारा करना कठिन है। वे अपने काम के लिए उचित भुगतान की मांग कर रही हैं। उन्होंने सरकार से घरेलू कामगारों को भी न्यूनतम मजदूरी के दायरे में लाने की अपील की है।

घरेलू सहायिकाओं के बयान

1- घर में साफ-सफाई और खाना बनाने के लिए सिर्फ तीन हजार रुपये ही मिलते हैं। इतने में घर चलाना बेहद मश्किल है। -रामश्री

2- थोड़ी सी पगार में दिनभर काम कराया जाता है। जब छुट्टी मांगी जाती है तो पगार काटने की बात बोलकर इन्कार कर दिया जाता है। -अर्चना गोयल

## यूपी: प्रदेश में प्रचंड गर्मी का दौर शुरू, पांच जिलों में पारा 40 डिग्री के हुआ पार, यह जिला रहा सबसे गर्म

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** यूपी में चल रही गर्म पछुआ हवाओं के कारण तापमान में तेजी से बढ़ोतरी आई है। मंगलवार को प्रदेश के पांच जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। बुंदेलखंड सतेत प्रदेश के दक्षिणी जिलों में दोपहर में जबरदस्त गर्मी और तपिश महसूस की गई। मौसम विभाग का कहना है कि अगले चार-पांच दिनों तक फिलहाल गर्मी लगातार बढ़ती रहेगी। कई जिलों में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

मंगलवार को बांदा 42.6 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा। वहीं झांसी, प्रयागराज, वाराणसी और सुल्तानपुर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा। बांदा में रात का तापमान 27.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो सबसे अधिक रहा।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि कर्नाटक और महाराष्ट्र में बने प्रति चक्रवात के मध्य भारत की ओर खिसकने से प्रदेश भर में तापमान में एक हफ्ते में 3 से 4 डिग्री तक की बढ़ोतरी संभावित है। आने वाले दिनों में तराई व कुछ जिलों को छोड़कर ज्यादातर जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है।



## ईंट भट्ठे पर खेलते पांच बच्चों पर गिरी मिट्टी की ढांग, दो मासूमों की दबकर मौत, तीन की हालत गंभीर

**एजेंसी समाचार**

**सहारनपुर।** चिलकाना के संगमौर गांव के पास ईंट-भट्ठे पर खेलते समय मिट्टी की ढांग गिरने से पांच बच्चे नीचे दब गए। वहां काम कर रहे मजदूरों ने मिट्टी हटाकर बच्चों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक दो की मौत हो गई थी। तीन को गंभीर हालत में निजी अस्पताल ले जाया गया। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के शवों को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

हादसा मंगलवार दोपहर हुआ। संगमौर गांव के नजदीक ईंट-भट्ठा है। भट्ठे पर काम करने वाले मजदूरों के पांच बच्चे मिट्टी उठने से बनी खाई में खेल रहे थे। इसी दौरान ऊपर से मिट्टी की ढांग भरभराकर गिर गई। सभी बच्चे ढांग के नीचे दब गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई। मौके पर मौजूद मजदूरों ने जैसे-तैसे कर मिट्टी हटाई और बच्चों को कड़ी मशक्कत कर बाहर निकाला।



हादसे में जावेद (8) पुत्र नसीम और अमिया (11) पुत्री हारून की मौके पर ही मौत हो गई। तीन अन्य बच्चों को गंभीर हालत में परिजन सहारनपुर के निजी अस्पताल में ले गए। वहां उनका उपचार चल रहा है। एएसपी एवं थानाध्यक्ष सिमरन सिंह का कहना है कि परिवार के लोगों ने आपसी सहमति कर ली है। इसलिए उन्होंने कानूनी कार्रवाई करने से भी इंकार कर दिया है।

ईंट-भट्ठे पर काम करने वाले अधिकांश मजदूर शामली जिले में कांधला के रहने वाले हैं। मजदूर परिवार के लोग अपने बच्चों के साथ पिछले करीब 10 साल से भट्ठे पर मजदूरी करते हुए यहीं पर रह रहे हैं। बरसात के दिनों में घर चले जाते हैं। दोनों मृत बच्चों को गांव संगमौर के ही कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।

CMYK